वर्ष- 11 अंक-197
लखनऊ, मंगलवार 05 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



24 घंटे में मिलेगा किसानों को फसलों का मुआवजा 02

धामी सरकार के सबसे कठोर दंगारोधी कानून को मंत्रिमंडल की मुहर 12

सीएम योगी ने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास, कहा

## यूपी में आबादी से दोगुने आ रहे पर्यटक

सफलता की कहानियां व हैंड क्राफ्टेड प्रॉस्पेरिटी नामक दो पुस्तिकाओं का सीएम ने किया विमोचन

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि यूपी में आज प्रदेश की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे, बल्कि इसके माध्यम से वहां के समग्र विकास, ईको सिस्टम और इम्पलायमेंट को गति देने का कार्य भी कर रहे हैं। सरकार की नियत साफ हो और गति में तीव्रता हो तो उसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं। प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति ने जहां यूपी के परसेप्शन को बदला है।

वहीं सरकार द्वारा लिये गये फैसले का लाभ यूपी को प्राप्त हो रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम, नैमिष में नैमिष तीर्थ आज पुनर्जीवित हो गया है। विंध्यवासिनी कॉरीडोर नये रूप में है। बृजभूमि फिर से दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रयागराज का कुंभ, चित्रकूट, शुकतीर्थ, बौद्ध, सूफी, भक्ति और शक्ति के केंद्र के साथ ही हेरिटेज और ईको टूरिज्म को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का परिणाम है कि जिस यूपी में पहले कोई आना नहीं चाहता था, आज प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट यहां आ रहे हैं।

### हर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर टूरिस्ट डेस्क की स्थापना की जाए

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। सीएम योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस संबंध में जल्द से जल्द पॉलिसी लाकर आगे बढ़ने के लिए कहा। सीएम योगी ने डिजिटल टूरिस्ट मैप तैयार करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि प्रदेश के हर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर टूरिस्ट डेस्क की स्थापना की जाए। जहां से वहां आने वाले पर्यटकों को ये मालूम हो सके कि यहां महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल कौन कौन से हैं, रुकने और खाने-पीने के लिए क्या व्यवस्था है। एक बार हमने ऐसा सिस्टम डेवलप कर लिया तो यूपी इतनी लंबी लकीर खींचेगा कि इसके आस पास भी कोई नहीं दिखेगा।

### 2019 से भी बेहतरीन और भव्य होगा प्रयागराज कुंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष प्रयागराज का कुंभ है। सरकार इसे 2019 से भी बेहतरीन और भव्य बनाने की तैयारी में जुटी हुई है। कुंभी की स्वच्छता, सुव्यवस्था और सुरक्षा को लेकर हम अभी से बड़ी बड़ी परियोजनाओं पर कार्य शुरू कर चुके हैं। वहीं उन्होंने लखनऊ में कुकरैल नाइट सफारी की चर्चा करते हुए कहा कि इसे जल्द से जल्द शुरू करने की तैयारी है। इससे बच्चों के मनोरंजन के साथ साथ ज्ञान की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि चाहे गांव का कोई मंदिर हो, पौराणिक स्थल हो, एडवेंचर और ईको टूरिज्म का केंद्र हो सबको व्यवस्थित तरीके से विकसित किया जाएगा।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

अयोध्या में 16 स्थानों पर फसाइ लाइटिंग एवं पर्यटन अवस्थापना सुविधाएं, अयोध्या में सरयू तट पर गुप्तार घाट एवं राज घाट के मध्य घाटों का पुनरुद्धार, अयोध्या में राम की पैड़ी से राज घाट तक एवं राज घाट से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु पथ का जीर्णोद्धार, अयोध्या में सरयू नदी के लक्ष्मण घाट से नया घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं सौंदर्गीकरण, अयोध्या में 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्गीकरण, अयोध्या में अंबेडकरनगर, लखनऊ, रायबरेली, सुलतानपुर, गोरखपुर एवं गोंडा मार्ग पर गेट कॉम्प्लेक्स, अयोध्या में राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा, एडवांस्ड लाइट एन्ड साउंड शो अयोध्या में सरयू रिवर फ्रंट का निर्माण एवं श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक कनेक्टिविटी, अयोध्या में नवीन राही पर्यटक आवास गृह में विद्युतीकरण, वेंटिलेशन सिस्टम, प्लम्बिंग सिस्टम एवं अग्निशमन सुविधाएं, चित्रकूट में तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर का समग्र पर्यटन विकास, चित्रकूट के सीतापुर में फूड प्लाजा के सम्मुख पार्किंग एवं पर्यटन सुविधा केंद्र, फिरोजाबाद में ग्लास म्यूजियम, फिरोजाबाद के सिरसागंज स्थित आर्यकुल महाविद्यालय में सांस्कृतिक संकुल, कौशाम्बी में बौद्ध थीम पार्क, लखनऊ में पर्यटन भवन का जीणर्णोद्वार एवं विस्तारीकरण, लखनऊ में महाराजा बिजली पासी किले पर लाइट एंड साउंड शो तथा पर्यटन विकास, विंध्यवासिनी धाम पर गंगा नदी के दीवान घाट से अखाड़ा घाट के मध्य पक्का स्नान घाट एवं पाथवे, शुक्रतीर्थ धाम में टीएफसी एवं पार्किंग तथा गंगा घाट का उच्चीकरण।

### इन मुख्य परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

अयोध्या में क्वीन हो मेमोरियल पार्क, बहराइच के गुल्लावीर में महाराजा सुहेलदेव जी की प्रतिमा के निकट मंच के सम्मुख सभागार एवं स्मारक, चित्रकूट में लक्ष्मण पहाड़ी का पर्यटन विकास, कासगंज स्थित शूकर (सोरों) क्षेत्र का पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, मीरजापुर में विंध्यवासिनी मंदिर पर परकोटा एवं परिक्रमा पथ, मीरजापुर में विंध्यवासिनी मंदिर की गलियों के फसाड का ट्रीटमेंट, मीरजापुर में विंध्यवासिनी मंदिर को जाने वाले मार्गों को जोड़ने वाले पहुंच मार्गों का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण, लखीमपुर-खीरी के महेवा स्थित इंदिरा मनोरंजन पार्क का पर्यटन विकास एवं सौंदर्गीकरण, मथुरा के गोवर्धन स्थित रंजीत सिंह की छतरी पर फसाड लाइट, सिद्धार्थनगर के कपिलवस्तु स्थित भारतीय बौद्ध महाविहार का जीर्णोद्धार।

## प्रधानमंत्री ने तेलंगाना को दी 56,000 करोड़ की सौगात



एजेंसी

आदिलाबाद/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित कई विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिलाबाद की भूमि न केवल तेलंगाना बल्कि पूरे देश से संबंधित विकास परियोजनाओं का गवाह बन रही है, क्योंकि 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की 30 से अधिक विकास परियोजनाएं या तो राष्ट्र को समर्पित की जा रही हैं या आज उनका शिलान्यास हो रहा है।

इन परियोजनाओं में राज्य में ऊर्जा, पर्यावरण स्थिरता और सड़क कनेक्टिविटी से संबंधित कई परियोजनाएं शामिल हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और तेलंगाना राज्य दोनों ने लगभग 10 वर्ष पूरे कर लिये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपने नागरिकों के सपनों को साकार करने के लिए राज्य को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज भी 800 मेगावाट क्षमता वाली एनटीपीसी यूनिट 2 का उद्घाटन किया गया है, जिससे तेलंगाना की बिजली उत्पादन क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अंबारी-आदिलाबाद-पिंपलखुटी रेल लाइनों के विद्युतीकरण के पूरा होने और आदिलाबाद, बेला और मुलुगु में दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखने का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि आज की ये आधुनिक रेल और सड़क परियोजनाएं तेलंगाना के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के विकास को गति देंगी, साथ ही यात्रा के समय को कम करेंगी, पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगी और रोजगार के अनगिनत अवसर पैदा करेंगी। प्रधानमंत्री ने राज्यों के विकास से देश के विकास का मंत्र दोहराया।

उन्होंने कहा कि बेहतर अर्थव्यवस्था से देश में भरोसा बढ़ता है और राज्यों को भी निवेश मिलने से उसका फायदा होता है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की उच्च विकास दर को लेकर वैश्विक चर्चा का उल्लेख किया क्योंकि भारत एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था है जो पिछली तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस गति के साथ, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जिसका मतलब तेलंगाना की अर्थव्यवस्था के लिए भी उच्च विकास होगा। तेलंगाना जैसे क्षेत्रों की पहले की उपेक्षा को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में शासन के नए तरीकों पर प्रकाश डाला।

### बिलासीपारा में रखी सोलर पावर प्लांट की आधारशिला

धुबड़ी (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से धुबड़ी जिले में बिलासीपारा के खुदीगांव द्वितीय खंड गांव में सोमवार को 70 मेगावाट के एक सोलर पावर प्लांट का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद से इस सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी। खुदीगांव द्वितीय खंड गांव में आयोजित सोलर पावर प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में असम की ऊर्जा मंत्री नंदिता गार्लोसा, धुबड़ी जिले के आयुक्त दिवाकर नाथ, बिजली विभाग के महाप्रबंधक और विभिन्न मंडल अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री गार्लोसा ने कहा कि इस सौर ऊर्जा प्लांट के तैयार होने के बाद बिलासीपारा में बिजली की कमी काफी हद तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि खुदीगांव द्वितीय ब्लॉक में एक हजार बीघा जमीन पर इस सोलर पावर प्लांट का निर्माण किया जाएगा और इसका निर्माण कार्य अगले एक साल में पूरा हो जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

**चीता हेलीकॉप्टर की राजौरी में आपातकालीन लैंडिंग**

जम्मू। भारतीय सेना के चीता हेलीकॉप्टर ने तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को जम्मू संभाग के राजौरी जिले में सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग की। भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार चीता हेलीकॉप्टर का पायलटों ने एक तकनीकी समस्या की पहचान की और सुरक्षा उपाय के रूप में एहतियाती लैंडिंग का विकल्प चुना। इसके बाद सुंदरबनी तहसील के हथल गांव के खेतों में दोपहर के आसपास लैंडिंग हुई। विस्तृत विवरण का इन्तजार है।

**बंदूक चलने से एलओसी पर तैनात सेना के जवान की मौत**

राजौरी। राजौरी जिले की नियंत्रण रेखा (एलओसी) की बाड़ के पास तैनात सेना के एक जवान की बंदूक दुर्घटनावश चलने से उसकी मौत हो गई। सेना का लांस नायक बलवीर सिंह राजौरी जिले के नौशेरा ब्रिगेड के अंतर्गत नियंत्रण रेखा की बाड़ के पास तैनात था। सोमवार सुबह दुर्घटनावश बंदूक से चली गोली जवान को लगी और इसके कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। जवान के शव को चिकित्सीय-कानूनी औपचारिकताओं के लिए एक स्थानीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले में आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं और जांच शुरू कर दी गई है।

**भारत-नेपाल सीमा पर लाखों की मूर्तियां पकड़ीं**

बनबसा (चंपावत)। पुलिस ने भारत-नेपाल अन्तराष्ट्रीय सीमा पर स्थित शारदा बैराज चौकी क्षेत्र में एक कैंटर से हिन्दू देवी देवताओं की मूर्तियां बरामद की हैं। पुलिस ने कैंटर चालक को गिरफ्तार करने के साथ ही मूर्तियां जब्त कर ली हैं। नेपाल से लाया जा रहा माल बनबसा के एक ट्रांसपोर्ट का होना प्रकाश में आया है। मूर्तियों की कीमत 10 लाख आंकी जा रही है। सोमवार को बनबसा थाना क्षेत्र की शारदा बैराज चौकी क्षेत्र में एसओ बनबसा लक्ष्मण सिंह जगणवा के पर्यवेक्षण में तथा चौकी प्रभारी ललित पांडेय व व एएचटीयू प्रभारी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत के नेतृत्व में चौकी शारदा बैराज एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान नेपाल राष्ट्र से भारत राष्ट्र में आये वाहन कैंटर यूपी14केटी/0757 को चैकिंग के लिए शारदा बैराज चौकी के पास रोका गया। जिसे चालक नवरत्न पुत्र बज्जू सिंह 52 वर्ष, निवासी- मीरपुर हिंद, थाना लोनी, जिला गाजियाबाद-उत्तर प्रदेश चल रहा था।

## 22 चकबंदी अधिकारी निलम्बित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। चकबन्दी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति कठोर कार्यवाही करते हुए शासन ने 2023-24 में अब तक 22 चकबन्दी अधिकारियों को निलम्बित किया गया है।

इसके अलावा 04 चकबन्दी अधिकारी को पदच्युति व 01 चकबन्दी अधिकारी को उसके मूल पद पर प्रत्यावर्तित करते हुए 40 अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी, मेरठ सम्प्रति सन्तकबीरनगर प्रभाकर सेवा से पदच्युति कर दिया है। इन्होंने वन विभाग की भूमि पर निजी व्यक्तियों को स्वत्व प्रदान किया था। इसके अलावा ग्राम बिसौला व फिरोजपुर में अनियमितताओं के लिये दोषी अधिकारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने एवं ग्रामसभा की ऐसी भूमि, जिस पर चकबन्दी अधिकारी द्वारा निजी व्यक्तियों को स्वत्व प्रदान किया गया है।

## प्रदेश को मिली पांच नए सर्वोदय विद्यालयों की सौगात

पांच जिलों के लिए चिन्हित की गई भूमि

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास मिशन के अंतर्गत प्रदेश के पांच असेवित जनपदों में समाज कल्याण विभाग को विद्यालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इससे गौतमबुद्धनगर, शामली, कन्नौज, बागपत और शाहजहांपुर जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा आवासीय सुविधायुक्त विद्यालय का संचालन किया जाएगा। इसके लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। पांच एकड़ में बन रहे सर्वोदय विद्यालयों में छात्रावास, विद्यालय भवन, खेलकूद के मैदान सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक कुल 490 बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा अब गृह जनपद में ही प्राप्त होंगी। नई शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप स्टेम एजुकेशन, कंप्यूटेशनल थिंकिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से गुणवत्तापरक, तकनीक आधारित शिक्षा की व्यवस्था नवीन विद्यालयों में की जाएंगी। साथ ही अभ्युदय केंद्र के माध्यम से जेईई, नीट इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी इन विद्यालयों के छात्रों को प्राप्त होंगी। वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में समस्त वर्गों के बीपीएल परिवार के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक व निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय संचालित हैं।

## नोट लेकर सदन में वोट दिया तो चलेगा मुकदमा

सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 25 साल पुराना फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली। रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने सोमवार को 25 साल पुराना फैसला पलट दिया।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ए एस बोपन्ना, एम एम सुंदरेश, पी एस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने कहा- हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। 1998 में 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

**सुप्रीम कोर्ट ने की यह तीन टिप्पणी**

1. आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है, जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है।
2. रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।
3. कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। मायने नहीं रखता कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है, जिस वक्त सांसद घूस स्वीकार करता है।

### उप्र : अब मौसम साफ होने के बने आसार

कानपुर। उत्तर प्रदेश में बीते कई दिनों से मेघ गर्जन के साथ बारिश हो रही थी और ओलावृष्टि भी फसलों को नुकसान पहुंचा रही थी, लेकिन अब मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन से चार दिन आसमान में बादलों की आवाजाही तो बनी रहेगी लेकिन बारिश के कम आसार हैं। इससे फसलों में उत्पादन गिरने की संभावना कम हो गई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों पर कमजोर होने लगा है।

## आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में नपे यूपीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी यानि आरओ व एआरओ परीक्षा को पेपर लीक के कारण निरस्त करने के बाद राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को हटा दिया है।

उनको राजस्व परिषद में विशेष कार्याधिकारी के पद पर भेजा गया है। दायित्व निर्वहन व पर्यवेक्षण में शिथिलता का दोषी मान लोक सेवा आयोग से हटाकर राजस्व परिषद भेजा गया है। उप्र लोक सेवा आयोग ने बीती 11 फरवरी को समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 दो पालियों में हुई थी। परीक्षा के प्रश्न पत्र के कई प्रश्न इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने की शिकायतें मिली थीं। शासन को उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों तथा आयोग की रिपोर्ट के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को परीक्षा निरस्त करने का निर्देश दिया था।

### सूचना आयुक्तों के चयन के लिए समिति गठित

लखनऊ। यूपी राज्य सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित हो गयी है। प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार के. रविंद्र नायक द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्यपाल द्वारा उत्तर प्रदेश सूचना आयोग में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के 01 पद तथा राज्य सूचना आयुक्त के 10 पदों पर चयन की संस्तुति देने हेतु समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री के अलावा दो अन्य सदस्य विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तथा वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना होंगे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल एपेडमिक जैसे अपराधियों पर हो कार्रवाई : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दूसरे के बदले परीक्षा देने के आरोपी रोशन सिंह को जमानत पर रिहा करने से इंकार कर दिया है और कहा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल एपेडमिक बन गयी है। जिसका समाज व शिक्षा तंत्र व योग्य छात्रों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अपराधियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

राज्य सरकार को प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता बनाये रखने व योग्य प्रतियोगियों का परीक्षा तंत्र पर भरोसा कायम रखने के लिए ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जिम्मेदार एजेंसियों की नकल पर प्रभावी नकेल कसने में नाकाम रहने पर राज्य के लिए दुःखद स्थिति बताया है। वे धोखेबाजों को पकड़ने में विफल है।

कोर्ट ने आदेश की प्रति प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय को कानून मंत्री के समक्ष रखने के लिए प्रेषित करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान ने रोशन सिंह की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। मालूम हो कि आर्य कन्या इंटर कालेज बांदा की प्राचार्या पूनम गुप्ता ने कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कराई।

आयोजन

रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने में मदद करेगी यह योजना

## अदिति योजना लांच, स्टार्टअप को मिलेगा 25 करोड़ का अनुदान

सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं को पूरा करेगा टेक्नोलॉजी वॉच टूल

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान महत्वपूर्ण और रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए 'अदिति' योजना लांच की।

इस योजना के तहत स्टार्ट-अप को रक्षा प्रौद्योगिकी में उनके अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिए 25 करोड़ रुपये तक की अनुदान सहायता दी जाएगी। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से कहा कि यह योजना युवाओं के नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी। आई-डेक्स के साथ नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों का विकास करने के लिए शुरू की गई इस योजना के पहले संस्करण में 17 चुनौतियां लॉन्च की गई हैं, जिसमें भारतीय सेना के लिए 3, भारतीय नौसेना के लिए 5, भारतीय वायु सेना के लिए 5 और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के लिए 4 हैं। इसका लक्ष्य प्रस्तावित समय सीमा में लगभग 30 डीप-टेक महत्वपूर्ण और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करना है। इसमें आधुनिक सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक टेक्नोलॉजी वॉच टूल बनाने की भी परिकल्पना की गई है। चर्चा में भारतीय रक्षा परिदृश्य, प्रौद्योगिकी, भविष्य के रुझान, नवाचार और भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अवसरों पर अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में महिला उद्यमियों के अमूल्य योगदान की मान्यता में 'डेफकनेक्ट' में आई-डेक्स महिला उद्यमियों के लिए एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### समय बदलने के साथ अस्तित्व में आ रहीं नई प्रौद्योगिकियां

राजनाथ सिंह ने युवाओं को नवोन्वेषी विचारों को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए जोर देकर कहा कि युवा इनोवेटर्स को प्रेरित करने के लिए आई-डेक्स को आई-डेक्स प्राइम तक विस्तारित किया गया है, जिसमें सहायता 1.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई। उन्होंने कहा कि चुनौतियों का समाधान करने में डीपीएसयू की उत्साहजनक भागीदारी के बाद अब 'अदिति' योजना शुरू की गई है। समय बदलने के साथ ही नई प्रौद्योगिकियां अस्तित्व में आ रही हैं। विकसित देश बनने के लिए हमें तकनीकी बढ़त हासिल करने के साथ ही हमें अपने देश को एक ज्ञानवान समाज में बदलना है। इस दौरान 'महिलाएं परिवर्तन की वाहक' विषय पर एक पैनल ने रक्षा नवाचार के भविष्य को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और क्षेत्र में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर चर्चा की। पैनल में अंतरिक्ष विभाग, भारतीय वायु सेना, वित्तीय संस्थानों और स्टार्टअप से विभिन्न प्रसिद्ध प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से गांव में गंदगी व्याप्त

- ग्राम पंचायत के कई इंडियामार्का हैंड पंप खराब
- बरसात में गांव का मुख्य मार्ग हुआ कीचड़ युक्त



**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड पसगवां के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनौरा के मजरा मडिया में पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में सफाई नहीं कराए जाने से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और नाले-नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार प्रधान व जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं।

लोगों द्वारा शिकायत करने के बाद भी प्रधान द्वारा सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से बदबू आते रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाले, नालियों के कचरे से अटे हुए हैं। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर होकर बहता रहता है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया है कि पूरे गांव में अधिकतर मार्गों पर खड़ंजा और पक्की नालियां न होने के कारण यह समस्या बनी रहती है जिसके कारण बरसात में पूरे गांव में कीचड़ ही कीचड़ हो जाता है और मोटरसाइकिल साइकिल चालक कई बार फिसल कर गिर चुके हैं और चोटिल हुए हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में कभी भी कोई भी सफाई कार्य नहीं होता है गांव के लोगों ने कई बार इस समस्या से प्रधान को अवगत भी कराया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि जल्द ही मनरेगा के तहत गांव में कार्य कराया जाएगा।

# भैंस बांधने को लेकर विवाद, लाठी डंडों से की पिटाई

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव अंतरवारी निवासी पंचम पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को दी गई। तहरीर में बताया है कि घटना 3 मार्च 2024 की शाम लगभग 4:00 बजे की है प्रताप, संजय, मनोज, पुत्र जगतपाल, जगतपाल पुत्र नत्थू निवासी ग्राम अंतरवारी आए और भैंस बांधने को लेकर विवाद करने लगे बचाने आए भाई महेश पुत्र छोटेलाल पुत्री मंजू, निराला को लाठी डंडों से पीटा जिसके कारण उन लोगों को काफी चोट आई हैं। संबंध में पुलिस ने सभी आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# ई-रिक्शा और बस की टक्कर में एक की मौत

## सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ई रिक्शा और सरकारी बस के आमने सामने हुई भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी तथा 6 अन्य व्यक्ति घायल हो गए। कोतवाली अंतर्गत ग्राम दिलावरपुर रोड पर रोडवेज की बस यूपी 27 टी 9067 गोला से मोहम्मदी तीव्र गति से आ रही थी कि उधर से ई रिक्शा वाले द्वारा सामान खरीदकर दिलावरपुर जा रहा था कि दोनों में भयंकर टक्कर मे ई रिक्शा चूर चूर हो गया।

उक्त घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह दलबल सहित घटना स्थल पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने 55 वर्ष बुचिया देवी पत्नी हीरालाल सबिन्दर पुर जिला बलिया को मृत घोषित कर दिया तथा 20वर्ष रबीना पत्नी शमसुल, 4वर्षअर्सलान, 20वर्ष रुखसाना मेहरून निशा, मुजीम पुत्र समीम, आलिया पुत्री जाबेद निवासीगण दिलावरपुर को जिला अस्पताल शाहजहाँपुर रेफर कर दिया गया जहाँ रास्ते मे 26 रूबीना, आलिया की मृत्यु हो गयी। मृतको को विच्छेदन हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया।



# तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बांकेगंज खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा एक अदद अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी पुलिस द्वारा एक युवक को अदद अवैध देशी तमंचा व अदद देसी 12 बौर जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि दिनांक सूचना मिलने पर मछोहा तिराहे पर मंगलखां पुत्र अलीजान निवासी अंगदपुर थाना मैलानी को अवैध देशी तमंचा व 12 बोर जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक को गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर, हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार यादव कॉन्स्टेबल राजकुमार मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

- पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर लगाया हत्या का आरोप

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**




बांकेगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही मायके पक्ष के लोगों ने ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगाया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला मीरा देवी (25) पत्नी ऋषिराम ग्राम ग्रन्ट नम्बर 10 के गंगापुर गाँव की निवासिनी थी, जिसका मायका पास के ही बांकेपुर गांव में है। मृतका के मायके वालों ने बताया कि उसका विवाह 5 साल पहले गंगापुर निवासी जगन्नाथ के बेटे ऋषिराम से हुआ था। शादी के कुछ वर्षों तक सब ठीक चलता रहा, जिसके बाद सास-ससुर व पति बहन को परेशान करने लगे। एक साल पहले मीरा के पति की मौत हो गयी।

**वर्जन : मैलानी थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा और विधिक कार्रवाई की जाएगी।**

मृतका के भाई धर्मेंद्र ने चौकी बांके गंज प्रभारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का शव बरामद

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन इलाके के सिंगाही रोड पर स्थित मोटेबाबा स्थान के पास सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों मे एक अज्ञात युवक शव बरामद हुआ, शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक निघासन इलाके के बेलरायां पनवारी मार्ग पर स्थित सरयू पुल के पास सड़क किनारे संदिग्ध परस्थितियों में एक अज्ञात युवक शव बरामद हुआ, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई, और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक के पास से एक मोबाइल फोन व कुछ रुपए जेब से मिले है जिसके आधार पर पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को घटना की सूचना दी। शव की शिनाख्त निघासन कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर पुरवा निवासी राज किशोर के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। प्रथम दृष्ट्या किसी वाहन से टकराने के कारण युवक की मौत होना प्रतीत होता है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमके लिए जिला मुख्यालय भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिवार के लोगों ने कोई आरोप नही लगाया है।

# ओलावृष्टि, बारिश से हुई फसलों के मुआवजा के लिए करें संपर्क

**बाराबंकी।** वर्तमान रबी की फसल में प्रधानमंत्री फसल बीमा से आच्छादित समस्त कृषकों को उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार ने सूचित किया है कि विगत दिवसों में जनपद बाराबंकी में हुई वर्षा एवं ओलावृष्टि से उनकी बीमित फसलों में हुई क्षति के क्लेम भुगतान हेतु कृषक भाई 72 घंटे के अन्दर टोलफ्री नम्बर 14447 या 1800-889-6868 अथवा 1800-103-5490 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही तहसील स्तर पर बीमा कम्पनी के निम्न प्रतिनिधियों के पास भी 72 घंटे के अन्दर अपनी खतौनी एवं किसान क्रेडिट कार्ड खाते की पासबुक की छायाप्रति सहित अपना प्रार्थना पत्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि नियमानुसार उनके क्लेम भुगतान हेतु अग्रिम कार्यवाही कराई जा सके।

# खबरें एक नजर में

## बंदरों के आतंक से जनता परेशान

**जैदपुर, बाराबंकी।** बंदरो के आतंक से नगर पंचायत जैदपुर की जनता परेशान है। फिर एक महिला को बंदरो ने काटकर जख्मी कर दिया जिसे उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर मे बंदरो के आतंक से अब तक दर्जनों लोग घायल हो चुके है। वही जैदपुर के मोहल्ला अहिरान मंजू कुमार की पत्नी सोमवार को लगभग 12 बजे कपड़ा सुखाने हेतु अपनी घत पर गयी थी। अचानक बंदरों के झुंड़ ने उसपर हमला कर नाखून व दांतो से काटने लगे। शोर करने पर परिवार के लोग छत पर पहुंचे, और किसी तरह बंदरो को भगाथा। बंदरो के काटने से घायल हुई महिला को जैदपुर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।जहां उपचार कर घर वापस किया गया। जबकि बंदरो के आतंक से लोगो सहित महिलाओं व बच्चे हर समय भयभीत हैं।

## सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा आयोजित



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर के ब्रम्हनान वार्ड में निज निवास पर ओमप्रकाश पांडे द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है अवध धाम से पधारे कथा व्यास राधेश्याम शास्त्री द्वारा संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सुनकर वहां पर मौजूद सैकड़ो भक्त भाव विभोर हो गए। कथावाचक राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के अंदर सद्गुणों का विकास होता है। इस अवसर पर वार्ड से सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा द्वारा कथा व्यास राधेश्याम शास्त्री एवं उनके सहयोगियों को अंग वस्त्र भेंट किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक ओम प्रकाश पांडे ने बताया कि 29 फरवरी से 6 मार्च तक कथा का आयोजन एवं 7 मार्च को भंडारे के साथ समापन होगा। इस अवसर पर प्रकाश पांडे राजेश तिवारी राम चौरसिया प्रदीप पांडे मुकेश पांडे राजू पांडे संजू पांडे नीरज कश्यप सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

## विधायक ने दी हाई मास्क लाइट की सौगात



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकासखंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत चौबीसी के ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने दो हाई मास्क लाइट प्रदान की है। जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्राम प्रधान गौरव सिंह ने ग्राम पंचायत चौबीसी में बनी गौशाला एवं चौबीसी कमेला मार्ग पर रात्रि के समय आवागमन में ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए विधायक दिनेश रावत से दो हाई मास्क लाइट की मांग की थी। विधायक दिनेश रावत एवं ग्राम प्रधान गौरव सिंह के प्रति ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया।

# किशोरी का अपहरण कर गैंगरेप का मामला, पुलिस को दी तहरीर

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

इलाके के सिंगाही थाना क्षेत्र मे एक किशोरी को अगवा कर गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना के समय किशोरी नल पर पानी भरने गई थी, आरोपियों ने किशोरी का मुंह दबाकर पहले अपहरण कर गैंगरेप किया फिर बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए, मामले की जानकारी होते ही सिंगाही पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। निघासन के सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में नल पर पानी भरने गई किशोरी को गांव के ही कुछ दबंगो ने मुंह दबाकर उठा लिया। इसके बाद बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म कर उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। घंटो बीतने के बाद जब किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, तब किशोरी नल के पास बेहोशी की हालत में मिली। घर वाले किशोरी को घर लेकर आए, जहां होश में आने के बाद परिजनों को उसने घटना की पूरी जानकारी दी।घटना के बाद से परिवार वाले दहशत में है, परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और घटना की लिखित तहरीर देकर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, परिजनों को आरोप है कि दबंग लगातार किशोरी के पिता को धमकी दे रहे हैं कि अगर तुमने पुलिस में शिकायत की तो तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़ित परिवार दहशत में है। किशोरी के पिता ने बताया कि अभी तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# बारिश ने खोली पोल, गांव की सड़कें बनी तालाब

- नहीं बनी सड़क तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीण अंचल क्षेत्र में लोगों की परेशानी कम होने का नाम नही ले रही है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ग्रामीण कीचड़ युक्त पानी से निकलने को विवश हैं। जिस पर ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं। हल्की सी बरसात होने से गांव तालाब में परिवर्तित हो जाता है।

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूरा सुल्तानपुर व मजरा तनसुख पुरवा में बरसात होने पर पूरा गांव जलमय हो गया। बेमौसम हुई बरसात ने ग्राम में करवाए गए विकास कार्यों की पोल खुल गई। ग्रामीण गयाप्रसाद, लक्ष्मण, मिथलेश कुमार, करुणा शंकर, सालिक राम मिश्रा, भूपेंद्र शुक्ला, राम सेवक गुप्ता, महेश श्रीवास्तव, कमलेश उर्फ पटवारी, लालाराम श्रीवास्तव आदि ने बताया गांव में इन सड़कों के लिए तमाम बार ग्राम प्रधान व जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार अवगत करा चुके हैं लेकिन आज तक किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। इन्हीं रास्तों से निकलने वाले अनजान लोग इसमें गिरकर चोटिल हो जाते है। जरा सी बरसात होने पर ही आवागमन बाधित हो जाता है। सबसे अधिक दिक्कत शिक्षा ग्रहण करने वाले नौनिहालों को होती है। स्कूल जाते समय जलभराव व कीचड़ के चलते स्कूल जाने वाले बच्चे इसमें गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इस वजह से बच्चे स्कूल जाने से मना कर रहे हैं।

होनहार बच्चो का भविष्य इन लापरवाहो की अनदेखी के चलते अंधकार मय हो रहा है। फिर भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर इस सड़क को शीघ्र न बनवाया गया तो हम ग्रामीण ब्लाक व तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे और आने वाले समय में चुनाव का बहिष्कार भी करेंगे।इस सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने अति शीघ्र सड़क बनवाने की मांग की है।

# नन्हे बच्चे की संवेदनशीलता ने बचाई एक पंछी की जान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों आये भारी तूफान व ओला पड़ने से जहां एक ओर फसलों को काफी नुकसान हुआ व आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया वहीं पशु पक्षी भी इससे अछूते नहीं रहे। इस आसमानी आफत ने बड़ी संख्या में पशु-पक्षियों को भी चपेट में ले लिया।

जनपद बाराबंकी के ग्राम लक्ष्मी नगर में एक इंडियन पीड मैना ( स्थानीय भाषा में काली तिलोरी ) रविवार को हुई ओलावृष्टि से घायल हो गई थी। यह पक्षी जनपद के वरिष्ठ पत्रकार मनोज स्वतंत्र के घर के सामने घायल अवस्था में तड़प रहा था। मनोज स्वतंत्र अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए घर से बाहर



निकले तो उन्होंने देखा कि घायल अवस्था में एक पक्षी तड़प रहा है और कुत्ते उसको नोचने का प्रयास कर रहे हैं। मनोज स्वतंत्र ने कुत्तों को भगाया और पक्षी को घर ले आए।पक्षी काफी चोटिल था वह पंखों से उड़ नहीं पा रहा था तथा ठंड से कांप रहा था। मनोज स्वतंत्र ने आगे बताया कि घायल पक्षी को कपड़े से ढक दिया गया व पानी पिलाया गया। लेकिन घर के सबसे छोटे बेटे आयांश ने उसे डॉक्टर के पास ले जाने की जीद की

पक्षी की तड़प व बेटे की बार-बार जिद करने के कारण मैंने कई डॉक्टरो और समाजसेवी प्रदीप सारंग को फोन किया कई पक्षियों के डॉक्टरों का संपर्क नंबर ढूंढने का प्रयास किया लेकिन संतोषजनक परिणाम नहीं रहा। इसी क्रम में जिला वन अधिकारी, बाराबंकी से फोन पर वार्ता हुई उन्होंने बताया कि आप पक्षी की फोटो और डिटेल मुझे व्हाट्सएप कर दीजिए। मैंने डिटेल वाहट्सएप्प कर दी।वन विभाग के जहांगीराबाद बीट प्रभारी अपनी टीम के साथ पंहुच कर पक्षी को अपने संरक्षण में लेकर इलाज हेतु ले गए। बीट प्रभारी व उनकी टीम को छोटे बेटे अयांश ने टॉफी भेंट कर शुक्रिया अदा किया। वन कर्मचारियों ने भी अयांश के पशु-पक्षीओं के प्रति प्रेम को सराहा और कहा कि बच्चों में आज कल प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना विरले ही मिलता है अयांश की संवेदनशीलता नें एक पक्षी की जान बचाई है जो की काबिले तारीफ है। इस मौके पर बीट प्रभारी गिरजेश कुमार, चालक दिनेश कुमार,वन कर्मचारी पुत्ती लाल, सुशील कुमार व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अपनी शादी से पहले ही प्रेमी के संग प्रेमिका जेवर गहने लेकर फरार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अपनी शादी के दो दिन पहले नकदी सहित गहने लेकर रात के अंधेरे मे एक प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी।पीड़ित पिता द्वारा थाना जैदपुर मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गयी है।मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत जैदपुर के एक मोहल्ले का है। जहां शनिवार तीन मार्च की रात मसौली निवासी अरशद नामक एक प्रेमी ने बहला फुसलाकर अपनी प्रेमिका को लेकर रफूचक्कर हो गया।साथ ही शादी के लिये घर में रखे 55 हजार रूपये नकद व 62 हजार के जेवर ले जाने से लड़की के हाथ पीले करने के अरमानो पर पानी फिर गया है। ज्ञात हो कि 7 मार्च 2024 करनैलगंज से लड़की की बारात जैदपुर आनी थी।जिसकी लगभग पूरी तैयारीयो को मुकम्मल कर लिया गया था।परिवार मे खुशियो का माहौल बना होने के साथ आने वाली बारात के स्वागत की घड़ी का इंतजार कर रहे परिवार के उस समय होश उड़ गये जब उसकी लड़की के रात के अंधेरे में एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर घर से भगा ले जाया गया। जिसकी लिखित तहरीर सोमवार को थाना जैदपुर मे पीड़ित पिता ने देकर कार्यवाही की मांग की है।इस संबंध मे कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया मामला सामने आया है।जांच पड़ताल की जा रही है।

# वक्फ की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए गुहार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य डाकघर के सामने वर्ष 1912 से रजिस्टर्ड वक़्फ़ अमजद अली खान रजि नंबर 1480 द्ब की वक़्फ़ संपत्ति गाटा संख्या 186 मि जो लोक सम्पत्ति से अवैध कब्जा हटाने को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर वक्फ जमीन को खाली कराने की गुहार लगाई गई है। सरवर अली रिज़वी सेक्रेटरी वक़्फ़ नवाब अमजद अली खान बेगमगंज बाराबंकी ने प्रार्थना पत्र में अनुरोध किया है कि वक़्फ़ संपत्ति जो रजिस्टर्ड नंबर 37 में दर्ज है को खत्म नही कर सकता कोई लेखपाल कानूनगो तहसीलदार और एसडीएम,न ही तरमीम कर सकता है,अगर इसपे किसी को एतराज हो तो वक़्फ़ ट्रिब्यूनल जा सकता है।

लेकिन शहर का कानूनगो उमेश तिवारी और लेखपाल जो बेहद भ्रष्ट है,नजूल, ग्राम समाज,सीलिंग ,शत्रु संपत्ति और वक़्फ़ बोर्ड में दर्ज वक़्फ़ संपत्ति जो लोक संपत्तिया है को खुर्द बुर्द भु माफियाओ से करता है,करोड़ो की ज़मीनो में कुछ हज़ार में गलत रिपोर्ट देकर अधिकारियों को गुमराह कर उनको अपने जाल में फंसा कर दस्तखत करवाकर गलत को सही करवाता है।

जबकि नजूल ग्राम समाज शत्रु संपत्ति,सीलिंग को खत्म करने के लिए कोर्ट के आदेश के बाद ही ये मुमकिन हो पाता है, लेकिन ये भ्रष्ट कानूनगो लेखपाल खुद कोर्ट बना कर मनमानी कर कानून को तोड़ते है,शहर में जमुरिया नाले की हरित पट्टी इसकी मिसाल है। लाजपतनगर में लबे सड़क शाहजी इंफ्रा वेंचर्स की नीलम हाइट्स नाम से सुजीत शाह नामक व्यक्ति द्वारा संजय यादव बाबा और भुललन वर्मा से मिलकर करोड़ो की ज़मीन पर दस्तवेज़ों में हेरा फेरी अवैध कब्जा और निर्माण खुले आम करवाया गया है। इस संबंध में प्रदेश सरकार के अधीन यूपी शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक़्फ़ ,इंदिरा भवन लखनऊ में धारा 52 के तहत मदन टण्डन ,हर्षित टंडन ,नीलम शाह को नोटिस भेजकर 5 फरवरी को तलब भी किया गया था। श्री रिजवी ने डीएम से अनुरोध किया है कि उपरोक्त मामले की गंभीरता को देखते है,इनकी रजिस्ट्री दाखिल खारिज ,नक्शा जो पास ज़िला प्रशासन और वक़्फ़ बोर्ड को गुमराह कर करवाया गया है।

# महाशिवरात्रि के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने किया लोधेश्वर महादेवा का निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- क़ानून व्यवस्था की समीक्षा भी की, दिए आवश्यक निर्देश

मंडलायुक्त, अयोध्या गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने आज तहसील रामनगर क्षेत्र अंतर्गत लोधेश्वर महादेवा में आगामी पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत क़ानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने आईजी, अयोध्या तथा ज़िलाधिकारी के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने एवं इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा अन्य अधिकारियों के साथ मेला परिसर अभरन सरोवर, मंदिर के प्रवेश द्वार, निकास द्वार, मंदिर के पीछे स्थित बाग, जहां कांवरिया अधिक संख्या में रुकते हैं, बैरिकेडिंग होल्ड अप आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक



से आगामी पर्व महाशिवरात्रि पर होने वाली भीड़ को बेहतर तरीके से दर्शन कराए जाने के लिए के लिए की गई व्यवस्था के सम्बंध में चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। वाहनों के लिए की गई पार्किंग के अलावा श्रद्धालुओं के लिए लगाई जा रही बैरिकेडिंग के सम्बंध में भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने मंडलायुक्त को कॉरिडोर के संबंध में प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी दी और बताया कि केसरी पुर क्रॉसिंग के बाद से मेला परिसर तक रोड चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है।

# मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ कहे जाने वाले सेमीकंडक्टर्स के बड़े पैमाने पर निर्माण की राह हुई आसान

## सरकार की सेमीकंडक्टर नीति को मंजूरी देने से कैपिटल, इंटरेस्ट और लैंड सब्सिडी के साथ स्टांप, रजिस्ट्रेशन फीस व इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी मिलेगी छूट

**▸ यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने पर योगी सरकार देगी बंपर छूट**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार ने हाल ही में यूपी सेमीकंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी देकर उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने की मंशा स्पष्ट कर दी है। इस नीति को लागू कर सीएम ने प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ कहे जाने वाले सेमीकंडक्टर्स के बड़े पैमाने पर निर्माण की राह काफी आसान कर दी है।

इस नीति के तहत यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के इच्छुक निवेशकों को कैपिटल सब्सिडी के साथ ही इंटरेस्ट सब्सिडी, लैंड सब्सिडी, स्टांप फीस और रजिस्ट्रेशन फीस के साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी भारी राहत दी गई है। योगी सरकार यहां सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाली कंपनियों को कौशल और प्रशिक्षण के लिए भी सहायता देगी, जबकि अनुसंधान एवं विकास केंद्र के साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने पर भी उन्हें राहत प्रदान की जाएगी। माना जा रहा है कि यूपी की सेमीकंडक्टर नीति भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्य अभिकरणों से भूमि क्रय करने पर प्रथम 200 एकड़ भूमि के लिए प्रचलित सेक्टर दरों पर 75 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि इकाई अथवा सहायक इकाइयों के लिए भूमि के अतिरिक्त क्रय पर 30 प्रतिशत सब्सिडी की अनुमति होगी।

### देश व प्रदेश को अग्रणी बनाएगी नीति : योगेंद्र उपाध्याय

उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत जारी सेमीकंडक्टर नीति प्रदेश और देश को इस इंडस्ट्री में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसमें निवेशकों को कई तरह से वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। नीति में इसका पूरा उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार कैपिटल सब्सिडी के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित सब्सिडी का 50 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा। वहीं इंट्रेस्ट सब्सिडी के रूप में अनुसूचित बैंकों, वित्तीय संस्थानों से प्राप्त ऋण पर 200 करोड़ रुपए तक के निवेश वाली इकाइयों को 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज की दर पर, प्रति इकाई प्रति वर्ष अधिकतम 1 करोड़ रुपए तक प्रतिपूर्ति 7 वर्षों तक की जाएगी। प्रति इकाई अधिकतम 7 करोड़ रुपए तक की ही इंटरेस्ट सब्सिडी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही, भूमि की दर में भी छूट प्रदान की जाएगी।

### प्रचार के लिए दिया जाएगा प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश में सेमीकण्डक्टर कौशल और प्रतिभा विकास गतिविधियों की वृद्धि के लिए प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। अनुसंधान व विकास केंद्र की स्थापना पर लागत के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी, जोकि अधिकतम 10 करोड़ की सीमा तक कुछ महत्वपूर्ण प्रतिबंधों के अधीन होगी। लाभ इन इकाइयों को मिलेगा जिन्होंने अनुसंधान एवं विकास केंद्र में न्यूनतम 20 करोड़ का पात्र पूंजी निवेश किया हो। भारत सरकार के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग डीएसआईआर वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद सीएसआईआर अथवा एसटीपीआई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफइण्डिया में पंजीकृत होना चाहिए। सब्सिडी में 50 प्रतिशत की प्रथम किश्त परियोजना का अनुमोदन प्रदान होने पर, 25 प्रतिशत की अगली किश्त अनुमोदन के 3 वर्ष बाद तथा 25 प्रतिशत की अंतिम किश्त 5 वर्ष में प्रतिबद्ध परिणाम प्राप्त होने पर प्रदान की जाएगी।

### परिवहन निगम में मृतक आश्रितों का धरना

**लखनऊ।** मृतक आश्रितों को नौकरी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी है। आरोप है कि करीब 1000 मृतक आश्रित को विभाग में नौकरी नहीं मिल रही है। पिछले 6 साल में 988 लोगों की मौत हुई है लेकिन जगह पर उनके परिवार वाले नौकरी के लिए भटक रहे है। ऐसे में अब नाराज परिवार के लोग एमडी कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि नौकरी नहीं होने से परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब रहती है। आगरा से आए विपिन ने बताया, साल 2021 में 688 लोगों को नौकरी देने से संबंधित सभी कार्रवाई की गई थी।

## खबरें एक नजर में

### सरकार गुलामी के अवशेषों को कर रही खत्म : कौशल किशोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के भाजपा सांसद कौशल किशोर ने कहा, मोदी की गारंटी से विकसित भारत की योजना पर काम हो रहा है। देश आजाद होने पर ही विकसित भारत का संकल्प लिया जाना चाहिए था। आज देश विज्ञान, आर्थिकी, मेडिकल, खेल और स्पेस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जननायक हैं। जनता उन्हें अवतार के रूप में देखती है। कौशल किशोर ने ये बातें सोमवार को लखनऊ में कही। वे वीवीआईपी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने यहां पर संकल्प पत्र और सुझाव पेटी लांच किया। कौशल किशोर ने कहा, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 125 वी जयंती पर सरकार ने इंडिया गेट पर जार्ज पंचम के प्रतिमा की जगह उनकी प्रतिमा लगवाई थी।मोदी सरकार देश से गुलामी के अवशेषों को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए मांगे गए सुझावों पर लोग अपना नाम, मोबाइल नंबर लिखकर संकल्प पत्र में अपना सुझाव देंगे। साथ ही जारी हुए नंबर और नमो एप पर भी, जिसे विकसित भारत की टीम इंडिया आए सुझावों पर डिस्कस कर। इसे देश को विकसित करने में काम करेगी। भाजपा सांसद ने लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को वोट देने की अपील की है।

### जनेश्वर पार्क के बाहर फिर स्टंटबाजी, पड़ताल में जुटी पुलिस

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** शहर में युवाओं का वाहनों पर खतरनाक स्टंट का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात से जनेश्वर मिश्र पार्क के बाहर कार पर स्टंट करते हुए 5 युवकों का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक कार पर चार लड़के सवार हैं। जबकि 5वां लड़का कार ड्राइव कर रहा है। कार के आगे और पीछे के गेट पर 2 लड़के खड़े हैं जबकि कार की छत पर दो लड़के बैठे हैं। वीडियो बनाते समय एक युवक कार से गिरते-गिरते बचा। यह वीडियो विपुल ठाकुर नाम की इंस्टाग्राम आईडी से सोशल मीडिया पर अपलोड भी है। पुलिस इंस्टाग्राम आईडी के आधार पर स्टंट करने वालों के विषय में पता लगा रही है। फिलहाल गोमतीनगर विस्तार थाना पुलिस का कहना है कि अभी तक यह जानकारी नहीं हो सकी है कि वीडियो कब की है और इसको बनाने वाले कौन हैं। हालांकि थाना पुलिस ने जल्द ही खुद और राहगीरों की जान को जोखिम में डालने वालों की तलाश कर विधिक कार्रवाई की बात कही है।

### दबंगों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां थाना क्षेत्र के गुमानीखेड़ा गांव में दबंगों ने युवक के दरवाजे पर जाकर उसकी जमकर पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के विरूद्व मुकदमा दर्ज किया हैं। निगोहां के सिर्स मजरा गुमानीखेड़ा गांव निवासी संतोष ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया रंजिश के चलते बीते रविवार की देर शाम विपक्षी वीरेन्द्र व सरवन निवासी भद्दीखेड़ा उसके दरवाजे पर आ धमके ओर गालियां देते हुये उसकी बुरी तरह पिटाई कर घायल करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकलें। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपियो के विरूद्व मारपीट,जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर युवक पर भगाने का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को पांच दिन पहले बहला फुसलाकर गांव का ही रहने वाला एक युवक अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस आरोपी के विरूद्व अपहरण समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गयी हैं। मोहनलालगंज के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 29 फरवरी को उसकी 13वर्षीय नाबालिग बेटी को युवक इन्द्रपाल उर्फमिट्ठू मौर्या बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। वही लापता होने वाले दिन से ही बेटी का मोबाइल फोन भी बंद है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरूद्व अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

### स्टोरेंट संचालक ने पत्नी को बनाया बंधक, की मारपीट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्त के मुताबिक, मूलरूप से उन्नाव जनपद के सोहरामऊ निवासी संगीता सिंह की शादी वर्ष 2023 में उदयगंज निवासी संजीव से हुई थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता था। गत 28 फरवरी को पीड़िता ने ससुराल पक्ष वालों का विरोध किया पति और देवर सन्दीप ने उसे दो घंटे तक लगातार मारपीट की। जिससे वह बेहोश हो गई। होश में आने पर पीड़िता ने मायके वालों को आपबीती सुनाई। जब मायके वाले बातचीत करने पहुंचे तो उनसे भी मारपीट की गई। वहीं, संजीव का आरोप है कि बीते एक मार्च को पत्नी संगीता अपने परिवारिक सदस्यों के संग रेस्टोरेंट में पहुंची। जिसके बाद पत्नी ने उससे मारपीट कर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है। दोनों ही पक्षों की तरफपुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला आरक्षी का दबाया गला, दर्ज कराई एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महानगर कोतवाली में एक महिला ने पति समेत ससुराल पक्ष वालों के खिलाफदहेज प्रताड़ना समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला आरक्षी का आरोप है कि पति ने उसका गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। नाकाम होने पर घर में आग लगा दी। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात महिला आरक्षी सपना सिंह ने पति विकास चौहान समेत चार पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला सिपाही ने बताया कि वर्ष 2013 में उसकी शादी हरदोई जनपद के बघौली थानाक्षेत्र निवासी विकास चौहान से हुई थी। 2015 में बेटी के जन्म लेते ही वह घरेलू हिंसा का शिकार होने लगी।

# परिवहन निगम ने बेहतर सड़क सुरक्षा व ईंधन खपत में कमी का किया कार्य

**रोड शैफ्टी व फ्यूल एफिशिएंसी में बेहतर प्रदर्शन के लिए यूपीएसआरटीसी पुरस्कृत : दयाशंकर**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को एसोसिएशन आफ रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग एएसआरटीयू द्वारा रोड सेफ्टी एवं फ्यूल एफिशिएंसी अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि परिवहन निगम ने विगत एक वर्ष में सड़क सुरक्षा एवं ईंधन खपत में कमी लाने के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू में सुधार, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए परिवहन निगम को रनर अप का भी पुरस्कार मिला है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में परिवहन निगम के प्रयासों से फैटल दुर्घटनाओं में कमी आई है। चालकों को ड्राइविंग में सुधार को लेकर जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए गए। कानपुर स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में चालकों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है, खासकर ऐसे चालक जिनके द्वारा सड़क दुर्घटनाएं कारित होती हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि फ्यूल एफिशिएंसी के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में 5.25 किमी प्रति लीटर डीजल औसत प्राप्त हुआ, जिसके लिए यूपीएसआरटीसी को पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों में तकनीकी सुधार के कार्य से प्रतिफल प्राप्त हुआ है। वर्तमान में डीजल औसत 5.37 किमी प्रति लीटर प्राप्त हुआ है। साधारण बसों का डीजल औसत 5.47 किमीप्रति लीटर एवं एसी बसों का डीजल औसत 4.26 किलोमीटर प्रति लीटर है। परिवहन निगम ने यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी, ऑनलाइन टिकटिंग की व्यवस्था, वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाए जाने सहित बसों में बहुत से कार्य किए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप परिवहन निगम की बसों में बेहतर रेवेन्यू प्राप्त हो रहा है एवं यात्री परिवहन निगम की बसों से चलना पसंद कर रहे हैं।

### कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में रु0 2813.88 करोड़ की वृद्धि



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के फरवरी माह में कुल रू0 17742.67 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के फरवरी माह में रू0 14928.79 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के फरवरी माह में वित्तीय वर्ष 2022-23 के फरवरी माह के सापेक्ष रू0 2813,88 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि जी0एस0टी0 के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 में कुल रू0 6412.66 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष फरवरी, 2023 के माह में प्राप्ति रू0 5190.87 करोड़ थी। इस प्रकार जीएसटी मद के अंतर्गत फरवरी माह में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रू0 1221.79 करोड़ अधिक प्राप्त हुआ है। वैट के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 में रू0 2323.15 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति रू0 2241.47 करोड़ थी। श्री खन्ना ने बताया कि आबकारी मद के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 में कुल रू0 5138.84 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति रू0 4457.33 करोड़ थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 की राजस्व प्राप्ति रू0 2518.33 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति रू0 1942.15 करोड़ थी। परिवहन के अन्तर्गत माह फरवरी, 2024 की राजस्व प्राप्ति रू0 958.61 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह फरवरी, 2023 में प्राप्ति रू0 787.82 करोड़ थी।

# भाजपा का थिंक टैंक बहुत होशियार है : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश के मुख्य्यमंत्री मोहन यादव पर सीधे तंज कसते हुए उन्हें प्यारे मोहन कहा। सोमवार को सपा मुख्यालय में पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया समेत कई नेताओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सपा प्रमुख ने कहा, बहुत पुरानी ट्रिक है।

भाजपा और भाजपा का जो थिंक टैंक है, बहुत होशियार है, कब कौन सी चाल चलनी है, कब ढाई चाल चलनी है, कब प्यादा चलना है। लेकिन हमारे पास बहुत से वजीर हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से संबंधित सवाल पर अखिलेश ने अपने बगल में बैठे एक नेता की ओर इशारा करते हुए पूछा आप इन्हें पहचानते हैं, और फिर कहा वो (मोहन यादव) प्यारे मोहन हैं। ये सब पुरानी ट्रिक है। जब सपा पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार बढ़ाने में जुट गयी है तो इस लड़ाई को कैसे कमजोर किया जाए, उसका वो रास्ता अपना रहे हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को लखनऊ में आयोजित यादव महाकुंभ में समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा था कि ऐसा माना जाता था कि केवल एक ही परिवार यादव समाज का ठेकेदार (ठेकेदार) है, लेकिन उन्हें खुशी है कि यह समाज अब ठेकेदार प्रणाली से मुक्त हो गया है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर आरोप लगाते हुए अखिलेश ने कहा कि जब से भाजपा सरकार में आयी है तब से एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं और आंदोलन के तहत हजारों किसानों की जान गयी। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ये वो लोग हैं जो तीन काले कानून लाए थे। कितने किसान शहीद हो गये और आज भी किसान आंदोलन कर रहा है, एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) मांग रहा है।'' केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को टिकट दिये जाने का सवाल उठते ही यादव ने तपाक से कहा भाजपा से क्या उम्मीद कर सकते हैं। जिन पर आरोप थे। उन्हें टिकट दे रहे तो समझ लेना चाहिए कि भाजपा कैसी पार्टी है।

# 24 घंटे में किसानों को मिलेगा फसलों का मुआवजा

**▸ 50 जिलों के 7000 अन्नदाताओं ने मुआवजे के लिए किया आवेदन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार देर रात से प्रदेश में खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से अन्नदाता किसान की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं।उन्होंने जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे कराकर संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया है ताकि 24 घंटे में अन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजी जा सके।

सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 2 मार्च तक 50 जिलों के सात हजार से अधिक किसानों ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। सर्वे पूरा होने के बाद फसलों के नकुसान का मुआवजा बीमा कंपनियों के साथ राजस्व विभाग से दिया जाएगा। राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से अति आवश्यक कार्य पर ही घर से निकलने की अपील की है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति का मुआवजा किसानों को देने के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। जल्द से जल्द विभाग के पोर्टल पर सर्वे रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिये हैं।2 मार्च तक प्रदेश के 50 जिलों के अन्नदाताओं ने खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। राहत विभाग के पोर्टल के अनुसार 50 जिलों के 7020 किसानों ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है,इसके सापेक्ष 2681 आवेदनों का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि 4339 आवेदनों को सर्वेक्षण युद्धस्तर पर कराया जा रहा है।प्रदेश में हमीरपुर के सबसे ज्यादा 1256 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। जालौन के 997, मीरजापुर के 969, ललितपुर के 812, झांसी के 650 और बांदा के 580 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है जबकि आधा दर्जन जिलों के 100 से अधिक अन्नदाताओं ने मुआवजे के लिए आवेदन किया है। बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

### तीव्र विकास को दिशा देना प्राधिकरणों का उद्देश्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजनाओं का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधा पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा।



महाशिवरात्रि पर्व से पहले महादेव को जल चढ़ाने जाते हुए कावरियां

### दस मार्च को लखनऊ के लिए होगी पहली उड़ान, पीएम करेंगे लोकार्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुरादाबाद से हवाई सफर का10 साल का इंतजार 10 मार्च को खत्म हो जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी आजमगढ़ एयरपोर्ट से मुरादाबाद समेत पांचों नए हवाई अड्डों का उद्घाटन करेंगे। डीएम मुरादाबाद मानवेन्द्र सिंह के मुताबिक 10 मार्च को हवाई अड्डे का लोकार्पण तय है। इसके लिए सूचना मिली है। हवाई अड्डे पर एएआई के अधिकारी व्यवस्था बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। मुरादाबाद से पहली फ्लाइट लखनऊ के लिए होगी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले आजमगढ़ में रविवार को यूपी के सीएम योगी से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुरादाबाद में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को लेकर व्यवस्था हो गई हैं। 10 मार्च को सुबह 10:25 बजे मुरादाबाद से लखनऊ के लिए 19 सीटर विमान उड़ान भरेगा। मूंढापांडे हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने का एमओयू प्रदेश सरकार व एएआई के बीच 2014 में साइन हुआ था। इसके बाद देरी, घोटाला, निलंबन, एनओसी समेत कई बाधाएं आईं और उड़ान की उम्मीदों को पंख लगने में एक दशक लग गया। बाधाओं को पारकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफइंडिया को 17 नवंबर 2023 को लाइसेंस मिला। 28.93 करोड़ रुपये की लागत से करीब 52 हेक्टेयर भूमि पर हवाई अड्डा बनाने की मंजूरी फरवरी 2014 में मिली थी। 2015 में निर्माण शुरू हुआ। निर्माण होते-होते चार साल लग गए। कभी बजट देरी से मिलना तो कभी राजकीय निर्माण निगम की लापरवाही के चलते काम समय पर पूरा नहीं हो पाया।जब काम पूरा हुआ तो निर्माण निगम के इंजीनियरों ने रनवे के आसपास भराव के लिए मिट्टी की कीमत में खेल कर दिया। 2019 में तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने तीन इंजीनियरों को निलंबित किया। कोरोना के कारण निर्माण रुक गया था। 2021 में फिर प्रक्रिया चली और 2023 में सारा कार्य पूरा हुआ।शहर के निर्यातक 15 साल पहले विदेशी ग्राहकों को अपने खर्च पर दिल्ली से हेलीकॉप्टर में लाए थे।

**समीक्षा** | मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

# युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार-स्वरोजगार के अवसर करें प्रदान

समृद्धि न्यूज



**▸ सरकार ने पात्र पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने के लिए योजनाओं का बजट बढ़ाया**

**लखनऊ।** जमीनी स्तर तक पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य विभागीय अधिकारी करे। प्रदेश सरकार द्वारा अधिक से अधिक पात्र पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनों को लाभ देने हेतु योजनाओं में बजट भी बढ़ाया गया है। दिव्यांगजनों की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने हेतु नियमित रूप से मंडल एवं जनपदों में कार्यक्रम आयोजित होते रहे।

पिछड़े वर्ग के युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाए। उक्त निर्देश सोमवार को प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। मंत्री नरेंद्र कश्यप अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं में लाभ कैसे अधिक से अधिक पात्र लोगों मिल सके, इस पर कार्य किया जाए। पिछड़ा वर्ग के लोगों एवं दिव्यांगजनों को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी हो, उन्हें योजनाओं में आवेदन करने से लेकर लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसका मण्डल एवं जनपद स्तर के अधिकारी विशेष ध्यान रखें।

विभागीय वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी अपलोड की जाए। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगदुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनो की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाय। समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कम्प्यूटर प्रशिक्षण (ट्रिपल सी/ओ लेवल) की अद्यतन स्थिति जानकारी ली गई तथा ट्रिपल सी/ओ लेवल के प्रशिक्षार्थियों के स्वयं के बैंक खाते में शुल्क प्रतिपूर्ति किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान एवं छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की जानकारी ली गई। विभागीय निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी, निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिए गए। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा की जा रहीं सुनवाई की समीक्षा कर अधिक से अधिक जनपदों में कोर्ट लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में सीट नहीं मिली तो भी करेंगे भाजपा का प्रचार : रामदास आठवले

**▸ आरपीआई की संविधान सम्मान रैली में पहुंचे केंद्रीय मंत्री आठवले**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले सोमवार को लखनऊ पहुंचे। वह अपनी पार्टी के नेतृत्व में आयोजित संविधान सम्मान रैली में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे थे। रैली का आयोजन आरपीआई के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।

रैली में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से हजारों की तादात में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे थे। रैली का आयोजन सेक्टर-2 मैदान अवध विहार योजना सुशांत गोल्फसिटी निकट मेदांता अस्पताल के पास किया गया था। रैली को आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता और कई वक्ताओं ने सम्बोधित कर लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को जिताने की अपील की। संविधान सम्मान रैली को सम्बोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले ने बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर, छत्रपति साहू जी महाराज, ज्योतिबाफुले को नमन करते हुए कहा कि आरपीआई के नेतृत्व में संविधान सम्मान रैली का आयोजन किया गया है। गरीब दलितों की जान बचाने के लिए हम आगे आने का काम कर रहे हैं। बारिश हमें परेशान कर रही है लेकिन हम बारिश को परेशान कर रहे हैं।

# छपिया में महीने भर के भीतर फिर गोलीकांड से हड़कंप

▸ कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवालिया निशान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





जिले के छपिया थाना क्षेत्र में सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपनी भांजी की शादी में शामिल होने आए थे। वरमाला के बाद घर के बरामदे में सो रहे थे तभी दो लोग आए और उनकी कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर वहां अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच लोगों ने एक आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया जबकि दूसरा भाग गया। घरवाले आनन-फानन में प्रिंसिपल दिनेश यादव को इलाज के लिए बस्ती के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना रविवार रात करीब एक बजे की छपिया थाना के सिसहानी गांव की है। सिसहानी गांव गोंडा जिले में है।मगर यहां से बस्ती शहर पास में है। फिलहाल,छपिया पुलिस ने घरवालों की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामा के यहां शादी में आए थे दिनेश यादव सीडी यादव इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल पद पर थे। वह अपने मामा कॉलेज प्रबंधक आज्ञाराम यादव के यहां शादी में शामिल होने आए थे।कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दिनेश सो रहे थे।इसी दौरान वारदात को अंजाम दिया गया।

26 जनवरी को एक युवक से हुआ था विवाद 26 जनवरी को कॉलेज प्रसाद वितरण के दौरान एक युवक से विवाद हुआ था जहां युवक ने अवैध तमंचा निकाल लिया था।इसके बाद छपिया पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर शांति भंग में चालान किया। डीजे के बीच आई गोली चलने की आवाज परिजन अभिषेक ने बताया कि दिनेश अपने मामा के यहां चांदरथी गांव में आए थे।

बाहर बरामदे में सो रहे थे।रात में डीजे बज रहा था। इसी बीच गोली चलने की आवाज आई। हम लोग मौके पर गए दिनेश के चेहरे से खून निकल रहा था। फिर हम लोगों ने उनको उठाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। जिसने गोली मारी है उसमें से एक को पकड़ लिया गया है।एक भाग गया है। मामा आज्ञाराम ने शिकायती पत्र में कहा है कि फूलपुर गांव का रहने वाला मेरा भांजा दिनेश कुमार मेरे घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था। भोजन करने के बाद सोने के लिए चला गया। रात में सिसहनी गांव के रहने वाले दो लोगों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर एक युवक हिरासत में एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि दो लोगों ने प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या की है। अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। घरवालों की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## वीवीटी, वीएसटी, एसएसटी टीमों का गठन

▸ भारी मात्रा में नगदी व अवैध शराब की जांच करेगी एसएसटी टीम

▸ चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए टीमें गठित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

चुनाव में नगदी और अवैध शराब पर रहेगी पैनी नजर

गोण्डा की जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, स्थायी निगरानी टीम का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए टीमों का गठन किया गया है। सभी टीमों में लगे अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने दायित्व का निर्माण पूरी ईमानदारी से करें आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सम्बन्धित के खिलाफ उचित विधिक कार्रवाई की जाए। कार्रवाई करते समय निष्पक्षता का पूरा ध्यान रखा जाए। किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता को क्षम्य नहीं किया जाएगा। जनपद में प्रत्येक विधानसभावार टीमों का गठन किया गया है। स्थायी निगरानी टीम द्वारा भारी मात्रा में नगदी, अवैध शराब व संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि को क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित की गई वीडियो अवलोकन टीम के द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार प्रसार आदि से संबंधित व्यय की वीडियोग्राफी की जाएगी। वीडियोग्राफी की सीडी नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा गठित वीडियो निगरानी टीम द्वारा संवेदनशील घटनाओं और सार्वजनिक रैलियां की वीडियोग्राफी कराकर सम्बंधित रिटर्निंग ऑफिसर एवं मुख्य कोषाधिकारी को भेजी जाएगी।

## युवा निडर होकर करें मतदान : रजनी कान्त



**इटियाथोक/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केन्द्र गोण्डा के तत्वावधान में विकास खण्ड इटियाथोक अंतर्गत श्री राम तीरथ मिश्र स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भागीरथ मिश्रा ने प्रथम बार मतदाता बने युवाओं को निर्भीकता से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का पूरी निष्ठा से हिस्सा बने , प्रत्येक नागरिक अपने विचार के अनुसार बिना किसी प्रलोभन के, निर्भीक होकर निष्ठापूर्वक अपना मतदान कर एक स्वच्छ लोकतंत्र बनाएं। जिससे हमारा समाज व राष्ट्र आगे बढ़ सके। तत्पश्चात निष्पक्षता से मतदान करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजकुमार शुक्ला ने केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राध्यापक अम्बरीष मिश्रा, पवन शुक्ला सहित विभिन्न ग्राम पंचायत के सैकड़ों युवा मतदाता उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राम गांव थाना क्षेत्र में देर रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए मर्चयुरी में रखवा दिया है। नानपारा बहराइच मार्ग पर राम गांव थाना क्षेत्र के काजीजोत गांव के पास सड़क किनारे जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर हाइवे चौकी इंचार्ज नरेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र 35 से 40 वर्ष के मध्य है। उन्होंने बताया कि 72 घंटे तक पहचान के लिए मर्चुरी में शव रखा जाएगा।

## गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष बने विकास जैन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को नवीन गल्ला मंडी पर हनुमान मंदिर के प्रांगण में गल्ला व्यापार संघ की एक आवश्यक बैठक पूर्व अध्यक्ष शिव शंकर शर्मा के नेतृत्व में हुई। सर्वसम्मत से गल्ला व्यापार संघ का अध्यक्ष विकास जैन एवं मनीष खेतान को महामंत्री चुना गया। इसके अलावा आशीष शर्मा एवं नीरज पाठक को उपाध्यक्ष और दीपक बंसल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

फिर नवगठित कमेटी द्वारा मुकेश नहारिया, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल एवं शिव शंकर शर्मा को संरक्षक मंडल में चुना गया। नव गठित अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी हमें संगठन द्वारा दिया गया उसका पूरी तरह निर्वाहन करूंगा। बैठक में मनीष केडिया, अमित गर्ग, विनय अग्रवाल टोनू, सचिन पचेरिया, मनोज गुप्ता, दौलत राम शर्मा, आशीष शर्मा, आशु सिंघल, आशीष अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नौ मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत मामलों का होगा हाथों-हाथ निपटारा

▸ लोक अदालत में किसी की हार नहीं होती है दोनों पक्षकार जीतते हैं

▸ लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच कराई जाती है सुलह

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**



जिला न्यायालय व तहसील स्तर पर आगामी 9 मार्च को प्रातः 10 बजे से लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्व न्यायालय, प्री-लिटिगेशन स्तर पर, बैंक, बीएसएनल, परिवहन विभाग, यातायात विभाग, वाणिज्य न्यायालय, मोटर दुर्घटना, परिवार न्यायालय, एससी/एसटी एक्ट, पॉक्सो अधिनियम व फास्ट ट्रेक कोर्ट सहित जनपद स्थित न्यायालय में लंबित वादों सहित अन्य मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

इसमें वादों का निपटारा निःशुल्क किया जाता है इसलिए इस लोक अदालत में पहुंच कर अपने वादों का निपटारा करा सकते हैं और इस अवसर का लाभ जरूर उठाएं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई जाती है। इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है, इसमें जो मामले कंपाउंडेबल, सुलहनीय होते हैं। उन मामलों को तुरंत निष्पादन किया जाता है। इसमें दोनों पक्षकार उपस्थित होते हैं और उनकी सहमति से ही ये निष्पादन किया जाता है। लोक अदालत में किसी की हार नहीं होती है दोनों पक्षकार जीतते हैं। यहां जो भी मामले आते हैं, निष्पादित किया जाता है और उसकी कहीं भी अपील नहीं होती है। इस स्थिति में समय की भी बचत होती है और पैसे की भी बचत होती है, इसलिए इस अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर अपने वादों का निपटारा कराएं।

## खबरें एक नजर में

### बच्चों को छोड़ प्रेमी संग फरार हुई पत्नी, पति ने दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सोरहिया गांव निवासी एक युवक ने पत्नी के वियोग में फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोरहिया निवासी राजकुमार (45) पुत्र शांति प्रसाद अपने बच्चों के साथ घर पर रहता था।परिवार के मुताबिक एक माह पूर्व उसकी पत्नी बच्चों और पति को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई थी। इससे पति काफी परेशान रहता था उसने कई बार संपर्क साध कर पत्नी को अपने पास बुलाने का प्रयास किया, लेकिन पत्नी नहीं आई। इससे आहत युवक ने पत्नी के वियोग में घर के छत से निकले कुंडा में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी।परिवार के अन्य लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक ने परिवार में पत्नी के कदम से परेशान होकर आत्महत्या की है। मृतक युवक की बहन सुशीला देवी ने बताया कि इससे पहले भी महिला कई बार अपने प्रेमी संग जा चुकी है। लेकिन भाई पुनः घर रख लेता था। लेकिन रात में फोन से बात के बाद उसने आत्महत्या कर ली।

### शिक्षा महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**कटरा बाजार/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ की कटरा इकाई ने शिक्षा महानिदेशक लखनऊ को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि को सौपा और उसके निराकरण की मांग की है । माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने बताया की छह सूत्री मांग में शिक्षकों को दिए गए टैबलेट के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराए जाने, राजकीय कर्मचारियों की बात 31 उपार्जित अवकाश सृजित कराए जाने के संबंध में मृतक आश्रितों के देयक बकाया भुगतान के संबंध में लेखा अधिकारी कार्यालय बेसिक शिक्षा कार्यालय में स्थानांतरित करने आदि समस्याओं को लेकर के खंड शिक्षा अधिकारी का कार्य देख रहे कार्यवाहक डॉक्टर महेंद्र पाल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर महामंत्री अजय कुमार पांडे, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर बख्श सिंह कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश प्रताप मिश्र इंद्रसेन मिश्र विजय प्रकाश द्विवेदी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### तालाब पर अवैध कब्जा करने की शिकायत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में जहाँ एक तरफ जिला प्रशासन अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की बात कह रहा है,वहीं दूसरी तरफ अभी भी कुछ लोग सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण करने से बाज नही आ रहे हैं और अवैध कब्जे का सिलसिला नहीं थम रहा है।जिसकी शिकायत मंडलायुक्त से की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया बहोरी पुर निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र सच्चिदानंद ने आयुक्त से की गई शिकायत में कहा है कि गांव का तालाब जिसकी गाटा संख्या 79/0.312 है।जिसमें कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बना लिया है। उन्होने मामले की जांच कर तालाब को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।इसके साथ ही शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि इससे पहले भी कई बार अतिक्रमण की शिकायत की जा चुकी हैं,लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहा है। बताया गया है कि करीब चार बीघे का तालाब बामुश्किल दो से ढाई बीघा ही रह गया है।लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसलिए अब मंडलायुक्त से तालाब कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई है। मामले में हल्का लेखपाल पर अवैध कब्जेदारों से मिलीभगत होने का भी आरोप है। इस संबंध में जब एसडीएम से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

## छात्रों ने चिड़ियाघर की सैर कर पशु-पक्षियों की ली जानकारी

▸ शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने जू तथा इको पार्क का किया दौरा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की दुनिया बहुत छोटी होती है। अधिकांशतः उनका जीवन गांव तक सीमित होता है। ग्रामीण अंचल के छात्रों के जीवन में किताबी ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान तक विस्तार देने की पहल के साथ विकास खण्ड जरवल के पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भौली की शिक्षिका अर्चना पांडेय के नेतृत्व में छात्रों को निजी व्यवस्था से शैक्षिक भ्रमण के लिए लखनऊ ले जाया गया। लखनऊ पहुंचकर बच्चों ने नवाब वाजिद अली शाह प्राणिउद्यान का अनुशासन के साथ भ्रमण किया। छात्रों ने वहां उन जीवों को पहली बार देखा जिनके बारे में अभी तक पुस्तकों व कहानियों में ही पढ़ा करते थे सभी बच्चे शेर, भालू, हिरण, बारहसिंघा, दरियाई घोड़ा, गैंडा, लकड़बग्घा, घड़ियाल, मगरमच्छ व विभिन्न प्रकार के देशी विदेशी पक्षियों समुद्री मछलियों, सांपों को देखकर रोमांचित हो गये व उन्होंने जंतुओं के बारे में शिक्षिका से जानकारी भी अर्जित की।शैक्षिक यात्रा के बारे में शिक्षिका ने बताया कि विगत माह विद्यालय के सभी छात्रों की सामान्य ज्ञान की लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र इस यात्रा के लिए चयनित हुए। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न प्रकार के पक्षियों एवं जानवरों के बारे में जानकारी प्रदान करवाना था, जो बच्चों की शिक्षा और समझ के विस्तार में मदद करेगा। बच्चों के परिजनों को एकदिवसीय यात्रा के विषय में जानकारी दी गई, तथा परिजनों की स्वीकृत मिलने पचात उन्हें भ्रमण पर ले जाया गया।विद्यालय में आठवीं के छात्र अमन के परिजन सुरेंद्र कुमार ने विद्यालय की शिक्षिका द्वारा प्रायोजित पहल को शिक्षाप्रद बताते हुए सराहना की। भ्रमण यात्रा में विद्यालय के छात्र अमन कुमार, रोशनी वर्मा, राधिका वर्मा, क्षमा मिश्रा, अनीता कुमारी, अंकिता, मोहिनी आदि शामिल रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में सौंपा ज्ञापन




▸ विभिन्न मांगों के संदर्भ में सौंपा ज्ञापन, जल्द हो समस्या का समाधान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई फखरपुर द्वारा शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन निशातगंज लखनऊ को खंड शिक्षा अधिकारी फखरपुर एवम बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याहन भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जा रही है विभाग द्वारा टैबलेट उपलब्ध कराया गया है परंतु टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड नहीं उपलब्ध कराया गया है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है जो नियम अनुकूल नहीं है। एवं शिक्षकों का उत्पीड़न है प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के साथ उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि मण्डल की 30 अक्टूबर 2023 एवं 9 नवंबर 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जाने के लिए समिति बनाई गई थी परंतु चार माह बीत जाने के उपरांत भी शिक्षकों की किसी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। अतः शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ फखरपुर द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड देने तथा राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश सहित विभिन्न मांगों के संदर्भ में ज्ञापन दिया है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक साकेत भूषण तिवारी अध्यक्ष सुखद राज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरशाद अहमद मंत्री तनवीर आलम कोषाध्यक्ष चंचरीक पांडे उपाध्यक्ष अमित आर्य, शरीफ अहमद अजय शुक्ला उदयप्रताप सिंह संयुक्त मंत्री मनोज कुमार महिला उपाध्यक्ष आयशा अरोड़ा तथा संगठन मंत्री रेनू मिश्रा तथा संगठन मंत्री रियाज अहमद सहित अनेक शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया थाना कोतवाली देहात का औचक निरीक्षण

▸ महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना कोतवाली देहात का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर जाकर महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की। तथा सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया। साथ ही फरियादियों /आगंतुकों के लिए बैठने और पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। माल मुकदमाती को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया और निस्तारित प्रार्थना पत्रों में फोन करके फ़ीडबैक लिया। मैस एक फिक्स मेनू के तहत खाना बनाने के लिए कहा गया। थाने पर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।एसपी वृंदा शुक्ला ने मालखाना हवालात का निरीक्षण कर हवालात में साफ सफाई रखना और सीसीटीवी से निगरानी करने के लिए प्रभारी को निर्देशित किया। सीसीटीएनएस कक्ष का भी निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क पर कुछ पूर्व की महिला शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर पुलिस द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से संतुष्टि के संबंध में स्वयं फीडबैक लिया। एसपी ने थाना परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण कर परिसर में खड़े वाहनों को सुव्यवस्थित ढ़ंग लगाने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। थाने में शौचालय का निरीक्षण किया गया शौचालय की बेहतर साफ सफाई तथा पानी की उपलब्धता के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। थाना परिसर की बैरकों का निरीक्षण कर उनकी बेहतर साफ-सफाई तथा सामान का उचित रख रखाव हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

### वाहनों को रोक कर वसूली करता है अज्ञात युवतियों का गैंग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के बाहरी हिस्सों में अच्छे कपड़ों में सज कर कुछ युवतियों की टोली वाहन चालकों से वसूली करती हैं। वाहन चालक के विरोध या फोटो खींचने पर सभी फरार हो जा रही हैं। इसको लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। बहराइच–बलरामपुर पर मार्ग पर सुबह लगभग 11:30 बजे युवतियों का एक गैंग वाहनों को रोक कर उनसे पैसे मांगता दिखा। गैंग में लगभग 10 युवतियां शामिल रहीं। युवतियों से जब पैसे मांगने की वजह पूछी गई तो भड़क गई और बदसलूकी पर उतारु हो गई। इस दौरान कई वाहन चालकों से डोनेशन के नाम 500–500 रुपए लिए गए। महिलाओं द्वारा खुले आम की जा रही वसूली को लेकर जब कोतवाल देहात को फोन कर जानकारी दी गई, तो उन्होंने दरगाह थाना क्षेत्र बताकर रफा दफा कर दिया। वहीं जब दरगाह थाना प्रभारी को फोन किया गया, तो उन्होंने कोतवाली देहात का क्षेत्र बताया।

## शिवरात्रि महापर्व : धूमधाम से निकलेगी शिव बारात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

▸ बाबा महाकाल का स्वरूप रहेगा आकर्षण का केंद्र




शहर के पांडव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर के निकट स्थित महेश गुप्ता के आवास पर श्री महाकाल सेवक मंडल बहराइच की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई।

बैठक की अध्यक्षता महाकाल सेवक मंडल के संयोजक करण रस्तोगी व बैठक का संचालन अनुभव गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महाकाल सेवक मण्डल के अध्यक्ष ने आगामी 8 मार्च दिन शुक्रवार को साय 4:00 बजे महाशिवरात्रि के महापर्व पर श्री श्री 1008 श्री पांडव कालीन सिद्धनाथ महादेव की भव्य शिव बारात के निमित्त योजना-रचना एवं सभी शिव भक्तों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। बैठक का संचालन कर रहे अनुभव गुप्ता ने बताया कि सेवक मंडल के स्वयंसेवक वॉकी-टॉकी से पूरे कार्यक्रम के दरमियान एक दूसरे से संवाद बनाए रखेंगे एवं नगर भ्रमण पर राजाधिराज बाबा सिद्धनाथ महादेव पर पुष्प वर्षा एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। यात्रा में महाकाल सेवक मंडल के कार्यकर्ता सनातन परंपरा के अनुरूप सनातनी वेशभूषा में डमरू, ताशा आदि पारंपरिक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। भगवान शिव जी का महाकाल स्वरूप यात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। उक्त यात्रा श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी रवि गिरी जी महाराज के सानिध्य में नगर भ्रमण के लिए सिद्धनाथ मंदिर से प्रस्थान करेगी यात्रा में महिलाएं भी सम्मिलित होंगी।

## तकनीक लाएगी टीकाकरण क्षेत्र में क्रांति — गर्भवती व नौनिहालों के टीके का हिसाब रखेगा यू-विन पोर्टल

▸ जल्द ही पीएम करेंगे पोर्टल का शुभारंभ

▸ प्रदेश के सभी जिलों में टीकाकरण की होगी ऑनलाइन एंट्री

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जल्द ही आपके मोबाइल पर आपके बच्चे का नाम और उसे कौन सा टीका कब लगवाना है का मैसेज आए तो चौंकिएगा नहीं बल्कि सही समय से नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर टीका लगवा लेना। यह उसके सुरक्षित जीवन के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा और उसे संक्रामक बीमारियों से बचाने में मदद करेगा। इसके लिए जल्द ही यू -विन पोर्टल का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा । यह बातें सीएमओ सभागार में यू -विन पोर्टल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम में शत प्रतिशत लाभार्थी अनुसार सूचना व देय टीकों की रियल टाइम की स्थिति प्राप्त करने के उद्देश्य से जल्द ही यू - विन पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। इस पोर्टल में पाँच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती के टीके का ऑनलाइन ब्योरा दर्ज किया जाएगा। इस पहल से अभिभावकों को जानकारी रहेगी कि उनके बच्चे को कौन सा टीका कब लगना है। साथ ही उन्हें टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी व ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा यू -विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बच्चों व गर्भवती को देश में कहीं भी टीका लगवाने की सुविधा प्राप्त हो जाएगी जिसका वह डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे।

### टीकाकरण कार्यक्रम को मिलेगा बल

डॉ सिंह ने बताया कि यू –विन पोर्टल लांच होने के बाद किसको कौन सा टीका लगेगा और कितने लोगों को लगेगा इसकी रियल टाइम की जानकारी स्वास्थ्य कर्मियों को रहेगी इससे उन्हें शत प्रतिशत बच्चों व गर्भवती को टीकाकरण से आच्छादित करने में आसानी होगी। इसके अलावा सभी सूचनाएँ ऑनलाइन होने के कारण कार्यक्रम की समीक्षा करने में सुविधा होगी।

### इन बीमारियों से मिलेगी सुरक्षा

सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर डब्ल्यूएचओ विपिन लिखोरे ने बताया कि टीकाकरण 13 प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। इनमें टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी. डिप्थीरिया, टिटनेस, मीजल्स, परटयूसिस (काली खांसी), रूबेला, निमोनिया, वायरल डायरिया, जेई , हेपेटाइटिस टाईप बी और रोटा शामिल हैं। यह टीके शिशु जन्म के साथ ही पांच वर्ष की आयु तक बच्चों को समय–समय पर 7 बार टीके लगाये जाते हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान चार सप्ताह के अन्तराल पर टीडी के दो टीके लगाये जाते हैं। इस दौरान सभी प्रशिक्षकों को यू –विन पोर्टल पर एंट्री करने की बारीकियाँ सिखाई गयी जिसे वह ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। इस मौके पर चित्तौरा सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रताप गौतम, यूनिसेफ़ के मंडलीय प्रबन्धक साकेत शुक्ला, यूएनडीपी के वीसीसीएम राजकुमार सहित बीपीएम व बीसीपीएम उपस्थित रहे।

# विभागों की गोपनीयता भंग कर रहे के के बाबू

- डीएम को गुमराह करके जमे हैं कैंप कार्यालय में
- रिटायर होने के बाद भी कैंप कार्यालय की गोपनीयता कर रहे हैं भंग
- सरकार ने बाहरी व्यक्तियों पर लगा रखी है रोक
- शासन की गोपनीय फाइलों की गोपनीयता होती है भंग
- डीएम के कैंप कार्यालय से बोल रहा हूं... ऐसे अल्फाजों का प्रयोग करके जमाते हैं रौब
- बिल्डरों और ठेकेदारों को करते हैं फोन, फाइलों में दस्तखत करने के नाम पर वसूलते हैं रकम : आरोप

### तत्कालीन डीएम वैभव श्रीवास्तव ने लगाई थी फटकार

डीएम के कैंप कार्यालय में तैनात फर्जी कर्मचारी के के बाबू को जिला अधिकारी वैभव श्रीवास्तव के द्वारा फटकार लगाई जा चुकी है। आरोप था कि उस समय गोपनीय फाइलों के पन्ने फाड़ दिए गए थे। डीएम की फटकार के बाद बीमारी का बहाना लेकर काफी समय तक जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय में नहीं दिखाई पड़े उसके बाद जब जिला अधिकारी वैभव श्रीवास्तव का ट्रांसफर हो गया तो जिले का चार्ज लेने पहुंची जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव को भ्रमित करके फिर से उसी कुर्सी पर जाकर बैठ गए।

### बाहरी व्यक्तियों के द्वारा गोपनीय फाइलों की गोपनीयता होती है भंग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पारदर्शिता के साथ उत्तर प्रदेश में सरकार चलाने का दावा करते हैं और उनके इन दावों पर महत्वपूर्ण विभागों में पैर पसारे ऐसे कर्मचारी विभागों की गोपनीयता भंग करने का काम करते हैं। शासन स्तर पर कई ऐसे कार्य कराए जाते हैं जो या तो जिलाधिकारी को मालूम होना चाहिए या संबंधित सक्षम अधिकारी को मगर बाहरी इन व्यक्तियों के द्वारा ऐसी फाइलों की गोपनीयता भंग कर दी जाती है और जिस मकसद से शासन इन फाइलों को जिले में भेजता है। उनको ऐसे कर्मचारी पहले से भूना लेते हैं और उसका आर्थिक लाभ ले लेते हैं।

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

यूपी सरकार के द्वारा एक आदेश सूबे के सभी कलेक्टरों के पास भेजा गया और कहा गया कि किसी भी कार्यालय में जहां पर शासन की गोपनीय फाइलों का आदान-प्रदान होता हो वहां पर किसी भी बाहरी व्यक्ति को न रखा जाए। क्योंकि इन लोगों के द्वारा विभागों की गोपनीयता भंग होती है और भ्रष्टाचार के साथ-साथ सरकार और उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यों के भी गोपनीयता भंग होती है।

उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा एक लेटर जारी किया गया जिसका पत्रांक संख्या 3163/12 एल (4)/2023 जिसके अंतर्गत कहा गया है कि शासन के संज्ञान में आया है की प्रदेश के मंडल, कलेक्ट्रेट या तहसील आदि कार्यालय में सरकारी कर्मचारी द्वारा बाहर के व्यक्तियों को शासकीय कार्य करवाने हेतु न रखा जाय, ऐसे व्यक्तियों द्वारा भ्रष्टाचार और अनियमिताएं की जाने की शिकायते लगातार शासन को प्राप्त हो रही है। इसके संबंध में यह निर्देशित किया गया है कि मंडल कलेक्ट्रेट तहसील कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों को किसी भी दशा में ना रखा जाए। इसी को लेकर जिले का सबसे बड़ा कांड पोखरा मऊ रहा जहां पर कई पदमा दर्ज किया गया था अधिकारियों समेत बबुयों पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें जमीन की बहुत लंबी हेरा फेरी की गई है जिसकी जांच अभी तक चल रही है।

# राही और अमावा के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ उद्यान मंत्री ने की बैठक



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत सभागार रायबरेली में विकास खंड राही एवं अमावां के पंचायत प्रतिनिधियो का सम्मेलन हुआ। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इसकी अध्यक्षता की।

पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि एम.एल.सी, जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार से प्राप्त निधि से जनपदवासियों के विकास कार्यों को किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुने और उसके निस्तारण में हर संभव प्रयास करें। जनता की समस्याओं का निस्तारण करना ही हम सब की जिम्मेदारी है क्योंकि जनता ने इसीलिए हमें चुना है।

उन्होंने उपस्थित सदस्यों से जनपद को विकसित एवं समृद्ध बनाने हेतु चर्चा की। उन्होंने ने कहा कि अधिक से अधिक लोगो को सरकारी कार्यों और योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा इस तरह के पंचायत सम्मेलनो आयोजन का आगे भी अन्य विकास खंडों के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सुलभ तिथियों में आयोजित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### महामृत्युंजय गायत्री संगीत मय यज्ञ का आयोजन



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बाबा बलखंडेश्वर धाम परिसर में महाशिवरात्रि तक चलने वाले कार्यक्रमों में रात्रि को कृष्ण चरित्र व दिन में राम लीला, महामृत्युंजय गायत्री संगीत मय यज्ञ का आयोजन बड़े धूमधाम से हो रहा है। लोगों के सहयोग से प्रति वर्ष की भाति इस वर्ष भी वृंदावन से पधारे ब्रजरास लीला व रामलीला मंडल द्वारा तीसरे दिन रविवार रात्रि में श्री कृष्ण लीला में रास रचाने के बाद प्रहलाद लीला का सजीव मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। हास्य कलाकार ने भी मंच पर अपनी कलाकारी से सबको खूब लोटपोट किया। सोमवार को दिन की लीला में राम चरित्र लीला में नारद मोह का सजीव मंचन देख लोग भाव विभोर हो गए। गायत्री तपोवन हरिद्वार से टोली ने नौ कुंडीय श्री महामृत्युंजय यज्ञ की शुरुआत 33 कोटि देवताओं के आवाहन के साथ शुरू किया। जिसमे सभी जातियों के लोग शामिल होकर आहुतियां प्रदान कर विश्व के कल्याण की कामना की। शाम को पावन संगीत मय शिव प्रज्ञा पुराण की कथा सुन लोग बाबा बलखंडेश्वर धाम की जय जय कार करने लगे। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगो ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर भक्ति मय आयोजनों का आनंद व प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### श्रोताओं ने श्री राम कथा का किया श्रवण



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर क्षेत्र के गांव अतहा में 42वें सनातन धर्म सत्संग सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए विद्वानों ने राम के चरित्र पर प्रकाश डाला लोगों को श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने को कहा, कथा सुनकर भक्त गदगद हो गए। क्षेत्र के अतहा गांव में 42 वर्षों से अनवरत चले आ रहे हैं सनातन धर्म सत्संग सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी, अष्टमी, नवमी से प्रारंभ होता है। इस वर्ष भी दूर-दूर से आए विद्वानों में लखनऊ जनपद पधारे पं. श्री हरिओम बाजपेई ने भक्तों को बताया कि चार प्रकार के भक्त होते हैं, सबसे निम्नश्रेणी के भक्त वो होते हैं जो भगवान से केवल याचना और कामना करते हैं। दूसरे नम्बर के भक्त भगवान से न याचना करते हैं और न ही कामना करते हैं तीसरे नंबर के भक्त भगवान से भगवान की कामना करते हैं और चौथे नंबर के भक्त भगवान की याचना करते हैं। उनकी केवल प्रबल उत्कृष्ट अभिलाषा परमात्मा की प्रसन्नता प्राप्त करने में होती है। राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमको राम के जीवन को अपने चरित्र में उतारने की आवश्यकता है। राम के जीवन से हमको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर शाहजहांपुर से प्रवीण दीक्षित, कानपुर से देवीप्रसाद शास्त्री, पटना से पंकज, साध्वी पूजा, राधाकृष्ण आदि दूर-दूर से आए संत महात्माओं ने मानस की गंगोत्री में भक्तों को खूब डुबकी लगवाई।

### खस्ता मार्ग को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के गांव का संपर्क मार्ग बीते करीब आधा दशक से ध्वस्त है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्षा को प्रार्थना पत्र सौंपकर मार्ग का नवीनीकरण कराए जाने की मांग उठाई है। जिला पंचायत द्वारा करीब डेढ़ दशक पूर्व ग्राम खजुरिया से विख्यात स्वतंत्रता सेनानी स्व. साहबलाल द्विवेदी के गांव भुलभुलिया खेड़ा तक मात्र 370 मीटर डामरीकृत संपर्क मार्ग का निर्माण कराया गया था। किंतु रखरखाव के अभाव से यह संपर्क मार्ग चौड़े और गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है। अब इस मार्ग पर वाहन तो दूर पैदल तक गुज़रना मुश्किल हो रहा है। गांव के स्वतंत्रता सेनानी आश्रित नरेश कुमार द्विवेदी, विपिन कुमार द्विवेदी व उत्सव द्विवेदी के अलावा गांव के महेश, शिवम, जगदीश दीक्षित, ऊर्जित अवस्थी, कमल कुमार मिश्रा, रमा व कमलेश पुजारी आदि ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपकर मार्ग का नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

# अपराधों का गढ़ बन रहा रायबरेली

- जब गुंडे माफिया लेने लगेंगे सरकारी ठेके तो यही होगा
- मनगढ़ंत कहानी बना रहा पीडब्ल्यूडी कांड का आरोपी
- ईओ और सीओ ने घटना को नकारा, परिसर में नहीं हुई घटना

### पीडब्ल्यूडी का मुख्य आरोपी है नीरज सिंह

कुछ दिन पहले पीडब्ल्यूडी कांड हुआ था जिसमें कुछ अराजक तत्वों द्वारा आनंद तिवारी नामक व्यक्ति के ऊपर मारपीट व उसकी गाड़ी को तोड़ दिया गया था। उस पूरी घटनाक्रम का मुख्य आरोपी नीरज सिंह के साथ अन्य को बनाया गया था। जिस पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया था। जिसमें नीरज सिंह भी शामिल था जो अभी कुछ दिन पहले ही जमानत पर रिहा होकर आया।

### पिस्तौल लहराने जैसी नहीं हुई है घटना : ईओ

ठेकेदारी को लेकर आपसी जंग इन आरोपियों में आए दिन चला करती है जो अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। सूत्रों की माने तो नगर पालिका परिषद कार्यालय में या आसपास पिस्तौल लहराते या पिस्टल तान देने जैसी घटना घटित नहीं हुई। फिलहाल यह पुलिस के जांच का विषय है।

### घटना कि हो रही है जांच आरोपी बचेंगे नहीं : सीओ

अपराधियों पर शिकंजा कसने का निर्देश स्वयं मुख्यमंत्री ने पुलिस महकमें को दे रखा है। पुलिस जांच करके इस तरह के आरोप की पुष्टि करेगी और सही गलत के आधार पर कार्यवाही भी। चर्चा इस बात की भी है कि पिछले पीडब्ल्यूडी कांड में आरोपी नीरज सिंह पर सत्ता के एक बड़े नेता का वरदहस्त भी है। लेकिन पिछली बार हुई घटना में नीरज सिंह पुलिस के शिकंजे से बच नहीं पाए थे। अब इस बार देखना यह है कि पुलिस पिछली बार की तरह इस बार भी निष्पक्ष कार्रवाई करती है या फिर दबाव में जाकर सही को गलत और गलत को सही साबित करने में अपनी ऊर्जा व्यर्थ करती है।

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

भय मुक्त व अपराध मुक्त समाज की परिकल्पना मुख्यमंत्री के द्वारा देखी गई थी और ऐसा समाज स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयास भी कर रहे हैं यहां तक की उन्होंने जब उत्तर प्रदेश की कमान संभाली थी तो उनके द्वारा कहा गया था कि अपराधी या तो अपराध छोड़ दे या उत्तर प्रदेश। यही नहीं उनके द्वारा अधिकारियों को कई बार यह निर्देशित भी किया गया किसी भी गुंडे या अपराधी को सरकारी ठेके न दिए जाएं। ठेकेदारी के चक्कर में नगर पालिका गए पी डब्ल्यू डी कांड के आरोपी नीरज सिंह ने अपने भाई के हत्यारे धनंजय सिंह उर्फ धुनाडी , अंकित सिंह उर्फ फास्टर सिंह के साथ अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन लोगों ने केस में समझौता करने का दबाव बनाया। समझौता न करने की स्थिति में उसे भी मार देने की बात कही गई। नीरज सिंह ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की धर पकड़ की कोशिश भी की लेकिन वह लोग हाथ नहीं लग सके। नीरज सिंह ने अपने दिए गए बयान में साफ-साफ कहा कि घटना नगर पालिका कार्यालय की है। जहां पर सभी पिस्तौल लेकर उनको मारने करने की नीयत से धमका रहे थे। यही अगर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह की माने तो नगर पालिका कार्यालय के अंदर इस प्रकार की कोई भी घटना घटित नहीं हुई। यदि नगर पालिका के बाहर घटित हुई हो तो उसके बारे में जानकारी नहीं है। यहीं पर ही नीरज सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन होता दिखाई पड़ रहा है।

### नई शिक्षा नीति के लिए जागरूक कर मनाया गया राइजिंग चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्वच्छ भारत, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण, नई शिक्षा नीति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूक करते हुए राइजिंग चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। रायबरेली शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हुए वार्षिकोत्सव का उदघाटन ज़िलाधिकारी हर्षिता माथुर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि मनोरंजक तरीक़े से बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाना विद्यालय का प्रमुख लक्ष्य है। ज़िलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बच्चों में बहुमुखी विकास के लिए राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रयासों की सराहना भी किया। माँ मुझे अपने आँचल में छुपा ले, आओ चलें स्कूल, हम छोटे छोटे बच्चे हैं, आदि गीतों पर समूह नृत्य कर बच्चों ने खूब तालियाँ बटोरीं।आद्विका, तिश्या, मरियम, शाश्वत, वाघमी, आराध्या, शिवांग, आश्विका, आरवी, रुद्र, अन्वी, पार्थ, उर्विजा, आद्या, तनीषी आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरुस्कार प्रदान किए।

# अमृत सरोवर तालाब को इतिश्री करके छोड़ा



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बीजेपी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर तालाब महराजगंज विकासखंड क्षेत्र हलोर मे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हुई नजर आ रही है।

लाखों रुपए खर्च करके हलोर ग्राम पंचायत मे सरकार द्वारा अमृत भी सरोवर योजना के तहत तालाब खुलवाया गया तालाब का मकसद या था कि तालाब पर सेल्फी प्वाइंट बने लोगों की बैठने की व्यवस्था के लिए कुर्सियों का इंतजाम किया जाए तमाम तरह की सुविधाओं से सुसज्जित तालाब हो जिससे जनता जनार्दन का लाभ हो सके लेकिन हलोर ग्राम पंचायत में खुदा यह तालाब भ्रष्टाचार की गवाही दे रहा है लाखों रुपए खर्च करके केवल इतिश्री कर दिया गया और सरकारी पैसे का जमकर बंदर बांट किया गया अमृत महोत्सव के तहत तालाब के ऊपर झंडा फहरा के जिम्मेदारों ने अपना काम कर दिया अब इससे जनता को लाभ मिले या न मिले जिम्मेदारों से कोई मतलब नहीं तालाब की स्थिति इस प्रकार है इसको देखने के बाद यही लगेगा कि केवल खाना पूर्ति करके तालाब ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव और ब्लॉक के जिम्मेदारों की मदद से लाखों रुपए का गबन किया गया अगर तालाब की जांच कर दी जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी एक हो जाएगा।

> इस विषय में जब मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठीक है पहले मैं उसको दिखाती हूं फिर अपने बयान जारी करती हूं।

# सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ एसडीएम सीओ, कोतवाल ने किया पैदल मार्च



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम सीओ कोतवाल ने फोर्स के साथ महराजगंज कस्बे में किया पैदल मार्च। सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता सीओ यादवेंद्र पाल कोतवाली प्रभारी बालेंद्रु गौतम ने कस्बे के विभिन्न मार्गों पर पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा की गारंटी दी आगामी चुनाव और त्योहारों को देखते हुए अधिकारियों और सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा महराजगंज कस्बे में पैदल मार्च किया गया और लोगों से शांति व्यवस्था बना के रखने की भी अपील की गई।

### परीक्षा देने जा रहे छात्र को कार ने मारी टक्कर, मौत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र मेंयपरीक्षा देने जा रहे कक्षा 11 के छात्र की कार से टक्कर हो गई, हादसे में उसकी मौत हो गई वही कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी शकील का पुत्र बैसवारा इंटर कालेज में कक्षा 11 का छात्र था। सोमवार को वह प्रीबोर्ड की परीक्षा देने अम्बारा पश्चिम इंटर कॉलेज जा रहा था तभी चचिहा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार छात्र उछलकर दूर जा गिरा। स्थानीय लोगों ने दौड़कर उसे उठाया लेकिन उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। मृतक छात्रा के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिवारिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बछरावां के राजनीतिक गलियों में भी दिखा लालू प्रसाद यादव के बयान का असर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय जनता दल( ॠछ्व्ठ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गत दिवस पटना के गांधी मैदान से ढ्ढ.ह्न.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन की एक जनसभा के दौरान मंच से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए उनका अपना परिवार न होने की बात कहीद्य इसी को लेकर पूरे देश में आक्रोश पैदा हो गया और आज इस आक्रोश को शांत करने के लिए तेलंगाना में चुनावी जनसभा कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार बताते हुए लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी का करारा जवाब दिया।

इसी को लेकर बछरावां के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी लालू प्रसाद यादव के बयान पर भाजपाई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने आप को मोदी का परिवार बताया है।

जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की बछरावा नगर पंचायत के नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर, वरिष्ठ व्यापारी एवं व्यापार मंडल के संरक्षक सौरमंडल शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, बीजेपी के मंडल मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से मुजीब अहमद, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश तिवारी, मयंक रंजन द्विवेदी, आशुतोष रावत, हरिओम चतुर्वेदी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने राजद के मुखिया लालू प्रसाद यादव के की व्यक्तिगत टिप्पणी का विरोध करते हुए मैं भी मोदी का परिवार का समर्थन कियाद्य इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डिजिटलाइजेशन के विरोध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर बीआरसी डलमऊ में सैकड़ो शिक्षकों ने ब्लॉक अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह एवं मंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला जिला उपाध्यक्ष सत्येष सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष जटाशंकर बाजपेई के नेतृत्व में डिजिटलाइजेशन के विरोध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन भेजा तथा विरोध जताया। जब तक हमारे लोगों की मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा तब तक कोई भी रजिस्टर ऑनलाइन नहीं किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी के के त्रिपाठी ने ज्ञापन महानिदेशक को प्रेषित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश सिंह कोषाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा बृजेश बाजपेई दुर्गेश मिश्रा अनुज त्रिवेदी अनिल सिंह शैलेंद्र प्रताप सिंह राजेश सिंह राजेंद्र शुक्ला कंचन पांडे, अमित कुमार बाजपेई शालिनी गर्ग दिविषा सिंह रेखा यादव सविता यादव आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जिला प्रभारी का भाजपायों ने किया जोरदार स्वागत, युवा चौपाल में लिया हिस्सा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुराई बाग कस्बे में फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया भाजपा जिला प्रभारी रायबरेली जनपद के लालगंज में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान मैं हिस्सा लेने के बाद डलमऊ ब्लॉक के कटघर ग्राम सभा में आयोजित नमो युवा चौपाल युवाओं को संबोधित करने के लिए जा रहे थे नेहरू इंटर कॉलेज कटघर में आयोजित नमो युवा चौपाल को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी में कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आवाहन किया नेहरू इंटर कॉलेज कटघर में आयोजित नमो युवा चौपाल में जिला महामंत्री भाजपा



दिनेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में युवा शक्ति अपने जोश का सकारात्मक इस्तेमाल करते हुए भूत जीता चुनाव जीता के सिद्धांत पर कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का संदेश दिया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे ने कहा युवा शक्ति देश का भविष्य है और देश का भविष्य भाजपा के हाथों में सुरक्षित है इस मौके पर युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी जतन पाठक मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल जिला कार्यकारी सदस्य रवि सिंह बॉबी पंडित युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ऋषभ मिश्रा सुधीर जायसवाल निक्की कौशल मंडल उपाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पड़ोसियों ने मामूली बात पर महिला के घर पर पथराव कर किया लहुलुहान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** थाना बीघापुर क्षेत्र के गांव पाही खुर्द में पड़ोसियों ने मामूली बात को लेकर महिला के घर पर पथराव कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है। पाही खुर्द निवासी संजू पत्नी अजय वर्मा अपने मायके में माता व पिता की सेवा के लिए पुत्र के साथ रह रही है। सोमवार की दोपहर पड़ोसी केदारनाथ की पुत्री अपनी चौथी से जब वापस घर लौटी तो पूजा के ऊपर पानी उतार कर केदार की पत्नी चेतरानी ने पानी पड़ोसी महिला संजू के दरवाजे पर डाल दिया। टोना टटका का आरोप लगाते ही दोनो पक्षों में विवाद होने लगा। मामला बढ़ता देख चेतरानी की पुत्री मोहिनी, पुत्र मोहित व भाई का लड़का अशोक भी मौके पर पहुंच गए। आपा खोते हुए मोहित ने संजू के घर पर पथराव कर दिया, जिससे संजू लहूलुहान हो गई। वहीं अशोक ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए पुत्र की हत्या करा देने की धमकी दी। मोहिनी ने महिला से घर छोड़कर कर ससुराल चले जाने की बात कही। एसओ राजपाल ने बताया कि शिकायत मिली है। पुलिस बल को मौके पर भेजा गया है।

# मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से मतदान जागरूकता हेतु मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य जनपद में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करना है। यह वैन सभी विधानसभा क्षेत्र में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रमो के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि इस बार मतदान प्रतिशत और बढे।

उन्होंने ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी तैयारियां अभी से की जा रही है। जिससे कि पारदर्शी और निष्पक्ष मतदान हो सके। उन्होंने जनपद वासियों से कहा कि आप सभी लोग अपने मतदान का अवश्य प्रयोग करें। यह हम लोगों का अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है।

## फसलों पर मौसमी मार

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में आए अप्रत्याशित बदलाव ने किसानों की लहलहाती फसलों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। शुक्रवार से जारी बारिश-ओलावृष्टि ने गेहूं, चना, सरसों व सब्जियों आदि की फसलों की लगभग तैयार फसल को बिछा दिया। कभी आसमान की ओर देखकर बारिश की गुहार लगाने वाला किसान अब इसके थमने की प्रार्थना कर रहा है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। मंडियों में गई सरसों की फसल भी बारिश से प्रभावित हुई है। आशंका जताई जा रही है कि बारिश-ओलों से इस बार कुल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस महीने के अंत तक कटने को तैयार सरसों की फसल का बीज व फूल तेज बारिश व ओले से गिरने की बात कही जा रही है। किसानों को आशंका है कि गेहूं की फसल की पैदावार घट सकती है और गेहूं का दाना काला पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर बिजली गिरने से लोगों के मरने की भी खबरें हैं। लहलहाती फसल के बिछने से किसान अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहे हैं। किसान व विपक्षी दल यथाशीघ्र स्पेशल गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। वहीं सरकार ने कहा है कि 15 मार्च तक स्पेशल गिरदावरी होगी। फसलों के नुकसान का ब्योरा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करने का आग्रह किसानों से किया गया है। किसान संगठनों के नेता प्रति एकड़ पचास हजार रुपये मुआवजे की मांग कर रहे हैं। अच्छी बात यह है कि मौसम विभाग ने सोमवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद जताई है।बहरहाल, इतना तय है कि ग्लोबल वार्मिंग का संकट अब हमारे खेतों तक दस्तक देने लगा है। आमतौर पर इस मौसम में बारिश-ओलावृष्टि कम ही देखने को मिलती थी। कहा जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते बादल नीचे आ गए हैं और उच्च स्तर पर तापमान कम हो गया है। जिसकी वजह से बादलों की नमी ओलों में बदल गई। बहरहाल, जलवायु परिवर्तन से उपजे संकट से मुकाबले के लिये सरकार को गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। यूं तो ऐसे मौसम का सीधे तौर पर मुकाबला करना संभव नजर नहीं आता, लेकिन इससे बचाव के लिये किसानों को भी प्रेरित करना होगा। जिससे वे ऐसी फसलों का चयन कर सकें, जो मौसम की तीव्रता का सामना कर सकें। वहीं सरकारों को भी मौसमी अनिश्चितता से किसानों को राहत देने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। वे किसान जो क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान की सूचना दर्ज नहीं करा पाते, उनके मुआवजे को लेकर उदारता पूर्वक विचार करना होगा। इसके अलावा जिन किसानों ने फसलों का बीमा करवाया है, उन किसानों को समय रहते बीमा राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना भी जरूरी है। देश की खाद्य श्रृंखला को सुरक्षित बनाने के लिये यह नितांत जरूरी है।

# क्या वह जमाना बीत गया जब हम डॉक्टर को ईश्वर अल्लाह का दर्जा दिया करते थे

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**लगभग 10 हज़ार जूनियर डॉक्टरों के अलावा लगभग 80 प्रतिशत प्रशिक्षु कार्यबल ने एक नोटिस सौंपने के बाद पिछले सप्ताह नौकरी छोड़कर हड़ताल पर चले गए। डॉक्टरों ने मेडिकल स्टाफकी कमी और बढ़ती उम्र वाले समाज से निपटने के लिए मेडिकल स्कूल में प्रवेश में तेजी से वृद्धि करने की सरकार की योजना का विरोध किया। बिल के खिलाफडॉक्टर न्यायालय में चुनौती दे सकते हैं लेकिन मरीजों का इलाज नहीं करना उनके कर्त्तव्यों का उल्लंघन है। नैतिकता के विरुध डॉक्टरों की इस हड़ताल से प्रदेश में विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसा करने वाले डॉक्टरों के खिलाफकेस दर्ज किया जाए। साथियों बात अगर हम हड़ताल के असर की करें तोबीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक. 20 फ़रवरी को शुरू हुई हड़ताल का सबसे ज्यादा असर मेजर सर्जरीज पर होगा। पहले ही दिन सरकार के ऊपर सवालिया निशान लगने लगे और मरीजों के घरवाले हड़ताल का विरोध करने लगे।**

वैश्विक स्तरपर आज हर देश ऐसा संकल्प लेता है कि वह अपने नागरिकों को बेहतर शिक्षा प्राथमिक सुविधाएं भरपेट भोजन व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएंएज्यादा डॉक्टरों को उपलब्ध करवा कर दे सकें ताकि आपातकाल में या किसी महामारी से मुकाबला करने तत्पर रहे। परंतु साउथ कोरिया में पिछले माह की 20 फ़रवरी 2024 से जारी जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल का कारण जानकर शायद मानव जाति ही नहीं सारी दुनिया के डॉक्टर भी स्तब्ध रह जाएंगे क्योंकि एक जमाना था जब हम डॉक्टर को ईश्वर अल्लाह का दर्जा देते थेए परंतु साउथ कोरिया में वहां की सरकार ने ऐसी नीति बनाई है जिसमें सरकार हर साल 2000 डॉक्टरों को तैयार करेंगेए क्योंकि साउथ कोरिया जैसे विकसित देश में मेडिकल फैसिलिटी का बुरा हाल है वहां 1000 लोगों पर सिर्फ 2.5 डॉक्टर हैं और इस देश का हेल्थ सिस्टम 90 प्रतिशत तक प्राइवेट अस्पताल पर निर्भर है इसी वजह से डॉक्टर काफी पैसा कमाते हैं।

बस ! यही वजह है कि वहां के डॉक्टर प्रतिवर्ष 2000 डॉक्टरों को तैयार करने के डॉक्टर की पॉलिसी में अवरोध कर रहे हैं और 20 फ़रवरी से हड़ताल पर चले गए हैं जिससे मेडिकल सेवाएं अप हो गई है जो किसी भी एंगल से उचित नहीं माना जा सकता और मानवता के खिलाफ है। मेरा मानना है कि हर देश की मेडिकल एसोसिएशन दक्षिण कोरिया के इस डॉक्टरों के इस कदम का विरोध दर्ज करने की आवश्यकता है जिसकी शुरुआत भारत की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा करने की शुरुआत की जानी चाहिए। क्योंकि मेरा मानना है कि दक्षिण कोरिया के डॉक्टरों की हड़ताल नैतिकता के विरुद्ध है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेए आम जनता को ज्यादा डॉक्टर और बेहतर मेडिकल फैसिलिटी देना सरकार का कर्तव्य है इसे रोकनेत या बाधित करने वाले डाक्टर मानवता के विरोधी हैं। साथियों बात अगर कर हम दक्षिण कोरिया के डॉक्टरों की हड़ताल पर जाने की करें तो दक्षिण कोरिया में 10 हजार से ज्यादा डॉक्टरों और 80 फीसदी प्रशिक्षू स्टॉफके हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। इससे मरीज बेहाल हो उठे हैं। डॉक्टरों की व्यापक हड़ताल को देखते हुए दक्षिण कोरिया की सरकार ने उनके लिए अब गंभीर चेतावनी जारी कर दी है। सरकार ने दक्षिण कोरिया के हड़ताली डॉक्टरों से साफ कह दिया है कि या तो वह समय सीमा पर हड़ताल से वापस लौट आएं या फिर कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। दक्षिण कोरिया के स्वास्थ्य मंत्री ने स्थानीय एसबीएस रेडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर हड़ताली डॉक्टर दिन के अंत ;29 फ़रवरी तक वापस नहीं लौटते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी दक्षिण कोरिया के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अधिकांश हड़ताली डॉक्टर समय सीमा के बावजूद काम पर नहीं लौटे हैं उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर डॉक्टरों ने हड़तल खत्म नहीं की तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के काम बंद करने से अस्पतालों में अराजकता फैल गई है। बता दें कि लगभग 10 हज़ार जूनियर डॉक्टरों के अलावा लगभग 80 प्रतिशत प्रशिक्षु कार्यबल ने एक नोटिस सौंपने के बाद पिछले सप्ताह नौकरी छोड़कर हड़ताल पर चले गए। डॉक्टरों ने मेडिकल स्टाफ की कमी और बढ़ती उम्र वाले समाज से निपटने के लिए मेडिकल स्कूल में प्रवेश में तेजी से वृद्धि करने की सरकार की योजना का विरोध किया। बिल के खिलाफ डॉक्टर न्यायालय में चुनौती दे सकते हैं लेकिन मरीजों का इलाज नहीं करना उनके कर्त्तव्यों का उल्लंघन है। नैतिकता के विरुध डॉक्टरों की इस हड़ताल से प्रदेश में विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसा करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ केस दर्ज किया जाए।

साथियों बात अगर हम हड़ताल के असर की करें तोबीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक. 20 फ़रवरी को शुरू हुई हड़ताल का सबसे ज्यादा असर मेजर सर्जरीज पर होगा। पहले ही दिन सरकार के ऊपर सवालिया निशान लगने लगे और मरीजों के घरवाले हड़ताल का विरोध करने लगे।डॉक्टर्स यूनियन ने कहा सरकार नए मेडिकल कॉलेजेस खोलकर कॉम्पिटिशन बढ़ाना चाहती है। इससे हमारी सैलरी कम हो जाएंगी। हम ये कभी नहीं होने देंगे। दूसरी तरफ सरकार ने डॉक्टरों की मांग को बेतुका बताते हुए कहा कि लोगों को ज्यादा डॉक्टर और बेहतर मेडिकल फेसेलिटी हर कीमत पर दी जाएंगी। अगर डॉक्टर हड़ताल वापस लेकर काम पर लौटते हैं तो ठीक रहेगा। ऐसा नहीं होने पर एक्शन लिया जाएगा। प्राईवेट हॉस्पिटल्स के भरोसे साउथ कोरिया।साउथ कोरिया में मेडिकल लॉबी बहुत दमदार मानी जाती है। यहां हेल्थ इंश्योरेंस के जरिए अस्पताल मोटी कमाई करते हैं। इस देश का हेल्थ सिस्टम 90 प्रतिशत तक प्राईवेट हॉस्पिटल्स के भरोसे चलता है। यही वजह है कि डॉक्टर्स भी काफी पैसा कमाते हैं। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने कहा. जितने ज्यादा डॉक्टर्स बढ़ेंगे उतना ज्यादा कॉम्पिटिशन बढ़ेगा और इसकी वजह से हमारी इनकम कम होती जाएगी। लिहाजाए हम नहीं चाहते कि सरकार ज्यादा मेडिकल कॉलेज खोलकर नए डॉक्टर्स तैयार करे। साउथ कोरिया के शहरों में तो हालात फिर भी ठीक हैंए लेकिन दूर.दराज के इलाकों में हालात बहुत खराब हैं। सरकार ने स्टाफबढ़ाने का फैसला इसी तरह के क्षेत्रों को ध्यान में रखकर किया है।

स्किन और प्लास्टिक सर्जरी के डॉक्टर्स तो बेहद गिनेचुने हैं। मरीजों के इलाज प्रभावित। बड़े पैमाने पर काम रुकने के परिणामस्वरूप सर्जरी कीमोथेरेपी और सी सेक्शन को रद्द और स्थगित करना पड़ा। साथ ही सरकार ने अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य चेतावनी को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया। चो ने स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी और उभरते जनसांख्यिकीय संकट का हवाला देते हुए कहा कि सरकार अपनी सुधार योजना के लिए प्रतिबद्ध है जिससे मेडिकल स्कूल में प्रवेश में 65 प्रतिशत की वृद्धि होगी। उन्होंने कहाए अगर हम ;वृद्धि का दायरा कम करते हैं तो इससे आवश्यक चिकित्सा कार्यबल उपलब्ध कराने में देरी होगी। मतदान से पता चलता है कि दक्षिण कोरिया की 75 प्रतिशत जनता सुधारों का समर्थन करती है और राष्ट्रपति जिन्होंने हड़ताली डॉक्टरों पर सख्त रुख अपनाया है ने अप्रैल 2024 के विधायी चुनाव से पहले अपनी अनुमोदन रेटिंग में वृद्धि देखी है। साथियों बात अगर हम साउथ कोरिया सरकार के एक द्वारा उठाए गए एक्शन की करें तो सरकार हर साल 2 हजार डॉक्टर्स तैयार करना चाहती है।

## विचार

# हिंदुत्व-कारपोरेट-भगवा गठजोड़ के खिलाफ अभियान समय की मांग

**पी सुधीर**

**झारखंड में कांग्रेस की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हो गई हैं। इन दलबदलों को केवल स्वार्थी नेताओं के हरियाली वाले चारागाहों की ओर बढ़ने की एक और लड़ाई के रूप में देखना एक गलती होगी। जो कुछ हो रहा है वह कांग्रेस को अक्षम करने और खत्म करने की बड़ी साजिश का हिस्सा है, खासकर उन राज्यों में जहां वह भाजपा की मुख्य विपक्षी पार्टी है। इसका उद्देश्य यहीं तक नहीं बल्कि पूरे विपक्ष को कमजोर करना है।**

भाजपा ने कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों से दलबदल कराने के लिए एक पूर्ण अभियान शुरू किया है। नीतीश कुमार की जद (यू) और जयंत चौधरी की रालोद को भाजपा में शामिल करने के बाद, विभिन्न राज्यों में कांग्रेस के कुछ चुनिंदे नेताओं, विधायकों और पूर्व विधायकों के दलबदल की बाढ़ आ गई है। पिछले एक महीने में ही असम में दो कांग्रेस विधायकों ने राज्य में भाजपा सरकार को समर्थन देने की घोषणा की है। विशेष बात यह कि उनमें से एक असम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष थे।

इसके बाद महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण का दलबदल हुआ और वह भाजपा में शामिल हो गये। राजस्थान में कांग्रेस के चार बार के विधायक और आदिवासी नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय को अचानक अपना वैचारिक जुड़ाव भाजपा के प्रति महसूस हुआ। गुजरात में विधानसभा में मुख्य सचेतक समेत कांग्रेस के दो विधायकों ने पाला बदल लिया है। अब उनके पीछे कांग्रेस के निवर्तमान राज्यसभा सांसद और पांच बार के लोकसभा सांसद, आदिवासी नेता नाराण राठवा और उनके बेटे हैं। अरुणाचल प्रदेश में, जहां भाजपा में स्वयं दलबदलू शामिल हैं, कांग्रेस के दो विधायक नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो अन्य विधायकों के साथ इसमें शामिल हो गये हैं। बिहार में, विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के दो विधायक और राजद के एक विधायक सत्ता पक्ष में चले गये। इससे पहले विश्वास मत के दौरान राजद के तीन विधायकों ने दलबदल कर लिया था। झारखंड में कांग्रेस की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हो गई हैं। इन दलबदलों को केवल स्वार्थी नेताओं के हरियाली वाले चारागाहों की ओर बढ़ने की एक और लड़ाई के रूप में देखना एक गलती होगी। जो कुछ हो रहा है वह कांग्रेस को अक्षम करने और खत्म करने की बड़ी साजिश का हिस्सा है, खासकर उन राज्यों में जहां वह भाजपा की मुख्य विपक्षी पार्टी है। इसका उद्देश्य यहीं तक नहीं बल्कि पूरे विपक्ष को कमजोर करना है। कांग्रेस और कुछ विपक्षी नेताओं को दलबदल करवाकर भाजपा में शामिल होने के लिए भगवा पार्टी दोहरी रणनीति अपना रही है। इसमें जबरदस्ती की रणनीति का उपयोग करना और प्रोत्साहन की पेशकश करना शामिल है-अर्थात् गाजर और छड़ी दोनों दिखाने की नीति। कमजोर नेताओं को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और केंद्रीय एजेंसियों की छड़ी के रूप में, भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से मुक्ति, चुनाव के लिए टिकट और उदार धनराशि शामिल है। जिन लोगों ने भाजपा में शामिल होने के गुण खोजे हैं उनमें से कई लोग जांच या भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों का सामना कर रहे हैं। अशोक चव्हाण इसका प्रमुख उदाहरण हैं, जो आदर्श हाउसिंग घोटाले में आरोपी हैं। असम कांग्रेस विधायक पुरकायस्थ की जांच राज्य का सतर्कता विभाग कर रहा है। इससे पहले, राकांपा के अधिकांश नेता, जिन्होंने अलग होकर एक समानांतर पार्टी बनाई है और भाजपा से हाथ मिलाया है, वे सभी ईडी द्वारा शुरू की गई विभिन्न जांचों और मामलों का सामना कर रहे थे। दूसरों के लिए, प्रोत्साहन पूरी तरह से भाड़े का है और अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए बेहतर संभावनाओं का लालच है। जो लोग ईडी,सीबीआई की दमनकारी रणनीति के आगे नहीं झुकेंगे, जेल उनका इंतजार कर रहे हैं, जैसा कि झारखंड के मुख्यमंत्री रहते हुए गिरफ्तार किये गये हेमंत सोरेन के साथ हुआ था, और दिल्ली में भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी की धमकी दी गई है। भाजपा नेतृत्व का लक्ष्य विपक्ष को खत्म कर एकदलीय शासन स्थापित करना है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि असम में कोई वास्तविक विपक्ष नहीं है और यह एक ऐसा राज्य होगा जहां सभी विधायक राज्य और केंद्र दोनों सरकारों का समर्थन करेंगे। हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न राज्यसभा चुनावों में जो हुआ उससे स्पष्ट है कि भाजपा दलबदल के एक मास्टर प्लान के अनुसार काम कर रही है। हिमाचल प्रदेश में, जहां उत्तर भारत की एकमात्र कांग्रेस सरकार है, 68 सदस्यीय विधानसभा में से 40 कांग्रेस की, 25 भाजपा की और तीन निर्दलीय विधायक थे। इन तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस सरकार का समर्थन किया था। इसके बावजूद राज्यसभा के लिए भाजपा का उम्मीदवार निर्वाचित हो गया। कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार का समर्थन किया। इस प्रक्रिया में, राज्य का बजट विधानसभा में रखने की पूर्व संध्या पर सुक्खू सरकार खुद को अनिश्चित स्थिति में पाती है।

उत्तर प्रदेश में चुनाव के लिए दस सीटों में से समाजवादी पार्टी विधानसभा में अपनी ताकत को देखते हुए तीन सीटें जीत सकती थी। लेकिन मुख्य सचेतक समेत सपा के सात विधायकों ने दलबदल कर भाजपा को वोट दिया। इस प्रकार, भाजपा राज्यसभा में दो अतिरिक्त सीटें जीतने में सफल रही और हिमाचल प्रदेश में राज्य सरकार के अस्तित्व को भी खतरा पैदा हो गया। इस घटनाक्रम से कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व को बड़ी चिंता होनी चाहिए। जबकि कोई भी भाजपा की भ्रष्ट चालों की निंदा कर सकता है, एक वैध सवाल यह है कि कांग्रेस कैसे झपकी लेते रही और उसे पता नहीं चला कि उसके भीतर क्या हो रहा है। साफ है कि विधानसभा चुनाव में जीत के बावजूद पार्टी बंटी हुई रही। कांग्रेस पार्टी की वर्तमान दुर्दशा का उदाहरण उसकी पसंद कमल नाथ हैं।

## महारैली से बदलाव का महासंदेश

बिहार के पटना में रविवार को इंडिया गठबंधन की जनविश्वास महारैली से देश की राजनीति में बदलाव का बड़ा संदेश निकला है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से पहले भी राजनीति की धारा बदली है। लेकिन रविवार को इस रैली के लिए जुटी 12 लाख से ज्यादा की भीड़ ने संभवतरू नया रिकार्ड कायम किया है। तिल रखने की जगह न होना और जनसैलाब के असल मायने क्या होते हैं, यह गांधी मैदान के नजारे को देखकर समझा जा सकता था। सत्तारुढ़ दल की रैलियों या सभाओं में अमूमन भीड़ जुट ही जाती है। अगर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की सभा हो, तब भी लोग उन्हें सुनने आ जाते हैं। लेकिन पटना में तेजस्वी यादव की अगुवाई में हुई जनविश्वास महारैली में जुटी भीड़ को सियासत में बदलाव का प्रतीक इसलिए माना जा सकता है, क्योंकि अभी न राजद सत्ता में है, न केंद्र में इंडिया गठबंधन सत्ता में है। दोनों जगह वे विपक्ष में हैं। बल्कि बिहार में तो जनवरी में ही राजद को सत्ता से बाहर करने का काम नीतीश कुमार और भाजपा ने मिलकर किया है। 17 महीनों तक राजद के साथ सरकार चलाने और उसी दौरान विपक्षी दलों को एक साथ लाने के बाद नीतीश कुमार ने जिस आसानी से पाला बदल लिया, उसे राजनीति के बड़े जानकार और धुरंधर भी सहजता से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता, इस बात को अच्छे से जानने के बावजूद यह बात न जनता के गले से उतरी, न इंडिया गठबंधन के नेताओं से कि कल तक जो नीतीश कुमार भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के दावे कर रहे थे, वे अचानक मन नहीं लगने के कारण भाजपा के ही साथी कैसे बन गए। नीतीश कुमार की इस मन न लगने वाली दलील का तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के दौरान बखूबी जवाब दिया था कि हम मन लगाने के लिए नहीं, जनता की सेवा करने के लिए हैं। 12 फ़रवरी को बिहार विधानसभा में दिया गया तेजस्वी यादव ऐतिहासिक रहा और लोगों ने इसमें अपने लिए नयी उम्मीद देखी। लोगों की उम्मीदों को देखते हुए तेजस्वी यादव 20 फ़रवरी से बिहार में जनविश्वास यात्रा पर निकल पड़े और इस यात्रा ने भी कई कीर्तिमान रचे। बिहार के सबसे बड़े और मुख्य विपक्षी दल राजद की इस यात्रा में हर जगह बड़ी संख्या में लोग आए। तेजस्वी यादव लोगों का विश्वास हासिल करने में सफल दिखे, जबकि नीतीश कुमार ने अपनी ही करनी से भरोसे और विश्वास जैसे शब्द को खुद से दूर कर लिया है। यही वजह है कि 2 मार्च को औरंगाबाद में हुई एक सभा में जब नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी एक साथ मंच पर थे, तो नीतीश कुमार को यह कहना पड़ा कि अब हम इधर-उधर नहीं जाएंगे, इधर ही रहेंगे। उनकी इस बात पर प्रधानमंत्री भी ठहाका लगाकर हँस पड़े। इस हँसी से भारतीय राजनीति का एक विद्रूप चेहरा सामने आया, जिसमें विश्वास की भावना के लिए मखौल के अलावा और कुछ नहीं है, केवल सत्ता और स्वार्थ ही सियासत के संचालक तत्व बन गए हैं।बहरहाल 20 फ़रवरी से 2 मार्च तक पूरे बिहार में जनविश्वास यात्रा निकालने के बाद पटना के गांधी मैदान में जनविश्वास महारैली का आयोजन किया गया, तो यह केवल राजद नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन का आयोजन बन गया। मंच पर लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और राजद के अन्य नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, भाकपा महासचिव डी राजा और माकपा महासचिव सीताराम येचुरी समेत कई नेता मौजूद रहे। पूरे गांधी मैदान में वाम दलों और राजद के झंडे लहराते दिखे। इस रैली का साक्षी बनने के लिए लोग शनिवार रात से ही जुटने लगे थे। रामधारी सिंह दिनकर की सुप्रसिद्ध कविता का अंश है-फावड़े और हल राजदण्ड बनने को हैं,धूसरता सोने से श्रृंगार सजाती हैय दो राह,समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो, सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।गांधी मैदान से यही कविता लाखों-लाख लोगों की मौजूदगी से गुंजायमान हो रही थी। हालांकि समय के रथ के इस घर्घर नाद को देश का सरकार समर्थित मीडिया दिखाने-सुनाने से परहेज कर रहा था।



# राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुन:-** सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बनें। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**सिंह:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**मकर:-** भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कायरें की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

# नफरत की दुकान वालों के शटर गिरे, क्या मोहब्बत की दुकान चल गई!

**शकील अख्तर**



**बिधुड़ी ने जो गाली-गलौज लोकसभा में की थी उससे तो विदेशों तक में मोदी को प्राब्लम हो गई थी। वह सीधे-सीधे मुसलमान के खिलाफथी। लेकिन विदेश की फिलहाल छोड़िए देश में भी उनकी इस निचले स्तर की भाषा को बहुत बुरा, शर्मनाक माना गया। बहुसंख्यक समुदाय द्वारा ही। इन लोगों के टिकट कटने से यह साफहो गया है कि भाजपा यह समझ गई है कि हिन्दू - मुसलमान की उसकी राजनीति का सेचुरेशन पाइंट अब आ गया है। अब उसकी धर्म की राजनीति हिन्दूओं के भी खिलाफजा रही है। अभी दिल्ली से जिन पांच लोगों के टिकट कटे। उनमें एक डा. हर्षवर्धन को छोड़ दीजिए तो बाकी चारों अपने लोकसभा क्षेत्र में ऐसे अहंकारी सांसदों के रूप में जाने जाते थे जिनसे कोई मिलना बात करना पसंद नहीं करता था। दिल्ली में यह चुनाव आप और कांग्रेस मिलकर लड़ रही है।**

खाला का घर नाहीं! दोनों के लिए नहीं है। भाजपा या कांग्रेस या इसे इंडिया गठबंधन कह लो दोनों को यह चुनाव पूरी ताकत से लड़ना पड़ेगा। किसी के लिए भी जीत सहज सुलभ नहीं है। भाजपा इसे समझ गई है। उसने उन लोगों के टिकट काट दिए जो सिर्फनफ़रत की राजनीति पर जिंदा थे। अभी तक भाजपा उन से खुश थी। उनके खिलाफ कभी कोई एक्शन नहीं लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फयह कहकर काम चला लिया कि वे प्रज्ञा सिंह को माफनहीं कर पाएंगे। इस वाक्य में यह ध्वनि है कि करना तो चाहते हैं मगर कर नहीं पाएंगे। क्यों? इसका जवाब अभी मिल गया कि इतनी नफ़रत, झूठ, गंदगी फैलाकर प्रज्ञा सिंह ने उस समुदाय को ही नाराज कर दिया जिसकी प्रतिनिधि बनने का वे दावा करती थीं।

गांधी को गाली देकर वे समझती थीं कि अब जहाज में वे किसी से भी लड़ सकती हैं। मुसलमान के खिलाफबोलकर वे समझती थीं कि अब क्षेत्र में किसी का भी काम करने की जरूरत नहीं। अब क्षेत्र में तो अधिकांश हिन्दू ही थे। काम उनका होना बंद हो गया था। मुसलमान से तो वे ऐसे ही मिलती नहीं थीं। तो उसके काम होने न होने का सवाल ही नहीं। हिन्दू जाते थे तो बेइज्जती उनकी होती थी। तो भाजपा क्या यह समझ गई कि अब हिन्दू-मुसलमान का नशा उतार पर है? पूरी तरह नहीं। कुछ हद तक। उसकी समझ में यह आया है कि प्रज्ञा सिंह, रमेश बिधुड़ी. प्रवेश वर्मा, मीनाक्षी लेखी की तल्ख राजनीति हिन्दुओं को भी नाराज कर रही है। ये लोग यह समझने लगे थे कि केवल नफ़रती बातें करो और उसी को काम करना समझ लो। जितना ज्यादा यह गंदी जबान बोलते थे उतना ही समझते थे कि अब उन्हें काम करने की जरूरत नहीं है। और काम न करने से जैसा कि ऊपर भी लिखा परेशान तो पूरे क्षेत्र के निवासी होते थे जो ज्यादातर बहुसंख्यक ही हैं। साथ ही जब नेता की आदत अहंकार से बात करने की हो जाए तो सबसे ज्यादा अपमान तो आसपास वालों को अपने ही समुदाय वालों को भोगना पड़ता है। धर्म को हथियार मानने वाले नेता केवल दूसरे समुदाय पर ही हमले नहीं करते। अपनी ताकत के अहंकार में वे अपने लोगों को भी नहीं बख्शते। प्रधानमंत्री मोदी को इसलिए इन लोगों के टिकट काटना पड़े कि अब यह नुकसान करने लगे हैं। बिधुड़ी ने जो गाली-गलौज लोकसभा में की थी उससे तो विदेशों तक में मोदी को प्राब्लम हो गई थी। वह सीधे-सीधे मुसलमान के खिलाफथी। लेकिन विदेश की फिलहाल छोड़िए देश में भी उनकी इस निचले स्तर की भाषा को बहुत बुरा, शर्मनाक माना गया। बहुसंख्यक समुदाय द्वारा ही। इन लोगों के टिकट कटने से यह साफहो गया है कि भाजपा यह समझ गई है कि हिन्दू -मुसलमान की उसकी राजनीति का सेचुरेशन पाइंट अब आ गया है। अब उसकी धर्म की राजनीति हिन्दूओं के भी खिलाफजा रही है। अभी दिल्ली से जिन पांच लोगों के टिकट कटे। उनमें एक डा. हर्षवर्धन को छोड़ दीजिए तो बाकी चारों अपने लोकसभा क्षेत्र में ऐसे अहंकारी सांसदों के रूप में जाने जाते थे जिनसे कोई मिलना बात करना पसंद नहीं करता था। दिल्ली में यह चुनाव आप और कांग्रेस मिलकर लड़ रही है। जो यह कहते थे कि इंडिया गठबंधन से क्या होगा वे देख लें कि उसी गठबंधन के डर से भाजपा ने दिल्ली के सात में से सिर्फएक मनोज तिवारी का टिकट रिपीट किया है। और बाकी मनोज तिवारी पर चाहे जो आरोप हों वे बिधुड़ी, प्रवेश वर्मा, लेखी की तरह बदजुबान और अहंकारी नहीं हैं। और यह कोई कहने की बताने की बात नहीं है कि इन लोगों के अहंकार का सबसे बड़ा शिकार हिन्दू ही होते हैं। तो भाजपा ने यह समझ लिया कि अब ये लोग उपयोगी तो हैं ही नहीं बल्कि नुकसान करने वाले हो गए हैं। यह दिल्ली है। यहां देश भर से आए लोग रहते हैं। आज माहौल इतना नफ़रत और विभाजन का हो गया है। मगर पहले तो यहां धर्म, जाति, क्षेत्र का कोई महत्व ही नहीं होता था। यहां से मलयाली सीके नायर जिन्हें दिल्ली का गांधी कहा जाता था दो बार 1952, 57 में चुनाव जीते। यहां सीएम स्टीफन यह भी मलयाली, सुचेता कृपलानी, सुभद्रा जोशी, अर्जुन सिंह, केसी पंत जैसे दिल्ली के बाहर के लोग चुनाव लड़े। वाजपेयी, आडवानी, राजेश खन्ना, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे कई बड़े नाम तो हैं ही। यह तो बाद में हुआ कि यहां पंजाबी, वैश्य, पूर्वांचल के नाम पर टिकट दिए जाने लगे। मगर पहले ऐसा नहीं होता था। खैर अब चुनाव सिर पर आ गए हैं तो दोनों पक्ष अपनी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# ओलावृष्टि से तबाह किसानों की आर्थिक मदद के लिए सांसद ने की सीएम से मुलाकात

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड क्षेत्र में हुई अति बारिश एवम ओला वृष्टि से अन्नदाताओं की फसलें चौपट हो गई है लगभग 10 दिन से हुई बारिश और बर्फबारी ने खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है इसी प्राकृतिक आपदा को देखते हुए हमीरपुर महोबा तिंदवारी से सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने मंत्री रामकेश निषाद के साथ जाकर उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए मदद की तत्काल मांग रखी है क्षेत्रीय सांसद का कहना है कि मुख्यमंत्री ने तत्काल किसानों को राहत के लिए जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभावित अन्नदाताओं की फसलों का सर्वे कर 24 घंटे में राहत पहुंचाई जाए उसमे कोई भी उदासीनता नही बरती जानी चाहिए

बेमौसम वारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे मायूस हो गए हैं तथा आपदा ने अन्नदाता के अरमानों पर पानी फेर दिया है आपदा का बुंदेलखंड से गहरा रिश्ता सा हो गया है।साल दर साल पड़ने वाली आपदा के कारण यहां का किसान पूरी तरह से टूट चुका है।कभी सूखा तो कभी ओलावृष्टि तो कभी अतिवृष्टि के कारण किसानों के जख्म नासूर बनते चले जा रहे हैं।कुदरती मार से किसान पूरी तरह तबाह हो चुका है

अब देखने वाली बात होगी की वर्तमान सरकार तबाह हो चुके अन्नदाताओं के जख्मों पर कितना मरहम लगाती है।

# नायब तहसीलदार चरखारी ने अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों का किया सर्वे

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



जनपद महोबा की कई ग्राम पंचायतों में लगातार तीन दिनों से बारिश तथा ओलावृष्टि ने किसान के जीवन को अस्तव्यस्त कर दिया है, फसलों में हुए नुकसान की सूचना पाकर प्रशासन अलर्ट हो गया जिसके तहत नायब तहसीलदार चरखारी आलोक मिश्रा, राजस्व निरीक्षक मसूद अहमद व लेखपाल राजेश यादव ने चरखारी की कई ग्राम पंचायत जिनमें सूपा, नरेड़ी, स्वासा माफ, सालट में पहुंचकर फसलों के खराब होने से मायूस किसानों को ढांढस बंधाया तथा फसलों में हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलवाने की बात कही।

खेतों में पानी भर जाने के कारण फसल पूर्ण रूप से बर्बादी की कगार पर है जहां एक और किसान तमाम समस्याओं से जूझता आ रहा है, वहीं अतिवृष्टि तथा ओलावृष्टि ने किसानों को बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। किसानों के ऊपर विगत कई वर्षों से पड़ रही प्रकृति की इसी मार की वजह से किसान अपनी बदहाली से नहीं निकल पा रहा है।

# बैंक अध्यक्ष ने भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लोगों को बताई सरकार की योजनाएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर के मोदी सरकार में योजनाओं के लाभार्थी से मिलकर बात की साथ ही अन्य लोगों को भाजपा सरकार की योजनाओ की जानकारी दी।

इसी के क्रम में कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंडल श्रीनगर क्षेत्र के अतरार माफ में लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत घर-घर जनसंपर्क कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया साथ ही घर-घर मोदी की गारंटी का पत्र के ग्रामीणों को सौंप साथ ही लाभार्थियों से मुलाकात करते हुए फीडबैक फॉर्म भी भरे इस मौके पर भाजपा नेता कोपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, विधानसभा प्रभारी अनूप सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश नामदेव, भाजपा मंडल महामंत्री बृज किशोर राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, भाजपा नेता नीरज शिवहरे, यादवेंद्र सिंह, सेक्टर संयोजक बाबूलाल विश्वकर्मा ,बूथ अध्यक्ष तोरण सिंह, बूथ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा, केंद्र संयोजक भगवान दास कुशवाहा, चंद्रपाल सिंह, नंदू कुशवाहा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाजपाइयों ने लाभार्थियों से किया संपर्क

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कुरारा के ग्राम पंचायत उमराहट के हरौलीपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने बूथ चलो व बूथ जीतो अभियान के अंतर्गत ग्राम भ्रमण किया। केंद्र की मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। लाभार्थियों से सम्पर्क कर पत्रक वितरित किए एवं सुझाव से संबंधित 9090902024 पर व लाभार्थी से सम्बंधित 9638002024 पर मिस्ड कॉल करवाई। जिसमें लाभार्थी किसान सम्मान निधि अजय कुमार, श्यामबाबू, शिवशंकर, देवेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, देविचरन, राघवेंद्र से एवं गैस कनेक्शन सरोज, विमलेश से अन्य योजनाओं को लेकर संपर्क किया। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के पक्ष में मतदान करने एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर नीरज कुमार, देव सिंह, रामसनेही निषाद, लल्लू निषाद, देवी सिंह, जितेंद्र कुमार, उदयभान निषाद, अच्छेलाल निषाद, शकुंतला, भूरी, रामविलास, शिवम, विनय शुक्ला, हनुमान, अनिल निषाद, गुलाब सिंह, जगदीश, कुसुम, राहुल, खुशीराम, हरी ओम से संपर्क किया। जिला सह मीडिया प्रभारी अभिनव तिवारी, अनुज द्विवेदी, राजेंद्र, गोपाल शुक्ला, योगेंद्र सिंह, अश्वनी शुक्ला, मौनी यादव, कुलदीप चतुर्वेदी, राजवीर सिंह, राहुल तिवारी, अनुज शुक्ला, बृजेश शुक्ला, दिनेश शुक्ला आदि लोग रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रेमिका की शादी तय होने पर युवक ने घर से दो किलोमीटर दूर पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अजबपुर गांव निवासी मोहित कुमार 23 पुत्र भानू प्रताप शनिवार शाम करीब चार बजे बिना बताए घर से चला गया था। इसके बाद परिजनों ने कई जगह खोजबीन की पर कुछ पता नहीं चल सका। कुंडेश्वर में स्थित इंडेन गैस गोदाम के पास बबूल के पेड़ पर किसानों ने शव को लटका देखा। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। बड़े भाई सोनू कुमार ने बताया दो साल से उसके भाई का एक गांव की युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शनिवार शाम प्रेमिका की शादी की बात पता चलने से मोहित क्षुब्ध होकर घर से निकल गया था। थाना प्रभारी गणेश शंकर द्विवेदी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### फसलों की क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग




**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट गोल चबूतरे में एकत्र होकर पंचायत की। इसके बाद तीन सूत्री मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि मांगे पूरी न होने पर 9 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगे। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में अवगत कराया है कि देश को अन्न मुहैया कराने वाला किसान आज खुद भूखा और कर्ज से लदा है। किसान कभी सूखा, कभी बाढ़ तो कभी बैंक कर्ज और सिंचाई में आने वाले बिल से परेशान है। बीते दिनों हुई अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से रबी की फसलें बर्बाद हो गई है। यूनियन ने ओलावृष्टि, अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने, मुस्करा विकासखंड के ग्राम न्यूरिया, कमोखर, टीहर, कुनहेटा आदि गांवों में जंगली जानवरों से होने वाली क्षति का मुआवजा दिलाने के साथ तार फिनशिंग कराने की मांग की है। साथ ही जनपद की बंद पड़ी छानी मंडी को चालू करने व बैंकों द्वारा की जा रही वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत, जयनारायण तिवारी, पवन कुमार, सुरेश शुक्ला, भागवत यादव, शिवराज सिंह, हरीचरन, बच्चू प्रजापति, नाथूराम प्रजापति, सत्तीदीन वर्मा, रामऔतार आदि मौजूद रहे।

# पुरानी छत तोड़ते समय मलवे में दबे मजदूर की दर्दनाक मौत

**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नकरा मे एक मजदूर मकान स्वामी के घर पुरानी छत का लेन्टर तोडने का कार्य कर रहा था उसी समय पूरा लेन्टर भर भरा कर गिरने से मजदूर मलवे मे दव गया । आनन फानन में ग्रामीणो मलवे मे दवे मजदूर को घायल अवस्था मे निकाल स्वास्थ केन्द्र ले गये डाक्टर ने जाँच कर मृत पाया।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा।

सुबह ग्राम नकरा निवासी वृजेश पुत्र मुन्ना लाल अहिरवार उम्र 30 वर्ष गाँव के ही चुन्नी लाल के मकान निमार्ण के कार्य मे मजदूरी कार्य मे उसको पुरानी छत का लेन्टर तोड़ने का कार्य दिया गया था। छत तोडते समय पूरी छत भर भरा कर गिरने से मजदूर मलवे मे दव गया मौके पर मौजूद ग्रामीणो ने आनन फानन में घायल अवस्था मे मजदूर को मलवे से निकाल सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया यहाँ डाक्टर ने जाँच कर मृत घोषित किया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेजा।मृतक मजदूर अपने पिता का एक मात्र सन्तान था वह अपने पीछे पत्नी उर्मिला व दो पुत्र आकाश 5 वर्ष डुग्गु 1 वर्ष परिवार मे छोड गया जिनका आकस्मिक घटी इस घटना से रो रो कर वुरा हाल वना हुआ है।

# छात्रों से भरी कार खाई में पलटी, एक की मौत, तीन रेफर

- फिजिक्स का पेपर देने के बाद पांच छात्र कार लेकर निकले थे सैर सपाटे के लिए

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**





शहर से कुरारा की ओर से सैरसपाटा करने निकले पांच छात्रों से भरी तेज रफ्तार कार थाना कुरारा के पतारा श्रमदान के निकट अनियंत्रित हो गई। डिवाइडर से टकराने के बाद पेड़ से टकराकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से सभी छात्रों को लेकर जिला अस्पताल आई। जहां चिकित्सकों ने एक छात्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन छात्रों को जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। कार चला रहे छात्र को हल्की फुल्की चोंट होने पर उसे घर भेज दिया गया है।

सोमवार को शहर निवासी पांच छात्र कौशलेश (16) पुत्र लोकभूषण निवासी भिलावां, आमिल (18) पुत्र अनीस ग्राम पौथिया थाना ललपुरा, हर्ष चौहान (16) पुत्र रविंद्र सिंह निवासी मोहल्ला रमेड़ी, रचित पालीवाल (17) पुत्र नीरज निवासी मोहल्ला देवादास रमेड़ी व कार्तिकेय (17) पुत्र आशीष दीक्षित निवासी रमेड़ी इंटर मीडिएट में सुबह की पाली में फिजिक्स की परीक्षा देकर कुछेछा स्थित महर्षि विद्या मंदिर की बस से लौटे। इसके बाद सभी पांचों छात्रों ने घूमने फिरने का प्रोग्राम बनाया। भिलावां निवासी कौशलेश घर में खड़ी शिफ्ट डिजायर कार पर अन्य सभी दोस्तों को बैठाकर कुरारा की ओर निकल गए। वहां से लौटते समय थाना कुरारा के पतारा श्रमदान के निकट तेज गति कार एक गड्ढे को बचाने में अनियंत्रित हो गई। जो डिवाइडर से टकराने के बाद पेड़ से टकराकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। कार के पलटने पर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने दौड़कर छात्रों को किसी तरह बाहर निकालने के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने कार्तिकेय को मृत घोषित कर दिया। जबकि हर्ष चौहान, आमिल व रचित पालीवाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें कानपुर रेफर किया है। वहीं कार चला रहे कौशलेश को हल्की फुल्की चोंट होने पर उसका प्राथमिक उपचार कर घर भेजा है। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक कार्तिकेय के पिता आशीष दीक्षित एक दैनिक अखबार के जिला संवाददाता हैं इसको लेकर जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मीडिया से जुड़े लोगों के साथ उनके शुभचिंतक सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# समोसे खाकर पांच बच्चों सहित सात लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार

- संयुक्त टीम ने दोनों दुकानों पर छापेमारी कर भरा सैंपल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



ललपुरा थाने के कलौलीजार गांव में घर में बनाए गए समोसे खाकर पांच बच्चों सहित सात लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। अचानक सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। देर रात सभी को उपचार के लिए छानी सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पांच साल की बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।

कलौलीजार गांव निवासी नवल की पत्नी गोमती ने बताया कि उसकी बड़ी बहन विनीता ने कल शाम को घर में समोसे बनाए थे। इसके लिए गांव की दुकान से मसाला खरीदा था। दो दिन पूर्व लाए गए रिफाइंड तेल में समोसे तले गए थे। जिन्हें घर छोटे-बड़े सभी लोगों ने खाया था। देर रात करीब 11 बजे के आसपास अचानक से सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। देखते ही ही देखते घर के सात सदस्यों की हालत बिगड़ गई। देर रात सभी को एंबुलेंस में लादकर छानी सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने वालों में 35 वर्षीय विनीता पत्नी बृजकिशोर, इसका नौ वर्षीय पुत्र प्रिंस, पांच वर्षीय पुत्र निखिल, महेश की 10 वर्षीय पुत्री राधिका, नौ वर्षीय पत्र अमन, 50 वर्षीय सरमन पत्नी रामआसरे और नवल की पांच वर्षीय पुत्री बेबी शामिल है। इन सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, बेबी की हालत गंभीर बनी हुई है।वहीं सहायक आयुक्त (खाद) द्वितीय राम अवतार सिंह यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक तथा नायब तहसीलदार प्रदीप निगम की उपस्थिति में ग्राम कलौलीजार में पीडित परिवार के बताये अनुसार खाद्य कारोबारकर्ता अभिषेक पुत्र हरिपाल के खाद्य कारोबार प्रतिष्ठान से 01 रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल (मयूर एक्टिव ब्राण्ड) का नमूना, 01 मैदा का नमूना एवं छोटे लाल कुशवाहा पुत्र स्व0 पुसवा के खाद्य कारोबार प्रतिष्ठान से 01 सब्जी मसाला (गोल्डी ब्राण्ड पैक्ड) का नमूना सहित कुल 03 नमूनें संग्रहीत किये गये। जिसे जांच हेतु विशेष वाहक द्वारा राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध विधिसंगत कार्यवाही की जायेगी। सचल दल में मनोज कुमार जायसवाल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सम्मिलित रहे।

# डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया।

स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम कक्ष, वीवीपैट कक्ष आदि देखा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि का अवलोकन किया जो क्रियाशील पाए गए। उन्होंने लॉक बुक, सुरक्षा व्यवस्था, सहित अन्य व्यवस्था आदि का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फायर अलार्म सिस्टम को भी देखा। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

इस मौके पर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु, तहसीलदार अनुभव चन्द्रा तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# बदलते मौसम में संक्रामक बीमारियों की दस्तक

**मुस्करा, समृद्धि न्यूज।**

आए दिन मौसम के बदलते मिजाज से कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों में संक्रामक बीमारियों ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिए हैं। उल्टी, दस्त, सर्दी, जुकाम व बुखार से पीड़ित मरीजों की अस्पतालों में भरमार है। रोजाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सैकड़ों की संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। सुबह से ही ओपीडी कक्ष में मरीजों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है।

सीएससी में हालात यह है कि पर्चा बनवाने से लेकर दवाइयां लेने तक लोगों को घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। बदलते मौसम के चलते कभी तेज धूप तो कभी बारिश तो कभी ठंडी हवाएं चलने से लोगों में सिर दर्द, सर्दी, जुकाम एवं उल्टी दस्त जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं।

इसी वजह से सीएचसी में मरीजों की संख्या में रोजाना इजाफा हो रहा है। बीते एक पखवाड़े से मौसम का मिजाज आए दिन बदल रहा है। कभी तेज धूप, तो कभी बदली छाने और फिर एकाएक रुक कर बारिश होने से लोग विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीएस राजपूत ने बताया कि मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन से वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, उल्टी एवं दस्त के मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।

प्रतिदिन ओपीडी में 250 से अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इसके बावजूद मरीजों की संख्या घट नहीं रही। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। कहा कि ठंड से बचें, बारिश में अपने आप को भीगने से बचाएं, बासी भोजन का सेवन न करें, संक्रमित व्यक्तियों को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराएं। घर को साफ रखें एवं संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाकर रहें। वहीं सीएससी के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.शिवजी गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार का मौसम छोटे बच्चों के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। जिसके चलते बच्चों में बीमारियों का होना आम बात है। कहा ऐसे में लोगों को अपने बच्चों के प्रति सजग रहने की जरूरत है। खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों में बुखार आदि होने पर तत्काल अस्पताल में जाकर समय पर इलाज कराएं।

# अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, सांकेतिक जाम लगाया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



अधिवक्ताओं का सोमवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करते हुए बस स्टैंड पर चौराहे में सांकेतिक जाम लगाया।

अधिवक्ता संघ पिछले 20 फरवरी से फैमिली कोर्ट की महिला जज के खिलाफ हड़ताल पर हैं। जजी परिसर में अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी है। अधिवक्ताओं का आरोप है जज ने बिना बहस के 300 से ज्यादा फाइलें रद्द कर दी हैं। अधिवक्ताओं और महिला जज के बीच चल रहे टकराव में शुरू की गई हड़ताल से अदालतों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। अधिवक्ताओं में प्रशांत किशोर सिंह, रामदत्त पाठक, सुधीर नागायच, कृष्ण बिहारी पांडेय, संदीप चंदेल, लोक भूषण राजपूत, शहजाद बान, भगवान दास दीक्षित, अश्विनी कुमार प्रजापति, अनिल शुक्ला, वीरेंद्र राजपूत, प्रशांत सिंह चंदेल, अरविंद सिंह, मिथलेश शुक्ला आदि धरने में बैठे रहे। अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा एवं राजेंद्र वीर सिंह चौहान, महामंत्री देवीप्रसाद शुक्ला, कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह गौर ने समस्त अधिवक्ताओं से सहयोग करने की अपील की। वहीं अधिवक्ता संजय वीर लोधी, मथुरा प्रसाद द्विवेदी सहित तमाम वकीलों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बस स्टैंड चौराहे पर सांकेतिक जाम लगा कर विरोध जताया।

### प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर सूचना विभाग द्वारा आयोजित होगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों के प्रचार,प्रसार हेतु एवं सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जनपद में 05 मार्च 2024 से 07 मार्च 2024 तक तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन मुख्यालय स्थित चौरा देवी मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 05 मार्च 2024 को माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। इस भव्य चित्र प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर लोग प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों, नीतियों एवं योजनाओं की उपलब्धियो से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । इसमे विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी ।

# भाजपा ने किया शक्ति वंदन दौड़ का आयोजन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

हमारी मातृशक्ति में बहुत उत्साह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो संकल्प है कि नारी शक्ति मजबूत हो उसकी एक झलक आज की इस शक्ति बंधन मैराथन दौड़ में देखने को मिल रही है।

उक्त उदगार सदर विधायक सरिता भदोरिया ने÷नारी शक्ति वंदन अभियान÷ के अन्तर्गत शक्ति वंदन दौड़' जिसका आयोजन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विरला शाक्य के नेतृत्व में आयोजित शक्तिबंधन दौड़ में व्यक्त किय उन्होंने आगे कहा कि जिस हिसाब से आज यहां हमारी माताएं बहने आई है उससे मुझे आज प्रसन्नता हो रही है कि देश जिस दिशा में जा रहा है और जिस विकसित भारत की बात हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं वह मातृशक्ति के आशीर्वाद से ही संभव है नारी शक्ति बंधन मैराथन के अन्तर्गत इटावा शहर के शास्त्री चौराहे से पक्का तालाब चौराहे तक नारी शक्ति के विशाल जन समुह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि विधायक सरिता भदौरिया ने दौड़ कार्यक्रम का शुभारंभ किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विरला शाक्य, जिला उपाध्यक्ष रिचा मिश्रा, राधा पाल, श्याम राजपूत, रेखा पोरवाल, प्रमिला पालीवाल, जिला मंत्री गुड्डी बाजपेई,ममता गुप्ता, चंचल तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी रेनू शुक्ला, कोषाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, रजनी भदौरिया, कुसमा राजपूत मनी लता जाटव, सीमा यादव विनीता राजपूत, सीता मिश्रा, बबली प्रजापति, सीमा यादव चकरनगर मंडल अध्यक्ष शिवानी गुप्ता और भरथना प्रथम मंडल अध्यक्ष अंजू राजावत एवं मंडल अध्यक्ष एवं मंडल की महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रही और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# शराब की तस्करी करने वाले चार तस्कर गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस व थाना लवेदी पुलिस द्वारा संयुक्त से अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले चार अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार कर कब्जे से 203 पेटी अंग्रेजी शराब 1816 ली0, शराब तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर अशोक लीलेन्ड, कार टाटा टिआगो एवं कार होण्डा सिटी की गयी बरामद की।

एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना लवेदी पुलिस थाना लवेदी क्षेत्रान्तर्गत ईकरी तिराहे पर भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम विधीपुरा व नवादा के बीच मन्दिर के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा ट्रक कंटेनर से शराब की पेटियां उतार कर चार पहिया वाहनों में रख रहे हैं । पुलिस टीमों द्वारा सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये 4 आरोपियों हिम्मत सिंह पुत्र जतन सिंह निवासी ग्राम कुम्हारेडी थाना नगर जनपद भरतपुर राजस्थान, विनय पुत्र संजीव सिंह निवासी नवादा खुर्द कला थाना लवेदी इटावा, नन्दकिशोर उर्फ नन्दू पुत्र रघुराज सिंह निवासी मुरलीपुर थाना भरथना इटावा, मोनू तोमर उर्फ राघवेन्द्र उर्फ बजरंगी पुत्र रामसजीवन निवासी प्रिंस कलोनी उदी मोड थाना बढ़पुरा इटावा को ग्राम विधिपुरा व नवादा के बीच मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया। कन्टेनर एवं दोनों कार की तलाशी ली गयी तो उनमें से 203 पेटी विभिन्न कम्पनी की अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। इस सफलता में जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलांस मय टीम, सनत कुमार थानाध्यक्ष लवेदी, उ.नि. नरेश चन्द्र ,उ.नि. धर्मेन्द्र शर्मा, उ.नि. सौरभ सिंह, का. चिराग शर्मा, का. देवेश प्रताप सिंह, चालक का. सुशील कुमार का सराहनीय योगदान रहा। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया।

# बारिश से बर्बाद हुये किसानों को मिले मुआवजा

**सपा नेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप की मांग**

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

ओलावृष्टि व बारिश से नष्ट हुई फसलों के चलते किसानों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

पिछले कुछ दिनों से जनपद व तहसील क्षेत्र में ओलावृष्टि एवं बेमौसम बरसात के चलते किसानों की फसलें नष्ट हो गई हैं। उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री श्रीराम पाल व समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी के नेतृत्व में सपाइयों ने एसडीएम अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पिछले दिनों ओलावृष्टि व बारिश के चलते किसानों की फसलें नष्ट हो गई हैं। किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। अगर उन्हें मुआवजा न मिला तो किसानों में परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। इसके साथ ही किसानों के कृषक ऋण, बिजली के बिल व ट्यूबवेल के बिल माफ किए जाने की मांग की। इस मौके पर कृपाल सिंह गुर्जर, दीपू सिंह, हाजी मंसब खां, मानसिंह वर्मा, नारायण सिंह सेंगर, गजराज कुशवाहा, दीपू त्रिपाठी, थोपन यादव, सुरेश राव डेंगरे, हरिश्चन्द्र यादव, रामदास यादव, अनिल यादव, रमेन्द्र त्रिपाठी, गोल्डी अवस्थी, नारायण सिंह यादव, विनय श्रीवास्तव, महाते यादव, इमरान अंसारी, जाकिर सिद्दीकी, कपिल कुरैशी, लल्लू भईया विश्वकर्मा, शिखर मधु श्रीवास्तव, विक्रांत यादव, पुष्पेंद्र दूरवार, कमलेश यादव, दीपक पाथरे, देवेश कुमार द्विवेदी, श्यामजी प्रजापति, जयसिंह प्रजापति, जीतू साहू हीरापुर, मुलायम सिंह यादव (एड.), अनुराग यादव, शिवम यादव, महाते यादव, अनुराग यादव, प्रियांश सोनी, विक्रांत यादव, जीतू साहू, दीपक पाथरे आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते सपा नेता।

## ग्राम पंचायतों में चला मतदाता जागरूकता अभियान, मनरेगा श्रमिकों ने ली मतदान की शपथ

**बलरामपुर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जागरूकता गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित हो इसके लिए आयोजक अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज की गतिविधि में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यस्थल पर जॉब कार्ड धारकों को स्लोगन के माध्यम से स्वयं मतदान करने एवं अपने ग्राम में अन्य लोगों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई गई।

# राज्यपाल ने शोधार्थी अधिवक्ता को किया सम्मानित

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

लौना निवासी डॉक्टर विजय सिंह साहू एडवोकेट को भारत में समान नागरिक संहिता विषय पर शोध करने पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल के तीसरे दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्मानित किया गया।

एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल के तीसरे दीक्षांत समारोह में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना के साधारण किसान परिवार के डॉक्टर विजय सिंह साहू को मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय राज्य मंत्री, फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार प्रोफेसर डॉ. अनुष्का मिश्रा नायक की उपस्थिथि में समान नागरिक संहिता विषय पर शोध करने पर सम्मानित किया गया। जालौन से स्नातक तक की पढ़ाई करने के बाद विजय ने आगे की पढ़ाई बुन्देलखण्ड महाविद्यालय झाँसी से की और उसी महाविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव लड़ने के बाद वहीं शिक्षण कार्य भी किया। वर्तमान में वह जिला अधिवक्ता संघ झांसी में कार्यकारिणी सदस्य के पद पर भी निर्वाचित हुए। विजय ने सम्मान प्राप्त करने का श्रेय नानी कैलाशी देवी एवं नाना किशुन प्रसाद साहू को दिया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद नाना व नानी के चरणों में सम्मान पत्र समर्पित करते हुए कहा कि बचपन में ही माता-पिता के ब्रह्मलीन हो जाने के बाद भगवान स्वरूप नानी नाना ने लालन पालन कर उन्हें जो शिक्षा और संस्कार दिए यह उसी का परिणाम है। जिसे सुनकर उपस्थितजन भावुक हो उठे। वहीं, गांव के लोगों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई।



सम्मान प्राप्त करते डॉक्टर विजय सिंह साहू।

**विजय ने सम्मान प्राप्त करने का श्रेय नानी कैलाशी देवी एवं नाना किशुन प्रसाद साहू को दिया**

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में हुई चर्चा

**कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज**

**चिकित्सालय में मरीजों को सुख सुविधाओं के बजट से क्रय होंगे सामान**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में मरीज को बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन करके कई विषयों पर चर्चा की गई।

उप जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में उदनपुरा के चीफ फार्मासिस्ट डॉ. राकेश बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट से चिकित्सालय की कई मूलभूत सुविधाओं को प्रदान कराया जाना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप चिकित्सालय में मरीजों को सुख सुविधाओं के बजट से सामान ऋय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समिति के सिद्धांतों के अनुरूप रोगियों के कल्याण के लिए हर बेहतर कदम उठाए जाएंगे। आवश्यकता होने पर जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को भी इस विषय में अगवत कराया जाएगा। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वयक बृजभूषण तिवारी, समाजसेवी सलीम अंसारी, नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह समिति के सदस्य मौजूद रहें।

# प्राथमिक शिक्षक संघ नेताओं ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

**मध्यान्ह भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का शिक्षकों पर बनाया जा रहा दबाव**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रीति राजपूत को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक के नेतृत्व में ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों में टेबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। जिसके माध्यम से अध्ययनरत छात्रों की उपस्थित व मध्यान्ह भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का शिक्षकों पर दबाब बनाया जा रहा है । इतना ही नहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा ऐसा न करने पर मध्यान्ह भोजन की धनराशि नहीं भेजने और वेतन रोकने की कार्यवाही की बात कही जा रही है। टेबलेट तो उपलब्ध कराए गए हैं लेकिन सिम उपलब्ध नही कराई गई। शिक्षकों पर व्यक्तिगत आईडी से सिम खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है जो नियमाकूल नही है।

उन्होंने विभाग द्वारा सिम उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा बेसिक शिक्षको को राज्य कर्मचारियों की भांति एक कलेण्डर वर्ष में 31 उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार अवकाश के साथ अर्ध आकस्मिक अवकाश दिए जाने की मांग की। इस मौके पर ब्लॉक मंत्री राघवेंद्र निरंजन, अशोक कुमार, अरविंद, योगेश कुलश्रेष्ठ आदि मौजूद रहे।

# चित्रगुप्त समिति ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति लगाने पर की चर्चा

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

चित्रगुप्त समिति की एक बैठक मोहल्ला जोशियाना में दीपक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें देवनगर चौराहे पर स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापित कराने के लिए प्रयास करने व होली में भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा को लेकर चर्चा की गयी।

समिति के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि चित्रगुप्त समिति ने 4 वर्ष पूर्व भी नगर के मुख्य चौराहा देवनगर में स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापित करने के उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था किंतु अभी तक समाज की मांग पर विचार नहीं किया गया है। अपनी मांग को अमली जामा पहनाने के लिए समिति एक बार फ़िर प्रयास किया जायेगा। ज्ञापन देने के बाद भी मांग पूरी न होने पर आन्दोलन भी किया जायेगा। जनपद में कम से एक स्थान पर स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापित हो सके। मृत्युंजय श्रीवास्तव ने कि होली के बाद यम द्वितीया के दिन कुलदेवता भगवान श्री चित्रगुप्त की समिति के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति पूजा अर्चना की जायेगी। होली मिलन समारोह व पूजा कार्यक्रम को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे।

समिति के मंत्री अरविंद श्रीवास्तव ने समिति को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान में तेजी लाने व समाज को एकजुट होने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है जिसमें सबको सहयोग करना है। बैठक में श्रवण कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र निगम विजय निगम, शेखर, सुशील श्रीवास्तव दहगुवां, दिलीप श्रीवास्तव आदि कायस्थ बंधु उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत निकाली पदयात्रा

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा सोनभद्र द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत पदयात्रा नगर भ्रमण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्यअतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व विशिष्ठ अतिथि के रुप मे राज्यमंत्री उप्र सरकार संजीव कुमार गोंड,सदर विधायक भूपेश चौबे, नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद मौजूद रही। भ्रमण कार्यक्रम सवेरा ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर मेन मार्केट होते हुए चण्डी तिराहे पर समाप्त हुआ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति का जनजागरण करना था इस कार्यक्रम मे भाजपा महिला मोर्चा की महिला कार्यकर्ता हाथ मे स्लोगन लिखा हुआ स्टैण्डी व गले मे भाजपा का टोपी व पट्टा लगाकर नारा लगाते हुए गाजे बाजे के साथ नगर का भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से कुसुम शर्मा, पुष्पा सिंह, बलराम सोनी, गुडिया त्रिपाठी,रंजना पांडेय, सरोज केशरी, तारा देवी, अनामिका जायसवाल, रिशु सिंह, मीना पाटील, सुषमा गोंड, हेमलता जायसवाल, कविता यादव, सहित आदि कार्यकर्ता मौजद रहे।

# खबरें एक नजर में

## नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी ने संभाला कार्यभार



**उतरौला,बलरामपुर।** सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार सिंह यादव ने संभाला कार्यभार, प्रमोद कुमार सिंह ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पहुंचकर कार्यभार संभाला सीओ प्रमोद कुमार सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी, उन्होने बताया कि इससे पूर्व वह अयोध्या से जिले में तैनात थे,और अब उतरौला में उन्हें तैनाती मिली है।

## वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन (उरई)।** विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंगरा निवासी संजू उर्फ संजीव विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। कोतवाली में तैनात ऐसआई गोविंद सक्सेना ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** शादी में निमंत्रण खिलाने के बहाने किशोरी को ले जाकर उसके साथ युवक ने दुष्कर्म कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम हनुमंतपुरा निवासी देवेंद्र परिहार उर्फ पप्पू हाल निवासी नारोभास्कर रविवार को कुठौंद में आयोजित शादी समारोह में जाना था। उनके एक परिचित की बेटी को भी उसी शादी में जाना था। उसने किशोरी के पिता से बात की। विश्वास में आकर पिता ने बेटी को उसके साथ भेज दिया। रात करीब दो बजे जब वह किशोरी के साथ वापस आ रहा था तभी सहाव मोड़ के पास अचानक उसने बाइक रोक दी और जबरन किशोरी को अपनी हवस का शिकार बना लिया। जब किशोरी वापस आई तो पिता को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी के चिकित्सकीय परीक्षण कराया और रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## सोनभद्र स्थापना दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**सोनभद्र।** संस्कृति, साहित्य, कला, पर्यटन के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्यरत विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट की ओर से सोनभद्र स्थापना दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार, रामायण कलचर मैपिंग योजना के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के विशेषज्ञ दीपक कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री केसरवानी ने कहा कि-÷आदिकालीन संस्कृति है सोनभद्र की, आदिकाल से आधुनिक काल तक विशिष्ट संस्कृति सोनभद्र में कायम रही है।

# किसान अपने उत्पाद यूएई को बेचकर कमा सकते हैं अधिक लाभ

**रामनाथ रघुनाथ कृषक उत्पादक कंपनी के निदेशक कौशलेश पाठक ने स्वदेश लौट कर दी जानकारी**

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**




जनपद के प्रगतिशील किसान कौशलेश पाठक ने पांच दिवसीय विदेश यूनाइटेड अरब एमिरेटस की यात्रा से स्वदेश लौटने के बाद सोमवार को बताया कि यह यात्रा एपीडा की पहल पर सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश से चयनित किसानों का दल गत सप्ताह यूनाइटेड अरब एमिरेटस रवाना हुआ था। रामनाथ रघुनाथ कृषक उत्पादक कंपनी के निदेशक कौशलेश पाठक ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य किसानों के उपज का अधिक लाभ मिले और वैज्ञानिक तरीके से खेती - बाड़ी करते हुए अधिकाधिक उत्पादन किया जा सके। मालूम हो कि कृषि एवं पर प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा पहल किया गया। जिसमें कृषि के विशेषज्ञों द्वारा किसानों को खेती - बाड़ी से जुड़े विविध तौर तरीके बताए गए। ज्ञातव्य है कि जनपद सोनभद्र का पूर्वी एवं उत्तरी क्षेत्र धान का कटोरा के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र में धान की अच्छी खासी किस्मे पैदा की जाती है। यही नहीं, यहां टमाटर, मिर्ची की भी खेती बहुत बड़े पैमाने पर किया जाता है।जिसको देखते हुए उक्त संस्थान ने यहां के किसानों को अपने उत्पाद को यूनाइटेड अरब एमिरेटस निर्यात कर अधिक लाभ कमाया जा सकता है के लिए प्रेरित किया गया है।श्री पाठक ने इस विदेश यात्रा को किसानों के लिए फायदेमंद और शानदार बताया है। इस विदेशी यात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से जुड़े दर्जनों किसान प्रतिभागी रहे।

## श्यामा प्रसाद चौराहे पर अतिक्रमण हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** उतरौला नगर व श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा स्थित पुलिस बूथ से तहसील गेट तक लगी हुई रेलिंग व अतिक्रमण हटाए जाने की मांग लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने जिला प्रशासन से किया है। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार उतरौला शैलेन्द्र सिंह को सौंपा। उन्होंने कहा है कि पुलिस बूथ से तहसील गेट तक लोहे की रेलिंग लगी हुई है और सड़क तक अतिक्रमण फैला हुआ है। जिस कारण रास्ता बाधित रहता है। स्थानीय पुलिस, नगर पालिका एवं दुकान मालिकों की मिली भगत से अतिक्रमण की भरमार है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-1696/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 02/03/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बृजेश कुमार पाल पुत्र श्री गंगा सिंह पाल निवासी मो0 पाठक ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 40 मोहल्ला पाठक कायमगंज पर श्री गंगा सिंह पुत्र ईश्वरी प्रसाद के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-1697/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 02/03/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरन लता पत्नी महेन्द्र पाल निवासी मो0 प्रेम नगर ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 204A/01 मोहल्ला रेलवे रोड कायमगंज पर श्री पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र जगदीश चन्द्र प्रसाद के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

# निकायों के ईओ का पदभार संभालकर एसडीएम ने सफाई पर दिया जोर



**कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर पालिका परिषद कालपी एवं नगर पंचायत कदौरा के अधिशासी अधिकारी के पद खाली चल रहे थे, उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने पदभार ग्रहण करके निकायों के जिम्मेदारों को नगरों में स्वच्छता बनाए रखना पर जोर देते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। सोमवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय में नगर पंचायत कदौरा के वरिष्ठ लिपिक राधावल्लभ तथा नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह ने प्रभारी अधिशासी अधिकारी, एसडीएम हेमंत पटेल से मुलाकात की। कदौरा नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक ने बताया कि कार्यरत स्थाई, संविदा तथा आउटसोर्सिंग में तैनात आधा सैकड़ा सफाई कमर्चारी तैनात है। उन्होंने निर्देश दिए की निकायों में स्वच्छता के पुख्ता प्रबंध रहने चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। नगरों की सड़कों तथा गलियों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यक्रम शासन की प्राथमिकताओं में है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन का कोटेदारों को दिया गया प्रशिक्षण



कोटेदारों को बांटी जा रही नई ई पॉश व इलेक्ट्रिक बेइंग मशीन।

जालौन (उरई)। इस माह से इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन से उचित दर की दुकानों से राशन का वितरण होगा। कोटेदारों को दिए जाने वाली मशीन का प्रशिक्षण कोटेदारों को भिटारा स्थित गोदाम में दिया गया। इसके साथ ही मशीनों का वितरण भी किया गया। शासन की मंशा है कि राशनकार्ड धारकों पूरी मात्रा में राशन मिले और घटतौली की समस्या समाप्त हो। इसके लिए अभी तक चल रही ईपॉस मशीनों को इस माह से बंद किया जा रहा है। इनके स्थान पर नई ईपॉस मशीन आई हैं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक बेइंग मशीन से जोड़ा गया है। प्रशिक्षण देने वाले आगरा डिवीजन से ई पॉश मशीन के डिवीजन मैनेजर ताज खान व जनपद इंजीनियर राघवेंद्र सिंह के साथ इंजीनियर प्रशांत सिंह व प्रभंजन सिंह ने मशीन की कार्य प्रणाली से कोटेदारों को अवगत कराया। बताया कि यह मशीन खाद्यान्न की सही मात्रा रखने के बाद ही उसे स्वीकार करेगी। इसके साथ खाद्यान्न रिसीव करने की आनलाइन सुविधा भी होगी। पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि जालौन ब्लॉक के 68, कुठोन्द ब्लॉक के 58 एवं जालौन नगर क्षेत्र के 18 कोटेदारों को नई ई पॉश मशीन व इलेक्ट्रिक बेइंग चलाने का प्रशिक्षण दिलवाकर उनका वितरण किया गया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 महलई विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/एसबीएम (जी)/ पंचम वित्त/15वां वित्त टेण्डर प्रकाशन/2023-24 दिनांक 04/03/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

एसबीएम (जी)/पंचम वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत ललई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/03/2024 से 11/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | अनु0 लागत (लाख में) | जमानत धनराशि | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माण कार्य | एसबीएम (जी) | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 2.81 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | संविलियन विद्यालय महलई में वाउन्ड्री वाल निर्माण कार्य | पंचम वित्त /15वां वित्त | // // | 1.54 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3 | पंचायत घर में शौचालय निर्माण कार्य | // // | // // | 2.09 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4 | पेशकार के मकान से सूरज पाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य | // // | // // | 2.79 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का जी.एस.टी. व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान- (हरीशचन्द्र राजपूत) ग्राम पंचायत महलई, बढ़पुर फर्रु0 सचिव-(प्रभात यादव)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 बसेली विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ पंचम वित्त/15वां वित्त टेण्डर प्रकाशन/2023-24 दिनांक 04/03/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्रा0पं0 बसेली द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05/03/2024 से 11/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | अनु0 लागत (लाख में) | जमानत धनराशि | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्याम मिश्रा के घर से रामसनेही के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | पंचम वित्त /15वां वित्त | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 2.97 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | अर्जुन के घर से नीरज के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम वित्त /15वां वित्त | // // | 1.76 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3 | अमर सिंह के घर से राघवेन्द्र के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | // // | // // | 1.94 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4 | नरवीर के घर से रामनरेश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | // // | // // | 3.33 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का जी.एस.टी. व आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान- ( पवन कुमार) ग्राम पंचायत बसेली, बढ़पुर फर्रु0 सचिव-( प्रभात यादव)**

# बारिश से किसान व ईंट भट्ठे को हुआ नुकसान



**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों से रूक-रूक कर हो रही बेमौसम बरसात ने जहां खेतों में तैयार खड़ी सरसो की फसल को नुकसान पहुंचाया वहीं ईंट भट्ठा व्यवसाईंयों को भारी नुकसान पहुंचाया है। बेमौसम बारिश में क्षेत्र के अन्तर्गत आर्थिक संकट से जूझ रहे ईंट भट्ठा कारोबारी की कमर तोड़कर रख दी है। पिछले दिनों से हो रही बरसात में कच्ची ईंट गलकर बरबाद हो गई है। श्रीदत्तगंज क्षेत्र के अन्तर्गत गोमड़ी, चमरूपुर, महदेइया कोल्ही विनोहनी,आदि दर्जनों से अधिक गांवों में ईंट भट्ठा संचालित है। ईंट भट्ठों पर लाखों की संख्या में कच्ची ईंटों को खुले आसमान के नीचे सूखने के लिए रखा जाता है। जिन्हें सूखने के बाद ईंट भट्ठों के अंदर डालकर कोयला,लकड़ी आदि ईंधनों का प्रयोग कर पकाया जाता है उसके बाद बिक्री की जाती है। बीते शुक्रवार से लगातार हो रही रूक रूक कर बेमौसम बरसात ने फड़ में पथी कच्ची ईंटों को बर्बाद कर दिया। ईंट कारोबारी की माने तो बीते दिनों से हुई बरसात से भट्ठों पर पकाने के लिए रक्खी कच्ची ईंट गलकर खराब हो गई है। ईंट व्यवसाइयों ने बताया कि बरसात होने के चलते ईंट भट्ठों पर पांच से दस लाख रूपए का नुकसान हुआ है। लाखों की संख्या में कच्ची ईंटें बारिश की भेंट चढ़ गई है। ईंट भट्ठा कारोबारी किशोर यादव,ध्रुव कुमार , पवन ब्रिक आदि ने बताया कि उनके ईंट भट्ठों पर कच्ची ईंटों की पथाई का कार्य तेजी से चल रहा था,फड़ पर तैयार कच्ची ईट सूखने के लिए रखा गया था जो बे मौसम बरसात ने बर्बाद कर दिया है।



## गड्ढा मुक्त दावा सिर्फ कागजों में सीमित

**महुवा बाजार,बलरामपुर।** सरकार भले ही सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने का दावा कर रही हो किंतु सच्चाई इससे जुदा है। कस्बों से लेकर ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकीं हैं, जो राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। जहां नजर दौड़ाओ वहां गड्ढा ही नजर आता है आए दिन कोई ना कोई चोटिल हो रहा है जिम्मेदार समस्या को जानकर मूक दर्शक बने बैठे हैं। बताते चलें पिपरा राम से महुआ धनी जाने वाला मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है इस मार्ग से दर्जनों गांव जुड़े हैं। पूर्ववर्ती सरकार से लेकर वर्तमान सरकार तक से रोना रो चुके राहगीरों का कहना है कि यह मार्ग गन्ना किसानों के लिए सबसे मुफीद है बक्सरिया सेंटर होने के नाते दर्जनों गांव के किसान इसी मार्ग से होकर गन्ना क्रय केंद्र ले जाते है। पिपरा राम हाईवे से उतरते ही सड़कों पर पानी भरा रहता है कुछ दूर आगे चलने पर भारी-भरकम गड्ढा होने से लोग फंस जाते हैं लंबे समय से यहां पुल की मांग क्षेत्रवासियों के द्वारा की जाती है।

## भारतीय संस्कृति श्रेष्ठ संस्कृति इसका सभी लोग सम्मान करें: अधोक्षजानंद

**जालौन (उरई)।** वनखंडी देवी शक्ति पीठाधीश्वर महंत जमुनादास महाराज के संरक्षण में गूढ़ा न्यामतपुर के पास चल रहे नव कुंडीय रुद्र महायज्ञ में गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अधोक्षजानंद ने भक्तों को संबोधित किया। श्रीशनि धाम में नावकुण्डीय रूद्र महायज्ञ में गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अधोक्षजानंद ने भक्तों को संबोधित कर कहा कि सनातन धर्म की रक्षा में सभी को तत्पर रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति श्रेष्ठ संस्कृति है। इसका सम्मान करें, अपने परिवार में बच्चों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराएं। घरों में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम और उनके आदर्शों से भी बच्चों को परिचित कराएं। आज के समय में बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा तो दिलाएं लेकिन अपनी सभ्यता और संस्कृति को न भूलें यह ध्यान रखें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत राई विकास खण्ड राजेपुर, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/पंचम वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 04/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत राई की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 05/03/2024 से दिनांक 11/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 11/03/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन रोड से पू0मा0 विधायक खरगपुर में साइड वाल व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.54 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | नरेन्द्र के घर से अशोक शुक्ला के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.83 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | सुधीर के घर टिल्लू के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.38 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | सुनील के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | // // | // // | 2.82 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | प्रा0पा0 खरगपुर की वाउन्ड्री वाल निर्माण कार्य व मरम्मत कार्य | // // | // // | 1.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(सुनीता)**
**ग्राम प्रधान-राई, राजेपुर**

**(राजीव सुमन)**
**सचिव-राई, राजेपुर**

# लोकसभा चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है: सुब्रत पाठक

- सांसद व वरिष्ठ नेताओं ने नमो युवा चौपाल में किया उपलब्धियों का बखान

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज


मंचासीन नेतागण व संबोधित करते सांसद सुब्रत पाठक — समृद्धि न्यूज

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता द्वारा नमों युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद सहित वरिष्ठ नेताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का बखान कर युवाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सांसद सुब्रत पाठक नें कहा कि भाजपा एक बार फिर से इतिहास दोहरायेगी।

सोमवार को नगर के जीटी रोड स्थित मिश्रा पैलेस में आयोजित नमो युवा चौपाल कार्यक्रम के दौरान सांसद सुब्रत पाठक नें मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों व उपलब्धियों के चलते देश की जनता लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। जिसके चलते विपक्षी पार्टियों का मौका परस्त गठबंधन पूरी तरह विफ्ल होना तय है। विशिष्ठ अतिथि प्रदेश मंत्री भाजयुमों अरबिन्द त्रिपाठी नें कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री विनय वर्मा नें कहा कि भाजपा सरकार कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित करके एवं रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहीं है। जिससे युवा अपने सपने साकार कर सके और सफ्लता की सीडियों पर आगे बढ सकें। इस दौरान भाजयुमों जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, मंगलम पांडेय, सुमित सक्सेना, भूरा कठेरिया, सभासद भैयालाल दुवे, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, संजीव गुप्ता उर्फ टीटू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत जागरुकता प्रचार वाहन को एडीजे ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

- 09 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**आगामी** 09 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के जागरूकता प्रचार वाहन को अपर जनपद न्यायाधीश लोकेश वरूण ने हरी झण्डी दिखाकर जनपद भ्रमण के लिए रवाना किया।

सोमवारको अपर जिला जज प्रथम एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी लोकेश वरूण ने आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। प्रचार वाहन परिवार न्यायालय, एमएसीटी कोर्ट, पुलिस कार्यालय, कलेक्ट्रेट, से होते हुए विकास भवन पहुंचा तथा वहां से जिला अस्पताल से होते हुये पाल चौराहा, तहसील सदर, ग्राम न्यायालय तिर्वा, तहसील तिर्वा, एवं बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, तहसील छिबरामऊ के गाँवों के साथ ही साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में लोगों को जागरुक करेगा। इस मौके पर जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण नन्द कुमार, इन्द्रजीत सिंह, लवली जायसवाल तथा लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पैनल अधिवक्ता एवं पराविधिक स्वयं सेवक सहित समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसके अलावा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक व मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया, जिससे प्रत्येक तहसील के गाँवों एवं सुदुर क्षेत्रों में लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके।

# कृषक अब एनपीएसएस द्वारा स्वयं ही कर सकेंगे कीट और बीमारियों की पहचान

- उप कृषि निदेशक कार्यालय में विभिन्न ब्लाकों से आए किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**सोमवार को** उप कृषि निदेशक कार्यालय में जिले के विभिन्न विकास खण्ड से आए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एन.पी.एस.एस.) ऐप के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय लखनऊ क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश सिंह एवं उप-निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही ने किसानों को उन्नतशील खेती के बारे में बताया।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह ऐप किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक होगा। रीजनल सेंट्रल आईपीएम सेंटर लखनऊ के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. राहुल सुतार ने एन.पी.एस.एस. ऐप की वर्तमान उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फ्सलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े-बीमारियों की पहचान आसानी से कर सकेंगे। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी धर्मराज सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए एनपीएसएस ऐप के माध्यम से फ्सल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े-बीमारियों की पहचान के साथ-साथ किसान अपने खेत से उन कीड़े-बीमारियों की फ्टो के साथ आवश्यक डाटा फीडिंग कर सीधे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को अपने गांव से ही कीड़े-बीमारियों की सूचना भेज सकते हैं तथा उनके अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में ऐप के माध्यम से ही उनके प्रबंधन से सम्बन्धित ऐडवाइजरी मोबाइल पर ही प्राप्त कर सकते हैं। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी फ्राज़ अहमद खान ने ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न विकास खण्ड के प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने कहा सरकार पीड़ित परिवार को 20लाख रूपये दे



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**पूर्व** विधायक अरविंद सिंह यादव पहुंचे बटेला निवासी विनोद कुमार शाक्य का नकटपुर के सामने सौरिख रोड सड़क हादसे में निधन हो गया था

जिनके परिजनों से मिलकर पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के साथ शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व विधायक ने कहा सरकार पीड़ित परिवार को 20लाख रूपये दे और इसकी जॉच की जायेगा इस मौके पर संत कुमार शाक्य प्रधान अतर सिंह सक्या वेदराम शाक्य मन्नू सिंह छोटू नकटपुर सत्यराम कोटेदार सजय सिंह जयदीप सिंह अंकुर सिंह यादव मिडिया प्रभारी सुनील शाक्य ओमप्रकाश शाक्य मैजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## अधिवक्ता के भाई का ढहाया मकान, वकीलों ने किया प्रदर्शन

- तहसील के अधिवक्ताओं ने परिसर में करीब आधा घण्टे तक की नारेबाजी
- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मकान ढहा ने की आलोचना की

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** तहसील के एक अधिवक्ता के भाई का घर तहसील प्रशासन द्वारा गिराए जाने को लेकर आक्रोशित वकीलों ने तहसील में प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जबरन घर गिराए जाने की निंदा की। तहसील की न्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरवेन्द्र सिंह उर्फ दीपू यादव के नेतृत्व में करीब आधा सैकड़ा वकीलों ने सोमवार की दोपहर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इन सभी का आरोप है कि तहसील के बरिष्ठ अधिवक्ता दिगंबर सिंह यादव के भाई सुरेश यादव का मकान अबैध रूप से तहसील प्रशासन ने ढहा दिया। मकान ढहाए जाने का कोई नोटिस भी नहीं दिया गया। इस मामले में एसडीएम अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सुरेश यादव का मकान अबैध रूप से बनाया गया था। जिसको लेकर तहसील में शिकायत आई। मामले की जांच में मकान अबैध रूप से बनाए जाने की पुष्टि हुई। जिसपर मकान ढहाया गया।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने लिये सरसों के तेल के नमूने



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से एवं प्राप्त शिकायत निस्तारण के क्रम में दिनांक 03.04.2024 को सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, फर्रुखाबाद के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण विमल कुमार व आशीष कुमार वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी। नगर के मोहल्ला गढ़ी खॉ (छोटी गढ़ी), मनिहारी, फर्रुखाबाद पर स्थित इमरान पुत्र हन्नान के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर में खाद्य पदार्थ सरसों का तेल का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी ने बताया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।उन्होंने कहा कि जनमानस के स्वास्थ्य के साथ किसी को खिलवाड़ नही करने दिया जायेगा।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदानकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु 56 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित करते हुए दिनांक 04 मार्च को प्रातः 11.00 बजे से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान कहा गया कि प्रशिक्षण को बहुत बरीकी से समझें। जिससे चुनाव के दौरान आप लोगो से कोई गलती न हो। चुनाव के दौरान गलती होने पर कार्यवाही की जायेगी। इसी के चलते यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ मोहल्ले के ही एक अन्य युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। घायल युवक की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला अशफाक उल्लाह नगर निवासी माया देवी पत्नी राजेश सक्सेना द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 02 मार्च की शाम घर के बाहर खड़े उसके पुत्र मोहित के साथ मोहल्ले के ही शालू पुत्र मुनव्वर ने गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## रंजिशन की युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही दो युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बनियानी निवासी नीरज पुत्र सरमन सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की शाम वह घर की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही पंकज एवं दीपक ने रास्ते में घेर कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## रंजिश के चलते पिता पुत्री को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते पिता पुत्री के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम विशंभरपुर निवासी विक्रम सिंह पुत्र राम रूप द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की शाम व अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही गिरीश, सर्वेश, अनिकेत, नितिन कुमार आए और पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी पुत्री भावना को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कार्यों में देरी होने पर डीएम ने जतायी नाराजगी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग विकास की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित गाँवों की कार्ययोजना अनुमोदन के लिए रखी गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी मेजर प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाये कि प्रोजेक्ट उचित है या नहीं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैठकों का कार्यवृत्त जारी किया जाये। कार्यों में देरी होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गये। जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में सभी कार्यवाही कर दोबारा बैठक आयोजित करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की बगैर अनुज्ञा दलित की भूमि बेचना पड़ा महंगा

## एसडीएम ने नाम निरस्त कर वादग्रस्त भूमि राज्य सरकार के पक्ष में निहित की

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी की** बगैर अनुमति दलित की जमीन बेच देने के मामले में नाम निरस्त कर वादग्रस्त भूमि राज्य सरकार के पक्ष में निहित कर दी है।

जानकारी के अनुसार उपरोक्त फर्द आदेश दिनांक 04.04.2022 को जिलाधिकारी के न्यायालय में स्थानान्तरित किया गया था। वादी राजेंद्र किशोर पुत्र ओमप्रकाश निवासी तिवारी गली शहर फर्रुखाबाद परगना पहाड़ा, तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद ने धारा 104, 105 उ0प्र0रा0सं0 के अंतर्गत वाद मुख्य रुप से वाद प्रस्तुत किया गया है कि प्रतिवादी संख्या 01 सागर जाटव पुत्र कालीचरन अनुसूचित जाति जाटव निवासी नोनमगंज परगना पहाड़ा ने वादग्रस्त आराजी गाटा संख्या 750, 528, 0.0650 हे0 में से क्रमशः 324.3 वर्ग मीटर भूमि प्रतिवादी संख्या 02 महेश सिंह पुत्र अंगद सिंह सामान्य जाति ठाकुर निवासी न्यू सैनिक कालोनी नगला दीना भोलेपुर परगना पहाड़ा तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद एवं 324.3 वर्गमीटर भूमि प्रतिवादिनी संख्या 03 गंगा देवी पत्नी महेश सिंह जाति ठाकुर निवासी न्यू सैनिक कालोनी नगला दीना भोपुर, परगना पहाड़ा तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद को बिना डीएम की अनुज्ञा प्राप्त किये प्लाट के रुप में प्रदर्शिथ करते हुए 24 सिंतबर 2009 को अविधिक रुप से विक्रय कर निष्पादित कर दिया गया है। वादग्रस्त भूमि को उ0प्र0 राज्य सरकार में निहित किये जाने का अनुरोध किया गा है। वाद पत्र की जांच आख्या उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त की गयी। प्रकरण की जां तहसीलदार सदर से करायी गयी। तहसीलदार सदर ने अपनी जांच आख्या दिनांकित 12 जनवरी 2022 में अंकित किया गया कि वादग्रस्त भूमि गाटा संख्या 750/528/0.0650 हे0 का भाग है। जो अभिलेखों में संक्रमणीय भूमिधरी की आराजी है तथा सागर पुत्र कालीचरन के नाम दर्ज है। सागर अनुसचित जाति के व्यक्ति हैं। उक्त भूमि का विक्रय खातेदार द्वारा महेश सिंह पुत्र अंगत सिंह को किया गया है, जो सामान्य जाति के व्यक्ति हैं। उक्त अन्तरण उ0प्र0रा0सं0 2006 की धारा 98 के उपबन्धों का उल्लंघन तथा धारा 104 के अंतर्गत अन्तरण शून्य है। वादग्रस्त भूमि को राज्य सरकार में निहित किये जाने की प्रबल संस्तुति सहित आख्या प्रेषित कर दी। मैंने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अभिलेखों का भलीभांति अवलोकन किया एवं अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) व शिकायत के तर्कों को सुना। तहसीलदार सदर फर्रुखाबाद की आख्या दिनांक 12 जनवरी 2022 के अवलोकन से विधित है कि प्रश्नगत विक्रय पत्रों से सम्बन्धित भूमि गाटा संख्या 750/528/0.0650 हे0जो राजस्व अभिलेखों में विक्रेता सागर पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम जाति जाटव के नाम संक्रमणीय भूमि है। विक्रय पत्र में विक्रेता द्वारा अपनी जाति का उल्लेख नहीं किया गया है और कई तथ्यों को छिपाया है। उप जिलाधिकारी ने उपरोक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए अंकित खातेदार सागर पुत्र कालीचरन जाति जाटव निवी ग्राम द्वारा सामान्य जाति के व्यक्तियों के पक्ष में बिना अनुमति विक्रय किये जाने के आधार पर नाम निरस्त कर वादग्रस्त भूमि राज्य सरकार में निहित की जाती है। इस आदेश की एक प्रति राजस्व अभिलेखों में इंद्राज हेतु तहसीलदार सदर को प्रेषित की जाये।

संक्रामक बीमारी | पिछले एक पखवारे से जारी है मौतों का सिलसिला

# संक्रामक बीमारी से बरूआहार गांव में आधा सैकड़ा पशुओं की मौत

- पशु चिकित्सकों की टीम भी कई बार जा चुकी गांव, नहीं मिल रही राहत
- पशु चिकित्साधिकारी का दावा, निमोनिया फैलने से हो रही जानवरों की मौत

तिर्वा। समृद्धि न्यूज


अपनी बीमार भैंस को दिखाता बरूआहार का किसान — समृद्धि न्यूज

**उमर्दा विकास** खण्ड की ग्रामसभा तिर्वा देहात के मजरे बरूआहार गांव में पिछले एक पखवारे से पशुओं में संक्रामक बीमारी फैलने से अभी तक आधा सैकड़ा से अधिक पशुओं की मौत हो गई है। कई जानवर बीमार चल रहे हैं। डॉक्टरों की टीम के उपचार के बाद भी पशुओं की हालत में सुधार नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर किसान परेशान है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग रखते हुए जिला मुख्यालय से पशु चिकित्सकों की टीम भेजे जाने की मांग रखी है। तिर्वा कस्बे से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित बरूआहार गांव इन दिनों पशुओं की बीमारी से ग्रसित है। गांव के किसान सरमन, राम बहादुर, रामशंकर, गुड्डू, सर्वेश कुमार, कर्मवीर, सचिन, ननकू ने बताया कि गांव में पिछले एक पखवारे से जानवरों की मौत का सिलसिला जारी है। इन किसानों की 13 भैंस की मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई किसानों की गाय व बकरियों की मौत हो चुकी है। करीब आधा सैकड़ा से अधिक पशु पिछले एक पखवारे में मौत का शिकार हो गए है। इसके अलावा करीब दो दर्जन से अधिक जानवर बीमार चल रहे हैं। तिर्वा देहात ग्रामसभा की प्रधान नीलम राजपूत ने बताया कि पशुओं की बीमारी व मौत को लेकर तिर्वा के पशु चिकित्साधिकारी को सूचना दी जा चुकी है। उन्होने कई बार गांव में टीम भी भेजी, लेकिन मौत व बीमारी पर अकुंश नहीं लग पा रहा है। इस मामले में पशु चिकित्साधिकारी तिर्वा डॉ.मेहर सिंह ने बताया कि पशुओं में निमोनिया की बीमारी फैली है। उन्होने माना कि कुछ पशुओं की मौत हुई है। इसके अलावा टीम गांव में बीमार पशुओं का इलाज कर रही है। टीम में शामिल कुछ लोगों की परीक्षा में ड्यूटी लग जाने के कारण उपचार में कुछ व्यवधान आ रहा है। उधर ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जिला मुख्यालय से पशु चिकित्सकों की टीम गांव भेजे जाने की मांग रखी है।

# राशन विक्रेता के विरुद्ध दर्ज हुआ कालाबाजारी का मुकदमा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

उचित दर राशन विक्रेता द्वारा कार्ड धारकों को राशन न देकर कालाबाजारी करने के मामले को संज्ञान में लेकर जॉचोपरान्त पूर्ति निरीक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। सोमवार को पूर्ति निरीक्षक सदर कन्नौज अंकित अग्रवाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि ग्राम जलालाबाद स्थित उचित दर विक्रेता राजेंद्र कुमार पुत्र रामकृष्ण की दुकान पर उनके द्वारा अभिलेखों एवं गोदाम का बारीकी से निरीक्षण किया गया जिसमें 34.3 कुंतल गेहूं एवं 45.51 कुंतल चावल के कालाबाजारी करने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।










# गौशाला में मृत गौवंश को नोंच रहे आवारा कुत्ते, गौपालक बेखबर

- खगऊ गौशाला का हाल हुआ बेहाल, बेज़ुबानों पर भारी पड़ रहे हैं जंगली कुत्ते

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



गौवंश को नोंचते आवारा कुत्ते — समृद्धि न्यूज

**कहने के** लिए गाय हमारी माता है, लेकिन कहीं ना कहीं इस शब्द में भी आम आदमी का अपना स्वार्थ छुपा है। यही कारण है जिस गऊ माता तथा उसके बच्चों से पारिवारिक संबंध बनाकर निजी कार्य में उपयोग करते और जब दुर्बलता आती तो यही पशु गौवंश हमारे दुश्मन बन जाते। देर सवेरे मौका पाकर घर से बेघर कर देते। पेट की खातिर विचरण करने वाले आवारा गोवंश कहीं न कहीं हम किसानों के लिए ही मुसीबतों का कारण बनते। गोवंश संरक्षण के लिए सरकार ने जगह-जगह गौशलाओं का निर्माण कराया। वहीं ग्राम पंचायतों को सुरक्षा का जिम्मा भी सौंपा। खिलाने की भी व्यवस्थायें कीं। लाखों का बजट भी प्रशासन को उपलब्ध कराया। गौवंश सुरक्षा का जिम्मा गौपालकों को सौंपा। अफसोस कहीं ना कहीं स्वार्थ बस हर कोई मुंह मोड़ रहा। पेट की खातिर जिंदगी और मौत से संघर्ष करने वाले गौवंशों का गौशालाओ में हाल-बेहाल देखा गया। विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र की खगऊ गौशाला जहां अव्यवस्थाओं का आलम देखा गया। तमाम गौवंशों को भटकते, तो कुछ को जिंदगी मौत से संघर्ष करते हुए देखा गया। एक गौवंश जो मिट्टी के अंदर दबा हुआ संभवत उसकी मौत हो गई। जिसे पशु पक्षी अपना शिकार बना रहे थे। अफसोस सरकार ने गोवंश संरक्षण की तमाम व्यवस्थायें की फिर भी गौशालाओं में गोवंशों का हाल बेहाल देखा जा रहा। गौशाला में तमाम गौवंश जो भूख से तड़पते जिन पर पशु पक्षी और जंगली कुत्ते हावी देखे गए। बताते हैं उक्त गौशाला जिसमें एक गोवंश की मौत हो गई और शव गड्ढे में दबाया गया, लेकिन आधा अधूरा। जिसे मिट्टी में पशु पक्षी अपना शिकार बनाते हुए देखे गए हैं।

# फुरमान व प्रसाद पाकर धन्य हो गया साध समाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद साध समाज के लोग

**फुरमान व** प्रसाद अपने सर व माथे पे लगाकर नगर का साध समाज धन्य होकर अपने को गौरवान्वित हो रहा है। नगर में साध समाज के आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे के बावत उत्तराखंड के लालपुर गांव से फर्रुखाबाद में जोड़ी भेजी गई। जिसमें नरेन्द्र साध और राजेंद्र साध अपने साथ उस परमपिता मालिक का फुरमान व प्रसाद अपने सर माथे पे बांध फर्रुखाबाद आये हैं। मोहल्ला सधवाड़ा में साध समाज ने उनका जोरदार स्वागत किया। सोमार को सधवाड़ा स्थित चौकी (साधना स्थल) पर आगुंतक साधो नै बहुत ही भाव पूर्ण तरीके से समाज में एकता और भाई चारे का उपदेश दिया तथा अपने सर माथे पे बंधे उरिमान को स्थानीय साधो को सौंप दिया। जिसको सभी साधो ने बारी-बारी से अपने सर माथे से लगाकर अदब किया और फिर प्रसाद का काम भी उसी अदब के साथ किया गया। वरिष्ठ समाज सेवी अमर साध ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 22 मार्च से फर्रुखाबाद में साध समाज का वार्षिक भंडारा होना तय हुआ है। जो 22 मार्च से लेकर 28 मार्च तक प्रतिदिन चलेगा। भंडारे में देश विदेश के साध शामिल होंगे और सिर्फ मालिक का गुणगान करेंगे। आज के कार्यक्रम में राजकुमार साध, किशन साध, केशव भान साध, उत्तम साध, अशोक साध, राकेश साध, नरेश साध, सुनीत साध, गुलशन साध, संतोष साध, रोहित साध, निखिल साध, रविन शाह साध, जैस साध, राजन साध, विशांत साध, रिंकू साध, अंकित साध, रजनीश साध, राजू साध, रोमिस साध, रिशव साध आदि सैकड़ों साध मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभी तक दर्ज नहीं किया मुकदमा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से प्रतिबंधित मांस बरामद कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। अन्य आरोपितों की तलाश में भी पुलिस ने छापेमारी की लेकिन सफलता नहीं मिली। चौबीस घण्टे बीतने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। रविवार सुबह थाना पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर गांव इकलहरा निवासी एक व्यक्ति के घर छापेमारी कर प्रतिबंधित मांस बरामद कर एक आरोपित को हिरासत में लिया था। अन्य आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपित व मांस को थाने ले आयी। गौरक्षक दल के सदस्यों ने ग्रामीणों के सहयोग से कंपिल बदायूं मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवा दिया। दोपहर बाद पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 सुखदेव ने मांस के नमूने लेकर उसे परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित की निशानदेही पर अन्य आरोपितों की तलाश में दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। हालांकि चौबीस घण्टे बीतने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ व अश्लीला करने वाले आरोपी को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अजयपाल पुत्र रामखिलाड़ी कठेरिया निवासी बीसलपुर बाजार नबाबगंज को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। विगत आठ वर्ष पूर्व थाना नबाबगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 11 जुलाई 2016 को मेरी पुत्री 14 वर्षीय घर पर अकेली थी, तभी समय करीब दिन के लगभग 11 बजे गॉव अजयपाल घर के अंदर घुस आया। मेरी पुत्री को जबरदस्ती पकड़कर अश्लील हरकतें करने लगा। जब मेरी पुत्री चिल्लाई तो मेरी पत्नी व छोटी पुत्री आ गई, तभी अजयपाल मेरी पुत्री को छोड़कर भाग गया। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अजयपाल को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व 25 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया।

### दीवार गिरने से दंपति घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी परवेश उम्र 35 वर्षीय पुत्र अब्दुल हसन अपनी पत्नी आयशा उम्र 30 वर्ष के साथ छत के छज्जे की दीवार पर टेक लगाकर बातें कर रहे थे, तभी अचानक दीवाल गिरी। उसके साथ आयशा भी गिरने लगी। पत्नी को बचाने के लिए पति परवेज ने हाथ पकड़ा। पति पत्नी दोनों लोग दीवार के साथ नीचे गिरकर घायल हो गये। आनन-फानन में परिजन पति पत्नी को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये जहां डाक्टर अमित कुमार ने उपचार किया।

### वृद्धा की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम सुजातपुर बरखेड़ा निवासी श्यामादेवी उम्र 60 वर्षीय पत्नी महिपाल सिंह की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर अमित कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया।

### पैर फिसलकर महिला गिरी, घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बराबिकू निवासी खुशबू उम्र 24 वर्षीय पत्नी गिरन्द सिंह छत पर किसी काम से गई थी। रिमझिम बारिश के कारण अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। आनन-फानन मे परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लाकर भर्ती कराया।

# ट्रैक्टर से कुचल जाने से गर्भवती महिला की मौत से छाया मातम



मृतका का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज




घटनास्थल पर मौजूद ट्रैक्टर — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**ट्रैक्टर से** कुचल जाने से गर्भवती महिला की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ट्रैक्टर से कुचल जाने से गर्भवती महिला शिखा राजपूत की मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गया। थाना थाना मेरापुर के ग्राम रुखइया निवासी धर्मेंद्र राजपूत की 25 वर्षीय पत्नी शिखा करीब 9 माह की गर्भवती थी। तकलीफ होने के कारण वह आज जेठ पुष्पेंद्र राजपूत के साथ बाइक से कायमगंज में फरीदी के यहां अल्ट्रासाउंड कराने गई थी। पुष्पेंद्र बाइक से वापस घर जा रहा था। जब वह कोतवाली कायमगंज के ग्राम मटकी सुरइया के निकट से गुजर रहा था। उसी समय ह्यसामने तेजी से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शिखा सड़क पर जा गिरी और ट्रैक्टर का पिछला पहिया उसके शरीर के ऊपर से निकल गया। जिससे शिखा की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग गया। डबल ट्राली में आलू भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। बताया गया कि पहली बार शिखा के गर्भवती होने से परिवार में खुशी का माहौल था। उसका पति दिल्ली में ट्रक चलाता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# घर के बाहर सो रही वृद्ध महिला के हत्यारे को आजीवन कारावास

- पांच हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने हत्या के मामले में धर्मवीर नट उर्फ शेरा पुत्र श्यामवीर निवासी सिढ़पुरा कासगंज, हाल पता खानपुर मड़ैया अमेठी जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी देते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया है। विगत 10 वर्षों पूर्व शहर कोतवाली में राजू पुत्र शंकरलाल ने दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी माता नन्हीं देवी उर्फ शकुंतला की दिनांक 17 जून 2014 को मृत्यु हो गयी थी। मैं 16 जून 2014 को अपनी बहन के घर चांदपुर नबाबगंज गया था और रात्रि में वहीं रूका था। मेरी पत्नी और माता घर पर थे। रात पत्नी और बच्चे घर के अंदर लेते थे और माता जी घर के बाहर लेटी थी। जब सुबह मेरी पत्नी जागी तो गेट बाहर से बंद था। मेरी पत्नी छत से जाकर किसी बच्चे से गेट खुलवाया, तो देखा माताजी की गर्दन कटी हुई थी। मुझे फोन पर सूचना दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना मऊदरवाजा पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य और गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व जिला शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता श्रवण सिंह की पैरवी के आधार पर जिला एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने धर्मवीर नट को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# दस रूपया के चक्कर में हुई मारपीट, तेरह घायल, दो रेफर

- एक दिन पहले दस रूपया के चक्कर में युवती के साथ की थी मारपीट
- सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस, आज सुबह फिर हुई मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी मेराज की पत्नी मेहनाज ने रविवार की शाम पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उसकी पुत्री निगार उम्र लगभग चार वर्ष के हाथ में दस के नोट के साथ खेल रही थी। उसी समय पड़ोस के मुश्ताक की पुत्री दस का नोट लेकर भाग गई। मैनाज पुत्री निगार रोने लगी, तो मैनाज की दूसरी पुत्री तैयबा को मुश्ताक के घर शिकायत की बात कहकर भेजा था। उससे पहले मुश्ताक के परिजनों ने तैयबा को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। जिससे उसके गम्भीर चोटें आई थीं। पुलिस ने तैयबा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर विकास पटेल ने हालत गंभीर देखकर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। आज सुबह जब मैनाज अपनी पुत्री को देखने लोहिया के लिए तैयार हो रही थी, तभी पड़ोसी ने एकाएक लाठी-डंडा से हमला कर दिया। जिसमें मैनाज मेराज, शाकिर, तरन्नुम, फलक, इन्तजार, रूकसार, निहाल, अकील, अमना पत्नी लालू, लालू तथा तैयबा जो रविवार की शाम को घायल हुई थी। जिन्हें डाक्टर ने सोमवार को रेफर किया है, जबकि तैयबा को रविवार की रात में ही रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने सभी का मेडिकल परीक्षण कराया। दूसरे पक्ष से किसी ने तहरीर नहीं दी है न ही किसी का मेडिकल परीक्षण हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया की मारपीट में कई लोग घायल हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद सभी पर कार्रवाई होगी।

# पंचायत घर में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**महिला गीता** देवी पत्नी नरेंद्र सिंह ग्राम प्रधान कलौली महबुल्लापुर थाना नवाबगंज फर्रुखाबाद की निवासिनी है। दिनांक 22/23.02.2024 की रात किसी समय गांव में ही बने पंचात घर के कार्यालय कक्ष में अज्ञात चोरों ने पंचायत घर के कार्यालय कक्ष का ताल तोड़कर उसमें रखा सामान दो बैट्री बड़ी, एक स्टेब्लाइजर व एक इन्वटर, 1 प्रिन्टर मशीन, 1 सी.पी.यू., एक कम्प्यूटर सेट पूरा, 1 वाई फाई मशीन किट व अन्य सामान चोर कर ले गये। 23 फरवरी को सुबह लगभग 7 बजे प्रदान पति नरेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र सिह पंचायत घर पहुंचे और मेनगेट का ताला तोड़कर देखा,तो अंदजर कार्यालय/कम्प्यूटर कक्षका ताला टूटा हुआ मिला और गेट खुला था जब मैंने अंदर जाकर देखा कि कार्यालय कक्ष में उपरोक्तानुसार समस्त सामान गायब था। पुलिस ने तहररी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अताईपुर जदीद में निकाली गयी मतदाता जागरुकता रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मतदाता जागरुकता रैली निकालते बच्चे — समृद्धि न्यूज

**स्वीप कार्यक्रम** के तहत 3 मार्च 2024 को अताईपुर जदीद में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जो अताईपुर जदीद चौराहे से प्रारंभ होकर गली-गली घूमते हुए लोगों को जागरूक करती रही भारती मिश्रा व ब्लॉक गाइड कैप्टन ज्योति के निर्देशन में मतदाता रैली व मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भारती मिश्रा द्वारा मतदाता चौपाल में उपस्थित मतदाताओं को शपथ ग्रहण कराते हुए यह भी समझाया गया कि मतदान सभी की नैतिक जिम्मेदारी है और नवीन मतदाताओं के लिए यह तो पर्व है। ज्योति ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की की मतदान दिवस पर मतदान अवश्य करें। साथ ही मतदाता जागरूक नारे भी सभी ने लगाएं। बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता। वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। वोट हमारा है अधिकार इस करें नहीं इसको बेकार। बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान। इस अवसर पर आकांक्षा, उदय यादव, अश्विनी, अनुराग पाठक, मुकेश कुमार, शिव प्रताप, निधि सक्सेना, राजवती, सत्यवती, अभिषेक कौशल, लालू, गुड्डू, पारुल, आमिर, धर्मेंद्र, अर्जुन, योगेश कुमार, सोनू, जावेद, विवेक सक्सेना, विमल राजपूत, दीपक, महेश गुप्ता, धर्मेंद्र राजपूत, सतीश चंद्र, श्याम बाबू , चरण सिंह, शाहिद, रमेश, नरेश आदि सभी ने शपथ ग्रहण की।

# पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने पत्नी के हत्यारे मिथुन पुत्र सुरेश नागर मोहल्ला गांधीनगर सरैया शमशाबाद को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है। बीते 7 वर्षो पूर्व फर्रुखाबाद के मोहल्ला सलामत खां निवासी जगदीश पुत्र पुत्र बाबूलाल ने 15 अक्टूबर 2017 को शमशाबाद पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैंने लगभग करीब 5 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री पूजा का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज के साथ विवाह किया था। मेरी पुत्री पूजा की चाकू मारकर हत्या कर दी है। मेरी पुत्री की हत्या में मिथुन, विजय पुत्रगण सुरेश, गुड्डू, पप्पू, गौतम निवासीगण गांधीनगर शमशाबाद, बबलू ने 14 अक्टूबर को चाकू से गोंदकर हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर मिथुन के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने मिथुन को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# मुख्यमंत्री के आने की भनक से प्रशासन हुआ एलर्ट



हेलीपैड के लिए जगह का निरीक्षण करते जिलाध्यक्ष व सांसद आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के जनपद में दौरे की सम्भावना को लेकर जिला प्रशासन व भाजपा एलर्ट हो गयी है। अधिकारियों के साथ भाजपा नेताओं ने सभास्थल व हैलीपैड की व्यवस्था का जायजा लिया।

लोक सभा चुनाव के लिए भाजपा ने सांसद मुकेश राजपूत को तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है। अब भाजपा ने चुनाव प्रचार तेज भी कर दिया है। इसी चुनाव प्रचार को धार देने के लिए मुख्यमंत्री योगी का दौरा जनपद में प्रस्तावित है। जिसको लेकर सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह, एसपी विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति आदि ने बढ़पुर क्रिश्चियन कालेज मैदान में पंहुचे और उन्होंने जनसभा के साथ ही सातनपुर तालाब के किनारे हैलीपैड की जगह को देखकर आवश्यक निर्देश दिये। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा जनपद में तय हुआ है। अभी तिथि तय नहीं हुई है। लिहाजा उनकी जनसभा को लेकर जगह देखी गयी।

# शिक्षकों ने खण्ड शिक्षाधिकारी के माध्यम से महानिदेशक को भेजा ज्ञापन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**



खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**प्रदेश सरकार** की योजनाओं व उच्च अधिकारियों के आमर्यादित रवैया से त्रस्त प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को महानिदेशक के नाम ज्ञापन भेजा।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने अपने संगठन के दर्जनों पदाधिकारी के साथ खंड शिक्षा कार्यालय पर पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा को शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें शिक्षकों ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव रोकने जैसी कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा विभागीय अधिकारियों के द्वारा शिक्षकों के साथ हमारी आदत व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है, परंतु टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकार से कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत हेतु सरकारी सिम कार्ड देकर ईद के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो की नियमानुकूल नहीं है एवं शिक्षकों का उत्पीड़न है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के साथ उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल की 30 अक्टूबर 2023 एवं 9 नवंबर 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु समिति बनाई गई थी, परंतु चार माह बीत जाने के उपरांत भी शिक्षकों की किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस प्रकार शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न करके केवल शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसमें निराकरण शीघ्र करने हेतु निम्नलिखित समस्याओं का अनुरोध किया गया है। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी श्रम कार्ड उपलब्ध कराया जाए। शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों के भारत एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश प्रत्येक माह द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमान किया जाए। केंद्र शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए उपरोक्त मांगों का सही निराकरण नहीं किया जाता है, तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना देना शिक्षकों की बाध्यता होगी। जिस कारण संपूर्ण उत्तरदायित्व विभाग का होगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, ब्लॉक मंत्री सुशील कुमार तथा प्रताप नारायण, विनोद कुमार,हिमांशु, प्रभात, रामरतन, ज्ञान रतन, रामविलास, सुमित कुमार, बालकिशन राजपूत, विकास पाल, संजीव यादव, राघवेंद्र मिश्रा, सुनील पाल, शालिग्राम गंगवार सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी लुईस खुर्शीद की ईडी ने जब्त की सम्पत्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**केंद्रीय जांच** एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद की संपत्ति को जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पीएमएलए के तहत कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुइस और अन्य आरोपियों की 45.92 लाख कीमत की संपत्ति जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने यूपी के फर्रुखाबाद में 29.51 लाख रुपये और 4 बैंक अकाउंट में 16.41 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। दरअसल यह पूरा मामला डॉक्टर डाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट में घपले से जुड़ा है। ट्रस्ट के पैसे का निजी तौर पर इस्तेमाल का आरोप है। इस मामले में यूपी पुलिस ने लुईस खुर्शीद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ 17 मामलों में चार्जशीट दायर की थी। इस मामले को टेकओवर कर पीएमएलए के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# गांठ बंधन के साथ शिविर में छात्र-छात्राओं ने सीखा टेंट का निर्माण करना

**प्रशिक्षिका चमन शुक्ला ने रोवर्स/रेन्जर्स की विभिन्न गतिविधियों का दिया प्रशिक्षण**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


शविर में छात्र को जानकारी देती प्रशिक्षिका चमन शुक्ला — समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय निनौआ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में रोवर्स/रेन्जर्स प्रभारी डॉ0 अमित कुमार के साथ रोवर्स/रेन्जर्स प्रशिक्षिका चमन शुक्ला के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोवर्स/रेन्जर्स के पांच दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस का प्रशिक्षिण विधिवत् प्रारम्भ ध्वजारोहण एवं झण्डा-गीत के साथ करवाया गया। छात्र/छात्राओं को रोवर्स रेंजर्स की विभिन्न गतिविधियां के साथ-साथ कई प्रकार की गांठों के विषय में पुनः अभ्यास कराया गया। टेन्ट लगाने के लिए मुख्य रूप से किन बातों का अधिक ध्यान रखना है, टेन्ट के आस-पास सुरक्षा की दृष्टि से किन-किन बातों का महत्वपूर्ण योगदान देना होता है आदि सुविधाओं के अभाव में भोजन की कैसे व्यवस्था की जाये, इस बिन्दु पर भी छात्र/छात्राओं को गुण सिखाये गये। छात्र/छात्राओं के मध्य सहजता लाने की दृष्टि से विद्वान प्रशिक्षका ने मधुर-मधुर गीत मालाओं से सबको जोड़े रखा। पांच दिवसीय शिविर के अन्तिम दिन की सम्पूर्ण कार्य योजना भी बनाई और महाविद्यालय से ग्राम खरूआ तक जन जागरूकता हेतु पूरे जोश के साथ रैली निकाली। कार्यक्रम को समापन्न की ओर ले जाते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने सभी रोवर्स/रेन्जर्स प्रतिभागियों के साथ कार्यक्रम के समापन दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। हर्षित शर्मा, आयुष, वैभव शर्मा, सूर्यकांत, सुमित, विनय, अरुण, प्रियांशु लालू, अमित जाटव, अनिरुद्ध, सिम्मी शर्मा, शिवानी, शिखा पूजा, मुस्कान, बबली, किरण आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर रैली निकालकर विद्यार्थियों ने किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


मतदाता जागरुकता रैली निकालते बच्चे

**सदर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत स्टेट लेवल से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ संख्या 97 और 98 पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमेठी कोहना विकास क्षेत्र बढ़पुर में कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अमेठी कोहना के गांव की गलियों में मतदाताओं को जागरुक करते हुए एक भव्य रैली निकाली और सभी को लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन लता शुक्ला और सावित्री मिश्रा ने सहयोग किया। बूथ लेवल ऑफिसर गीता शाक्य और शुभनीष लता ने बताया कि विगत विधानसभा और लोकसभा चुनाव में इन मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत कम रहने का कारण इस गांव के अधिकांश निवासी रोजगार के सिलसिले में दूसरे शहरों में चले जाते हैं तथा उनका वोट यहां पर बना हुआ है। इस बार इस त्योहार होली पर जब वह अपने घरों में आएंगे तो हम लोग उनको आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में उनसे वोट का महत्व बताते हुए सरकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नारे लगाए गए, हम सब की है जिम्मेदारी, वोटिंग करें सभी नर नारी। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, लोकतंत्र का है आधार वोट ना हो कोई बेकार, लोकतंत्र है शान हमारी, जन-जन की हो भागीदारी आदि नारे लगाये।

# जेण्डर इक्विटी के अन्तर्गत पावर एंजिल सशक्तिकरण कार्यशाला सम्पन्न

**खण्ड शिक्षाधिकारी ने शिक्षकों को बांटे प्रमाण पत्र**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


प्रमाण पत्र के साथ कार्यक्रम में मौजूद अध्यापकगण

**ब्लाक संसाधन** केंद्र कायमगंज में संचालित जेण्डर इक्विटी के अन्तर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण की कार्यशाला के तृतीय एवं समापन दिवस पर समस्त प्रतिभागियों को कक्षा 6, 7 व 8 की पावर एंजिल द्वारा सत्र संचालन हेतु प्रगति के पंख नामक पुस्तिका देकर 12 सत्र संचालनों के बारे में बताया गया। ट्रेनर भारती मिश्रा ने सत्र संचालन में सुगमकर्ता की तथा पावर एंजिल की सुधा वर्मा व सुनीता चौहान के साथ मंचन किया। पावर एंजिल के नाम चिट्ठी का वाचन किया गया। स्टीरियो टाइप सोंच पर विस्तृत चर्चा की गई। समापन सत्र में खण्ड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश पाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यूनीसेफ की प्रेरणा से संचालित मीना पात्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है। निश्चित रुप से अब आधा फुल की टीम से प्रेरणा लेकर बच्चे समाज की स्टीरियो टाइप सोंच को बदलने में कामयाब होंगे। शिक्षण प्रशिक्षण बतायी गई विधियों को विद्यालय में धरातल पर अवश्य उतारे। समापन के अवसर पर समस्त प्रतिभागियों को खण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर सत्यप्रकाश, वीटू, श्याम सिंह, बृजमोहन सिंह, कल्पना शाक्य, चन्द्रकांत दुबे, शुभनेश सिंह, कमलेश राठौर, उर्वसी, राकेश कुमार, पवन कुमार, साहब सिंह, प्रवीन पाल, उदय यादव, जितेन्द्र सिंह, अनुराग पाठक, जावेद अख्तर आदि लोग मौजूद रहे।

## मीटर रीडरों ने सर्किल इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मीटर रीडरो ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही कलस्टर हेड सम्बोधित ज्ञापन भेजकर मांग की है कि सर्किल इंचार्ज द्वारा मीटर रीडरों का आर्थिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है। सर्किल इंचार्ज मयंक द्वारा मीटर रीडरों का विगत दो वर्षों से आर्थिक मानसिक शोषण हुआ है। वालेड रिचार्ज के नाम पर 5 हजार से लेकर जिसका आज तक मीटर रीडरों का आर्थिक शोषणा किया गया है। मीटर रिडरों का प्रिंटर लगभग खराब हो चुका है। निजी क्रय के साथ काम कर रहे है। वालेड बिलों का भुगतान करने का कोई पैसा हम लोगों को नहीं दिया जा रहा है। स्थानांतरण का भय दिखाकर मोटी रकम की मांग की जा रही है। सर्किल इंचार्ज से मीटर रीडर परेशान है। शीघ्र उनसे मुक्ति दिलाये जाने की मांग की है। इस मौके पर मीटर रीडर अनवर, सचिन कुमार, राजन मिश्रा, राजकुमार, शिवम, विपिन कुमार, हिमांशु, चांद मिया, विनय कुमार, राजीव कुमार, अनुपम, शकील हुसैन आदि मीटर रीडर मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर किसान नेता ने शुरु किया आमरण अनशन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


धरने पर बैठे भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट द्वारा आयोजित महापंचायत में आठवें दिन किसान नेताओं का मांगों को लेकर धरना जारी रहा। महापंचायत में किसान नेताओं ने शामिल होकर विचार रखे। जनपद स्तरीय मांगों को लेकर भाकियू नेताओं ने विचार रखे। 26 फरवरी से 14 सूत्रीय मांगों को लेकर गंगापार के धर्मपुर हरिहरपुर बदायूं मार्ग निकट आईटीआई स्कूल के मैदान में धरना जारी है। ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद से होकर निकाला जाये। गंगा एक्सप्रेस-वे को लिंक रोड से जोड़ा जाये। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाये। जनपद में आलू संबंधित चिप्स फैक्ट्री लगाई जाये। देवरामपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाया जाये। आवारा जानवरों की समस्या से किसानों को निजात दिलाई जाये। मेड़बंदी निरस्त कर प्रार्थना पत्र के आधार पर पैमाइश कराई जाये। आठवें दिन धरने में छोटे सिंह पुत्र मुलायम सिंह उम्र 70 वर्ष निवासी हरिहरपुर द्वारा आमरण अनशन कर लिया गया। पिछले दिनों अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने पहुंचकर धरने पर बैठे लोगों को आश्वासन दिया था कि वह तीन दिन के अंदर मुख्यमंत्री से वार्ता कराएंगे, किंतु नहीं कराई ना ही कोई जवाब दिया है। जिस कारण आमरण जारी कर दिया गया है और 6 मार्च को भोलेपुर क्रासिंग से टाउन हाल तक ट्रैक्टर मार्च कर आंदोलन किया जायेगा।

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने खण्ड शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद/राजेपुर, समृद्धि न्यूज


खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**प्राथमिक** शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अमित मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मांगों को लेकर खण्ड शिक्षाधिकारी राजेपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि विभाग द्वारा कराये गये टेबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराये जाये। शिक्षकों को भी कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश व प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश एवं अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाये। शिक्षकों का उत्पीड़न शीघ्र बंद किया जाये। समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है, शीघ्र समाधान हो। ऐसा न हुआ तो बेसिक शिक्षा कार्यालय व निदेशालय लखनऊ में शिक्षक धरना देने को बाध्य होंगे। महानिदेशक स्कूली शिक्षा लखनऊ व खण्ड शिक्षाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निराकरण की मांग की है। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष अमित मिश्रा, संतोष गुप्ता, रोहित कुमार सिंह, मानेन्द्र सिंह, योगेश कुमार, अनिल यादव, रामवीर सिंह, अनुराग, शिवशंकर सिंह, सतीश कटियार, हरदीप यादव, पवन कुमार, अरविन्द यादव, कुमार गौरव, नीरज शुक्ला, गौरीशंकर, संतोष वर्मा, विपिन सिंह, अमित कुमार, प्रेमनारायण, उपेन्द्र वर्मा, महेन्द्र सिंह, गौरव शाक्य, अवनीश कुमार, अभिषेक कुमार, अमित, सरोज कुमारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# डीएन कालेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



कार्यक्रम को सम्बोधित करती प्राचार्या डा0 शालिनी सिंह

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। प्रथम दिवस पर प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग व कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डा0 शालिनी एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्राचार्य डा0 मुकेश सिंह राठौर व भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 रमन प्रकाश ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। सभासद नरेन्द्र यादव ने भाग लिया। संचालन डा0 एचएसएन गुप्ता व कार्यक्रम प्रभारी डा0 प्रज्ञा ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं सार्थकता पर डा0 मुकेश सिंह राठौर ने विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य डा0 रमन प्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण पर व्यापक जानकारी दी। प्राचार्या डा0 शालिनी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तिगत विकास पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रुपरेखा से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। द्वितीय सत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया। पर्यावरण संरक्षण पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रियांशी राजपूत प्रथम, नारायण वर्मा द्वितीय, साइन्द्री चौहान व अखण्ड प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित बस्ती ग्वालटोली में पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरुकता रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में उत्साह दिखा। एनएसएस के लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के डा0 वीके तिवारी, डा0 सतेन्द्र मिश्रा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 रामनरेश सिंह, डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, प्रियांशु सिन्हा के अलावा शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## किसान महासंघ की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। किसान महासंघ हिन्दुस्तान की पंचायत बढ़पुर में आदित्य प्रताप सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आदित्य प्रताप ने की। पांच बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा ने कहा कि सड़क पर आवारा जानवर घूम रहे है। दुर्घटनायें होती है। जानमाल का नुकसान होता है। इन घटनाओं में सरकार मुआवजा दे। बिजली विभाग किसानों की समस्यायें नहीं सुन रहा है और न ही निस्तारण कर रहा है। पटेल पार्क में टंकी का पानी गंदा आ रहा है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों का वाजिब मूल्य दिया जाये, आदि मांगों को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर किसान नेता मौजूद रहे।

# फतेहगढ़ महोत्सव का शुभारम्भ आज

**तैयारी बैठक में कार्यक्रमों की दी गई जिम्मेदारियां**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बैठक को सम्बोधित करते मजहर मोहम्मद खां — समृद्धि न्यूज

**सोमवार को** फतेहगढ़ महोत्सव की तैयारी बैठक युनूस अंसारी के आवास पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन रिजवान अहमद ताज ने किया। बैठक में तैयारी को लेकर युनूस अंसारी व मजहर मोहम्मद, राजीव बाजपेयी, अल्लादीन, तौकीर अहमद खान, असलम आदि ने विचार रखे। फतेहगढ़ महोत्सव में होने वाले कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई। कवि सम्मेलन व मुशायरा की जिम्मेदारी उपकरण मणि व मोहम्मद शरीफ कुरैशी एवं राजीव बाजपेयी को सौंपी गई। फर्रुखाबाद संसद संयोजक अरशद मंसूरी को बनाया गया। महिला सम्मेलन की जिम्मेदारी रमला राठौर को दी गई। स्वागत समिति की जिम्मेदारी राघवेन्द्र मिश्रा रामू, मनोज कुमार मंजुल को दी गई। क्रास कंटरी व साइकिल रेस की जिम्मेदारी योगेश शुक्ला, सानू शुक्ला, रीतेश प्रजापति व राहुल आदि को दी गई। संचालन की जिम्मेदारी राजीव बाजपेयी, तौकी रजा खां को मिली। फतेहगढ़ महोत्सव का शुभारम्भ 5 मार्च को सुबह 7 बजे फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह, जवाहर सिंह द्वारा होगी। बैठक में खमरुल हसन, रफीकुल, शाबिर हुसैन, समीम, जाहिद खां, मजहर मोहम्मद खां, शीबू, राहुल परमार, मनोज कुमार, राघवेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने महानिदेशक को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


एआरपी को ज्ञापन सौंपते जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला मौजूद शिक्षक

**उत्तर प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर विकास खंड कायमगंज के शिक्षकों ने बीआरसी कार्यालय पर मांगों को लेकर एआरपी संदीप वर्धन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध टेबलेट में अध्ययरत्न हेतु सिम उपलब्ध करायी जाये। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्यवाही की जा रही है। साथ ही शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण कर उत्पीड़न बंद हो। शिक्षकों को भी कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश व प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश एवं अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाये। खंड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश पाल एसएनएम इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी के चलते एआरपी संदीप वर्धन को ज्ञापन लेने के लिए अधिकृत किया। इस अवसर पर जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला, विनोद गंगवार, योगेन्द्र कुमार, कुलदीप यादव, जसविंदर गंगवार, ओमदत्त शर्मा, राजवीर, प्रमोद यादव, लक्ष्मी देवी, चंद्रकांत दुबे, सत्यप्रकाश, नीरज, आकांक्षा, प्रियंका, अलका, अंजली, रुचि, मालती, शिवेश शर्मा, उपासना, कमलेश, प्रबल प्रताप, सौरभ, मनोज, अशोक, अश्विनी, विनोद, आरिफ जमाल, रहबर हुसैन, आसिम सहित शिक्षकों ने भाग लिया।

# शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते राजकुमार

**स्वीप के** अन्तर्गत शमशाबाद ब्लाक के ग्राम पंचायत अमलैया आशानंद में पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 50 प्रतिशत से कम मतदान होने के कारण इस बार स्वीप टीम प्रभारी स्काउट मास्टर राजकुमार द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया और मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। स्वीप द्वारा जन जागरुकता के तहत भारत जैसे विशाल गणतंत्र गणराज्य में लोकतंत्र की अलख जगाते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जन मानस को एकत्र कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। नारे लगाये गये मतदान के दिन जो सोयेगा पांच वर्ष रोयेगा। जब होगा शत-प्रतिशत मतदान तभी बनेगा देश महान। साथ ही मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रदीप गंगवार, एसएमससी अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रेम सागर, अमीन साहब, संजीव कुमार, हरीश कुमार, अतुल कुमार, अभिषक कुमार, निशा, सरला, वसंती, उपासना, कुंतीदेवी, पिंकी, रंजीत, विशुनदयाल, सुग्रीव, आकांक्षा श्रीवास्तव, हिमांशी, काजल, माया, सविता, गौरी, रुचि, इंद्रेश, भावना, शशि, नेहा, ध्रुव, प्रशांत, शिवेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे। धन्यवाद राजकुमार ज्ञापित किया।

**प्रतियोगिता** — ठा0 सर्वेन्द्र सिंह व एएसपी और नगर मजिस्ट्रेट ने खिलाड़ियों को दी बधाई

# विजेता कराटे खिलाड़ियों को शील्ड देकर किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



प्रमाण पत्र व शील्ड के साथ कराटे खिलाड़ी व अतिथिगण

**समाजसेवी व** पुष्कर कराटे अकादमी के संरक्षक ठाकुर सर्वेन्द्र सिंह के निवास पर नेशनल प्रतियोगिता जीतकर आये खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। धारमपुर स्थित आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंशल ने खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक सेंसई पारस भारद्वाज ने अतिथियों को भी सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वस उनका उत्साहवर्धन होना चाहिए। जिससे उनका मनोबल बढ़े। बनारस में हुई हिन्दू विश्व विद्यालय में नेशनल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिन्हे सोमवार को सर्वेन्द्र सिंह के द्वारा उन्हे सम्मानित किया गया। साथ ही कलर बेल्ट प्रतियोगिता पास करने वाले आयुष वर्मा ऑरेंज बेल्ट, निष्ठा मल्होत्रा ऑरेंज बेल्ट, उमंग ब्राउन तृतीय, पाखी ब्लू, चेतन ग्रीन, अभ्या पर्पल, अनमोल येलो, आदित्य ग्रीन, दीक्षा ग्रीन, शौर्य ग्रीन, ऋतिक ऑरेंज, सुंदरम ऑरेंज, रिद्धि ग्रीन प्रथम, वैष्णवी ग्रीन प्रथम बेल्ट प्रतियोगिता में प्राप्त की। पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने कहा कि किसी भी टीचर के लिए बहुत गर्व की बात होती है। जब उसके स्टूडेंट्स तरक्की करते हैं। क्यूंकि जब कोई छात्र मेहनत करता है तब उसके स्थान जुड़े हुऐ सभी का नाम होता है। ठा0 सर्वेन्द्र सिंह ने कहा कि यह वास्तविक तरक्की इनके कोच है जो इनके पीछे इतनी मेहनत करते है वह भी बधाई के पात्र है। इस मौके पर सोनू ठाकुर, लालजी सक्सेना, शिवांगी मिश्रा, सतीश तिवारी, मनीश वर्मा, सुधीर कुशवाहा, पप्पी गुप्ता, पुष्कर भारद्वाज, योगेंदर शर्मा, अरविन्द कुमार मौजूद रहे।

# इस बार हाइब्रिड होगा नौसेना कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन

**आईएनएस विक्रांत व विक्रमादित्य पर होगी कमांडरों की कॉन्फ्रेंस**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नौसेना के कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन 05 मार्च से हाइब्रिड प्रारूप में शुरू होगा। यह कमांडर कॉन्फ्रेंस विमानवाहक पोतों आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर होगी। सम्मेलन का पहला चरण समुद्र में होगा, जिसके उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री दोनों विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे, जो भारतीय नौसेना की 'ट्विन कैरियर ऑपरेशंस' संचालित करने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाला यह सम्मेलन नौसेना कमांडरों के लिए समुद्री सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक गतिविधियों, परिचालन एवं प्रशासनिक मामलों पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से एक मंच के रूप में कार्य करता है। यह सम्मेलन उभरती हुई भू-राजनीतिक परिस्थितियों, आंचलिक चुनौतियों और मौजूदा अस्थिर समुद्री सुरक्षा स्थिति की पृष्ठभूमि में होगा। यह कमांडर कॉन्फ्रेंस भारतीय नौसेना के भविष्य की कार्यप्रणाली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ व भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के प्रमुख नौसेना कमांडरों के साथ सामान्य राष्ट्रीय सुरक्षा माहौल सुनिश्चित रखने में तीनों सेनाओं के सम्मेलन पर चर्चा करेंगे। वे देश में तथा भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और तत्परता बढ़ाने के अन्य उपाय भी ढूंढेंगे। उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री दोनों विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे। दरअसल, पिछले छह महीनों में इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण हिंद प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव देखे गए हैं। व्यापारिक जहाजों पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के साथ-साथ समुद्री डकैती की घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। भारतीय नौसेना ने इन उभरते खतरों का अपने सामर्थ्य एवं संकल्प के साथ करारा जवाब दिया है और क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। इसी के मद्देनजर नौसेना कमांडरों का यह सम्मेलन तेजी से परिवर्तित हो रहे समुद्री माहौल के बीच नौसेना के भविष्य की दिशा तय करने के लिए एक निर्णायक भूमिका निभाएगा। यह सम्मेलन रणनीतिक स्पष्टता, परिचालन उत्कृष्टता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देकर भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने तथा क्षेत्र में एक जिम्मेदार समुद्री ताकत के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए नौसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### हथियारों के आयात पर निर्भरता हो सकती है घातक : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश हथियारों या प्लेटफार्मों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि यह रणनीतिक रूप से घातक हो सकता है और मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढाने के लिए अनेक कदम उठा रही है। श्री सिंह ने सोमवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान उद्योग जगत , उद्यमियों, इनोवेटर्स और नीति निर्माताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आत्मनिर्भरता के बिना, भारत वैश्विक मुद्दों पर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकता है। रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रखी जा सकती है जब हथियार और उपकरण हमारे अपने लोगों द्वारा भारत में बनाए जाएं। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और परिणाम सकारात्मक हैं।

# चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को सक्षम बनाएगा इनोवेटिव डिग्री प्रोग्राम

**कॉलेज देखो और हिमगिरि जी यूनिवर्सिटी ने साइन किया एमओयू**

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** कॉलेज देखो और हिमगिरि जी यूनिवर्सिटी ने छात्रों को नए युग के कौशल से लैस करने के उद्देश्य से डिजाइन किए गए अग्रणी इनोवेटिव डिग्री प्रोग्राम शुरू करने के लिए एमओयू साइन किया है। एमओयू के तहत छात्र अब अंतरराष्ट्रीय संबंध, रेस्तरां प्रबंधन व डिजिटल पत्रकारिता में बैचलर ऑफ आर्ट्स कार्यक्रमों के साथ एनीमेशन में बैचलर ऑफ साइंस कार्यक्रमों में दाखिला ले सकेंगे।

इमेजिन एक्सपी के प्रमुख हस्ताक्षरकर्ताओं में एलायंस और पार्टनरशिप प्रमुख कृष्ण माथुर, मार्केटिंग प्रमुख गजेंद्र सिंह निर्वाण और सेल्स प्रमुख गुरु सिमरन शामिल हैं। हिमगिरी जी विवि के चांसलर डॉ. मोहम्मद इरफान खान, वाइस चांसलर डॉ. बीएस नागेंद्र पाराशर और डीन स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के डॉ. वीणा हाड़ा हस्ताक्षरकर्ता थे। इमेजिन एक्सपी की विशेषज्ञता के साथ इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को समग्र परामर्श और व्यावहारिक ज्ञान देने का अवसर प्रदान करना है, जो छात्रों को न्यू-एज डिग्री प्रोग्राम के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों से निपटने व एक सुरक्षित करियर बनाने में सक्षम बनाएगा।

## सिंधिया ने किया स्टेनलेस स्टील सेक्टर में पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का उद्घाटन, कहा

# हरित नेता के रूप में उभर रहा भारत

**मिशन वित्त वर्ष 2029-30 तक 500 करोड़ इस्पात क्षेत्र की पायलट परियोजनाओं पर खर्च करने का प्रावधान**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने आज एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत के इस्पात उद्योग को बदल रहा है और भारत हरित नेता के रूप में उभर रहा है।

ज्योतिरादित्य जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड, हिसार में स्थित स्टेनलेस स्टील सेक्टर में भारत के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का वर्चुअली उद्घाटन कर रहे थे। इस मौके पर इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल और हाइजेन-को के संस्थापक अमित बंसल और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य ने कहा, एक सरकार के रूप में हम 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कंपनियों, नागरिकों और राज्य सरकारों को हरित विकास और हरित नौकरियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन 20,000 करोड़ के परिव्यय के साथ लांच किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और उसके डेरिवेटिव के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना था। मिशन वित्त वर्ष 2029-30 तक लगभग 500 करोड़ इस्पात क्षेत्र की पायलट परियोजनाओं पर खर्च करने का प्रावधान है।

देश के पहले दीर्घकालिक ऑफ-टेक ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र के चालू होने के लिए हाइजेन-को और जिंदल स्टेनलेस को बधाई देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह परियोजना न केवल सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है बल्कि जिम्मेदार औद्योगिक प्रथाओं की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए मूल्यवान रोजगार के अवसर भी पैदा करती है।

### जम्मू-कश्मीर में भाजपा अपने दम पर लड़ेगी लोस चुनाव



**श्रीनगर।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए किसी भी चुनाव पूर्व गठबंधन से इनकार करते हुए जम्मू-कश्मीर भाजपा प्रमुख रविंदर रैना ने सोमवार को कहा कि पार्टी को चुनाव बाद गठबंधन की भी आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि वह चुनावों में बड़ी जीत हासिल करेगी। रैना ने जम्मू में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर की सभी पांच सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हम अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। जब चुनाव आयोग जम्मू-कश्मीर के लिए विधानसभा चुनाव की घोषणा करेगा तो हम अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि हम दोनों चुनाव जीतेंगे, क्योंकि भाजपा को जम्मू-कश्मीर के लोगों से प्यार मिल रहा है। रैना ने कहा कि भाजपा को भरोसा है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 मार्च को श्रीनगर में एक सार्वजनिक रैली के लिए आएंगे तो जम्मू-कश्मीर के लोग उनके प्रति अपना प्यार दिखाएंगे। उन्होंने दावा किया कि बख्शी स्टेडियम में दो लाख से ज्यादा लोग रैली में हिस्सा लेंगे रैना ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के कश्मीर आगमन से बाढ़ पीड़ितों को आशा की किरण मिली थी। उन्होंने 80,000 करोड़ रुपये के विकास पैकेज की घोषणा की, जिससे कश्मीर समस्याओं से बाहर निकलने में सक्षम रहा। मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के लिए उदारतापूर्वक धन आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर समृद्ध और शांतिपूर्ण दौर से गुजर रहा है।

### अमित शाह नौ को करेंगे बिहार में चुनाव का शंखनाद

**पटना।** बिहार में एनडीए सरकार का गठन हुए अभी एक माह का ही समय गुजारा है कि भाजपा के दिग्गज नेताओं का दौरा शुरू हो चुका है। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह नौ मार्च को पटना जिले के पालीगंज आएंगे। वे यहां लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। वे अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित कृषि फॉर्म के मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। एनडीए सरकार बनने के बाद वे पहली बार बिहार आ रहे हैं। रैली की तैयारी भाजपा ने शुरू कर दी है। इस रैली में एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य है।

इससे पहले 2 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी चुनावी शंखनाद कर चुके हैं। उन्होंने औरंगाबाद और बेगूसराय में 48,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नाम लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधा था। कहा था कि नौकरी के नाम पर युवाओं की जमीन कब्जा ली। साथ ही कांग्रेस और राजद पर परिवारवाद का आरोप लगाया था। इससे पहले शाह जब बिहार दौरे कर आए थे तो यहां महागठबंधन की सरकार थी और नीतीश कुमार इंडी अलायंस के सहयोगी थे। अब बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है।

# रिश्तखोरी संसदीय विशेषाधिकार के रूप में संरक्षित नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 1998 के पीवी नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले को पलटते हुए कहा कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह सर्वसम्मत फैसला दिया।

पीठ ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त एक सदस्य एक आपराधिक कृत्य में शामिल होता है। सात सदस्यीय पीठ ने कहा, हम मानते हैं कि रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकारों द्वारा संरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय प्रणाली के कामकाज को नष्ट कर देती है। पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले से 1998 के जेएमएम रिश्वत मामले के नाम से चर्चित मामले में शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के बहुमत के फैसले से असहमति जताई। पीठ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में वोट देने के लिए रिश्वत लेने वाले विधायक पर भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।



### सुप्रीम कोर्ट ने की तमिलनाडु के मंत्री स्टालिन की खिंचाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की उनके कथित तौर पर सनातन धर्म विरोधी बयान के खिलाफ विभिन्न राज्यों में दर्ज मुकदमों को एक जगह करने का निर्देश देने की उनकी याचिका पर सुनवाई के दौरान सोमवार को खिंचाई की और कहा कि एक मंत्री के रूप में उन्हें परिणामों के बारे में पता होना चाहिए था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू से कड़ा रुख अपनाते हुए श्री स्टालिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी से मौखिक रूप से कहा कि उन्हें राहत के लिए संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए। पीठ ने हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी के विभिन्न मामलों में अदालत के रुख का हवाला देते हुए राहत की गुहार के बाद याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई के लिए सहमति जताई।

### दिल्ली सरकार ने राम-राज्य थीम पर पेश किया 76 हजार करोड़ का बजट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने नए वित्त वर्ष के लिए 'राम-राज्य की थीम पर बजट पेश कर दिल्ली को समृद्ध बनाने की अपनी दूरदर्शी सोच को बयां किया है। दिल्ली विधानसभा में पहली बार आतिशी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह गत वर्ष के मुकाबले 2,800 करोड़ कम है। वित्त मंत्री आतिशी ने अपने बजट भाषण में रामचरितमानस की चौपाइयों से शुरुआत कर अलग-अलग मदों में बजट के आवंटन और नई घोषणाओं का ऐलान किया। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में पहले की तरह सबसे अधिक प्रावधान किया गया, लेकिन बीते वर्ष के मुकाबले कम है। वहीं बिजली, पानी, परिवहन मद में बीते वर्षों की तरह दिल्ली सरकार द्वारा दी जाने वाली रियायत जारी रहेगी दिल्ली सरकार ने पहली बार बजट में दिल्ली में हर महिला को एक हजार रुपये देने का ऐलान किया है।

# सीएम नीतीश ने राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र (एनडीआरसी) का उद्घाटन किया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने उद्घाटन के बाद संवाददाताओं से कहा, एनडीआरसी गंगा डॉल्फ़िन के अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं के लिए एक संग्रहण स्थल के रूप में काम करेगा। यह केंद्र डॉल्फिन के व्यवहार को समझने और अनुसंधान करने के लिए एक मंच प्रदान करने के साथ गंगा डॉल्फिन संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा।

इस अवसर पर विभाग की सचिव बंदना प्रेयशी ने कहा कि एनडीआरसी जो पटना में गंगा नदी के किनारे स्थित है, न केवल भारत में बल्कि पूरे एशिया में अपनी तरह का पहला केंद्र है। प्रेयशी ने कहा, एनडीआरसी का



लक्ष्य डॉल्फिन अनुसंधान के लिए एक व्यापक सुविधा के रूप में काम करना है, जिसमें एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। शोधकर्ता उनके प्राकृतिक आवास में डॉल्फिन के व्यवहार के विभिन्न पहलुओं पर गौर करेंगे, उनके भोजन की आदतों और बदलते परिवेश में अनुकूलन जैसे कारकों का अध्ययन करेंगे।

इसके अलावा, केंद्र मछुआरों को मछली पकड़ने की गतिविधियों के दौरान अनजाने में डॉल्फिन को नुकसान पहुंचाने से बचने के तरीकों पर प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### इसरो चीफ सोमनाथ को कैंसर, साक्षात्कार में पुष्टि

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान प्रमुख एस सोमनाथ (60) को कैंसर होने का पता चला है। सोमनाथ ने एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में इस बात को कन्फर्म किया है। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग (23 अगस्त) के समय से स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशानियां आ रही थीं। हालांकि उस समय कुछ भी क्लियर नहीं था। मुझे भी इसे (कैंसर) लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। इसरो चीफ ने ये भी कहा कि आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग (2 सितंबर) के दिन हेल्थ इश्यूज के चलते चेकअप के लिए गया तो स्कैन में पेट में कैंसर कोशिकाओं में ग्रोथ का पता चला। सोमनाथ का ऑपरेशन हो चुका है। कीमोथेरेपी भी हुई। एस सोमनाथ के कार्यकाल में इसरो ने इतिहास रचा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान ने न केवल चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक चंद्रयान-3 की लैंडिंग कराई, बल्कि धरती से 15 लाख किमी दूर स्थित लैगरेंज पॉइंट पर सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य-एल1 लॉन्च किया।

# फैमिलीकेयर कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड ने रूबीना को बनाया ब्रांड एंबेसडर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** फैमिलीकेयर कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड ने प्रसिद्ध सेलिब्रिटी रूबीना दिलैक को अपने बेबी केयर ब्रांड बमटम का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा करते हुए खुशी जाहिर की है। यह एसोसिएशन पैरेंटहुड का जश्न मनाने और शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए टॉप-क्वालिटी वाले चाइल्डकेयर को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अपने बच्चों को बेस्ट केयर देने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, रूबीना दिलैक देशभर में नई मदर्स के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उनकी सोच बमटम के बुनियादी संस्कारों के काफी करीब हैं, और इसलिए वे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए सही पसंद हैं। बमटम के पास उत्पादों की एक विस्तृत रेंज है जिसमें 0 से 5 वर्ष की उम्र के छोटे बच्चों की तमाम जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इस एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए, फैमिलीकेयर कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर मयंक बेरिया, चिराग बेरिया और नीलिमा बेरिया ने अपना उत्साह जताया और कहा कि हम अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में बमटम परिवार में रूबीना दिलैक का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। पैरेंटिंग और पालन-पोषण के बारे में रूबीना की सोच हमारी ब्रांड फिलॉसफी के साथ मेल खाती है। रूबीना दिलैक ने कहा कि मैं बमटम के साथ उनके ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़कर रोमांचित हूं। पेरेंटहुड की यात्रा में देखभाल और जिम्मेदारी शामिल होती है, और इन मूल्यों को साझा करने वाले ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए मैं उत्साहित हूं।




## खबरें एक नजर में

### तेलंगाना में कार के पेड़ से टकराने से पांच लोगों की मौत

**वानापर्थी।** तेलंगाना में वानापर्थी जिले के कोथाकोटा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के एक कार के पेड़ से टकरा जाने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब कर्नाटक के बल्लारी से हैदराबाद जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे से पेड़ से टकराकर पलट गयी। घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर पदों पर भाजपा जीती

**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर बनाने वाले आईएनडीआईए गठबंधन को सीनियर डिप्टी मेयर तथा डिप्टी मेयर के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। सोमवार को हुए चुनाव के दौरान भाजपा के प्रत्याशी कुलजीत संधू तीन वोट से सीनियर डिप्टी मेयर चुनाव जीत गए। उन्हें 19 और आप-कांग्रेस उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गावी को 16 वोट मिले, जबकि गठबंधन का एक वोट अवैध हो गया। डिप्टी मेयर पद पर भाजपा के प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को 2 वोट से जीत मिली। राजेंद्र को 19 और आप-कांग्रेस उम्मीदवार निर्मला देवी को 17 वोट मिले। इस चुनाव के लिए मेयर कुलदीप कुमार को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। कुलदीप आम आदमी पार्टी पार्षद हैं, लेकिन कांग्रेस की मदद से ही मेयर बने हैं।

### रामबन में सड़क हादसा, चार लोगों की मौत, तीन घायल

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के पोगल के मालीगाम इलाके में सोमवार को यात्री वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मालीगाम से उखरॉल तहसील मुख्यालय की ओर जा रही एक कैब लिंक रोड पर फिसलन की स्थिति के कारण चफखानी मालीगाम के पास खाई में गिर गई। स्थानीय लोगों ने सूचना मिलते ही बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने चार शव बाहर निकाले। तीन घायलों को पीएचसी उखरॉल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान अब्दुल वाहिद बाली, अनायातुल्ला, मोहम्मद अयूब बाली और ड्राइवर सज्जाद अहमद (सभी पोगल निवासी) के रूप में हुई है।

# दंगाइयों से होगी निजी, सरकारी संपत्ति क्षति की वसूली

## धामी सरकार के देश के सबसे कठोर दंगारोधी कानून पर मंत्रिमंडल की मुहर

**क्षतिग्रस्त संपत्ति की भरपाई के अलावा 8 लाख तक का जुर्माना व दंगा नियंत्रण पर सरकारी अमले का खर्चा भी भरेगा**

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** देवभूमि में धामी सरकार कड़े और बड़े फैसलों से नित नई इबारत लिख रही है। दंगारोधी यानी दंगे के दौरान होने वाले संपूर्ण नुकसान की भरपाई को देश के सबसे कठोर (अध्यादेश) कानून को मंजूरी दे दी है। इस कानून के तहत अब निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर दंगाइयों से क्षति की पूरी वसूली की जाएगी।

इसके अलावा 8 लाख तक का बड़ा जुर्माना और दंगा नियंत्रण में सरकारी अमले और अन्य कार्य पर आने वाले खर्चे की भरपाई भी की जाएगी। आज मंत्रिमंडल ने इस



कानून को मंजूरी देकर राज्यपाल की स्वीकृति को भेज दिया है।

देश का सबसे बड़ा नकलरोधी कानून लागू करने तथा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी देने के बाद आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट ने दंगा रोकने, दंगाइयों से निपटने को उत्तराखंड लोक (सरकारी) और निजी संपत्ति क्षति वसूली (अध्यादेश) कानून 2024 पर मुहर लगा दी है। इस कानून से राज्य में दंगा, फसाद, हड़ताल, बंद जैसे उपद्रव और अशांति के दौरान निजी और लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले अब बच नहीं पाएंगे। कानून के मुताबिक क्षति पर संपत्ति के नुकसान की वसूली के साथ कड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी।

खासकर सरकारी, निजी संपत्ति के नुकसान की भरपाई के अलावा दंगे के दौरान किसी के अंग-भंग करने पर भी इलाज का पूरा खर्चा दंगाई से वसूला जाएगा। इसके अलावा दंगा नियंत्रण को पुलिस, प्रशासन या अन्य एजेंसियों पर दंगे के दौरान होने वाले पूरे खर्चे की वसूली भी की जाएगी।

सरकार ने अन्य सजा और कार्रवाई के साथ दंगाइयों पर इस कानून से 8 लाख तक का जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया है। दंगाइयों से सख्ती से निपटने को सरकार ने विधिवत दावा अधिकरण (क्लेम ट्रिब्यूनल) गठित करने को भी मंजूरी दे दी है। ताकि कानून लागू होते ही अधिकरण के माध्यम से दंगाइयों पर कड़ी नकेल कसी जा सके।

### संविधान में दी गई यह व्यवस्था

सरकार ने कैबिनेट में इस कानून को मंजूरी के बाद राज्यपाल की स्वीकृति को भेज दिया है। चूंकि वर्तमान में राज्य विधानमंडल सत्र नहीं चल रहा है, ऐसे में भारत का संविधान के अनुच्छेद 213 के खंड 1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राज्यपाल को इस कानून को राज्य में लागू करने के अधिकार प्राप्त हैं। राज्यपाल की मंजूरी के बाद राज्य में धामी सरकार का तीसरा बड़ा निर्णय और कानून उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति वसूली अध्यादेश 2024 राज्य में लागू हो जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि देवभूमि में कानून व्यवस्था और स्वरूप को बिगाड़ने की किसी को भी छूट नहीं है। कानून तोड़ने वालों को कड़ी सजा दी जाएगी। हमने दंगाइयों से निपटने को सख्त कानून को मंजूरी दे दी है। दंगाइयों को सजा भी दी जाएगी और नुकसान की पूरी भरपाई कराई जाएगी। इस कानून का राज्य में कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

### क्लेम ट्रिब्यूनल को कार्रवाई के अधिकार को मंजूरी

सरकार ने दंगाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सरकार ने विधिवत दावा अधिकरण (क्लेम ट्रिब्यूनल) को भी मंजूरी दे दी है। इसी ट्रिब्यूनल के तहत दंगाइयों और उनके परिजनों , संपत्ति आदि से नुकसान की भरपाई की जाएगी। इसके लिए एडीएम श्रेणी के अधिकारी को दावा आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि दावा अधिकरण में रिटायर्ड जज के अलावा अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है।

### महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से ध्यान भटका रही केंद्र सरकार : राहुल

**शिवपुरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए आज कहा कि देश में महंगायी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे तीन प्रमुख मुद्दे हैं, लेकिन इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, लोगों का ध्यान इन मुद्दों से भटकाने का काम किया जा रहा है। श्री गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान यहां अपने संबोधन में कहा कि आज देश में तीन प्रमुख मुद्दे हैं, बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार, लेकिन इन मुद्दों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन मुद्दों से ध्यान हटाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) लागू करके गरीबों की जेब से ज्यादा पैसा निकाला जा रहा है जबकि अमीरों की जेब से बहुत कम राशि निकलती है। इसी प्रकार से जरूरतमंदों को पर्याप्त नौकरियां भी नहीं मिल पा रही हैं एवं सेना में भी अग्निवीरों की भर्ती की जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री गांधी ने कहा कि इन सब मुद्दों की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। श्री गांधी ने आज शिवपुरी में रोड शो किया।

# गीतांजलि ने एंबिएंस मॉल में लॉन्च किया अपना अल्ट्रा-लक्जरी सैलून

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी हाई-स्ट्रीट ब्यूटी डेस्टिनेशन, गीतांजलि सैलून - जिसकी पूरे भारत में 170 से अधिक सैलून की श्रृंखला है, उन्होंने एंबिएंस मॉल, वसंत कुंज में बड़े परिसर के साथ अपने अल्ट्रा-लक्जरी आउटलेट का अनावरण किया। प्रबंध निदेशक और सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट, सुमित इसरानी ने कहा, हम एंबिएंस मॉल, वसंत कुंज में अपने नए और बेहतर गीतांजलि सैलून के लॉन्च की घोषणा करते हुए बहुत रोमांचित हैं। 4,000 वर्ग फुट में फैला सैलून अब ऊंचे और विस्तारित अंदरूनी हिस्सों के साथ पेश किया गया है।

पिछले 35 वर्षों में, गीतांजलि सैलून हमेशा पेशेवर सुंदरता में अग्रणी रहा है, चाहे वह बालों का रंग हो, बालों की और त्वचा की देखभाल हो। हम अनुकूलन में विश्वास करते हैं और ग्राहकों को सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाएँ और उत्पाद प्रदान करना जारी रखेंगे।




उद्घाटन समारोह का नेतृत्व करने वाले कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल है। इस अवसर पर, देओल ने कहा, मुझे गीतांजलि सैलून की यात्रा का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है क्योंकि वे सौंदर्य उद्योग में विलासिता और उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करते हैं। एंबिएंस मॉल में पुनर्निर्मित आउटलेट वास्तव में प्रभावशाली है, और मुझे विश्वास है कि यह उम्मीदों से बेहतर बना रहेगा। लॉन्च कार्यक्रम में मनोरंजन, फैशन और सामाजिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। फैशन डिजाइनर और उद्यमी नित्या बिड़ला ने लाइफस्टाइल व लक्जरी इन्फ्लुएंसर श्वेतजी और तनीषा पुरी के साथ मिलकर इस कार्यक्रम की सह-मेजबानी की।